CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 08°C

नई दिल्ली, गुरुवार 19 मार्च 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 346 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 29 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नवनिर्माण के नौ वर्ष: 'डबल इंजन' से बदली उप्र की पहचान: योगी पेज 2



मेहंदी हसन मिराज ने वनडे और मिचेल सैंटनर ने टी-20 रैंकिंग में लगाई बड़ी छलांग खेल टाइम्स



अमेरिका-ईरान युद्ध का भारत पर प्रभाव सम्पादकीय



कांग्रेस के सामने पेश होंगे शीर्ष अमेरिकी अधिकारी पेज 12

# ईरान ने इजरायल पर तेज किए जवाबी हमले, तेल अवीव में भारी नुकसान

**तेहरान/तेल अवीव/कैनबरा।** ईरान ने बुधवार को इजरायल पर ताजा हमले करते हुए अपने शीर्ष नेताओं की हत्या का बदला लेने की घोषणा की है। तड़के तेल अवीव और यरुशलम में प्रत्यक्षदर्शियों ने आकाश में चमक देखे जाने की सूचना दी, जिनमें तेल अवीव के ऊपर क्लस्टर म्युनिशन मिसाइल जैसा दृश्य भी शामिल था।

तेल अवीव के कई इलाकों में गिरते मलबे से भारी नुकसान हुआ, जिसके बाद बम निरोधक दस्तों और आपातकालीन सेवाओं को तैनात किया गया। इससे पहले बुधवार को मध्य इजरायल में मिसाइल के छर्रों से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तेल अवीव के उत्तर में स्थित ब्नेई ब्राक शहर में एक अन्य व्यक्ति घायल हुआ। आपातकालीन सेवाओं के हवाले से यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों में दी गई है। ईरानी सेना ने कहा कि उसने इजरायल के खिलाफ तीव्र हमले किए हैं। एक कमांडर ने इस कार्रवाई को तेज रफ्तार हमला बताया। ईरान की अर्द्ध-आधिकारिक तस्नीम समाचार एजेंसी ने ऐसे वीडियो प्रसारित किए, जिनमें तेल अवीव की ओर दागी गई मिसाइलें दिखाई गईं। इनमें खोर्रमशहर-4 मिसाइल भी शामिल बताई गई है, जिसे विशेषज्ञ 80 तक छोटे बम ले जाने में सक्षम -शेष पृष्ठ दो पर



- ईरानी सुप्रीम नेता मुजतबा खामेनेई ने कहा: लारीजानी की हत्या का लेंगे बदला
- ईरानी हमले में संयुक्त अरब अमीरात में ऑस्ट्रेलियाई सैन्य ठिकाना निशाना बना

## इजरायल का दावा: ईरान के खुफिया मंत्री खतीब मारे गए

**तेल अवीव।** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने दावा किया है कि ईरान की राजधानी तेहरान में रात भर किए गए इजरायली हवाई हमले में ईरानी खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब मारे गए हैं। इजरायली अखबार टाइम्स ऑफ इजरायल ने यह जानकारी दी है। रक्षा मंत्री ने एक सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान यह भी संकेत दिया कि मंगलवार को सभी मोर्चों पर चौंकाने वाली जानकारी मिल सकती है। रक्षा मंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, श्री काट्ज ने कहा कि ईरान और लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ चलाए जा रहे युद्ध की तीव्रता बढ़ाई जा रही है। उन्होंने पुष्टि की कि रात के समय किए गए हमलों में ईरानी खुफिया मंत्री खतीब को मार दिया गया है।

## पीएम मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस से की बात, क्षेत्र में शांति और होर्मुज पर चर्चा हुई


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बातचीत की। इस दौरान पीएम मोदी ने ईद के लिए अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की बदलती स्थिति पर अपने विचार साझा किए। हाल के घटनाक्रमों पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। पीएम मोदी ने कहा कि हमने पश्चिम एशिया में बदली स्थिति पर विचार-विमर्श किया और हाल के घटनाक्रमों पर चिंता जताई। हमने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की निंदा को दोहराया। होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर राजनयिक संपर्क जरूरी है।

## सऊदी में नहीं दिखा चांद, भारत में 21 को मनेगी ईद

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब में बुधवार को शव्वाल का चांद नहीं देखा गया है, इसलिए वहां गुरुवार (आज) नहीं, बल्कि 20 मार्च को ईद मनाई जाएगी। दरअसल, सऊदी में चांद दिखने के आधार पर ही भारत में ईद की संभावित तारीख तय होती है। अगर सऊदी में बुधवार को चांद दिख जाता, तो वहां गुरुवार को ईद मनाई जाती। इसके बाद भारत में भी ईद की तारीख भी तय हो जाती। मगर वहां बुधवार को शव्वाल का चांद नहीं देखा गया है। इसका मतलब ये हुआ कि सऊदी में गुरुवार (आज) ईद नहीं मनाई जाएगी।

## 29वां रोज़ा

### दुआ का पैगाम देता है माहे रमज़ान का आखिरी दिन



आज उन्तीसवां रोज़ा है। अगर ईद का चांद आज शाम को नज़र आता है, तो माहे-रमज़ान के आखिरी अशरे यानी दोजख से निजात के अशरे का यह आखिरी रोज़ा होगा, लेकिन आज चांद नजर नहीं आता है, तो इंशाअल्लाह कल तीसवां और आखिरी रोज़ा होगा यानी सवाब का एक और दिन। उन्तीसवां रोज़ा रमज़ान की रुखसत के इशारे के साथ रोज़ेदारों और नेक बंदों से अल्लाह पर ईमान के साथ दुआ का पैगाम दे रहा है। माहे-रमज़ान में रोज़े रखते हुए तिलावते कुरआन करते हुए इबादत करते हुए अनजाने में जो भूलें या गलतियां हुई हैं, रोज़ेदार की किसी बात से किसी का दिल दुख गया हो। फर्ज में कोई कमी रह गई हो, न चाहते हुए भी यानी जब्त करने के बाद भी गुस्सा आ गया हो, वादाखिलाफी हो गई हो। अनजाने ही कोई कोताही हो गई हो, तो तौबा-ए-अस्तगफार करके अल्लाह से अपने मां-बाप, मुल्क और दुनिया की भलाई के लिए कसरत से दुआ मांगनी चाहिए।

# राज्यों को 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा एलपीजी कोटा मिलेगा

## सरकार ने माना: एलपीजी की किल्लत जारी, मोदी-पेट्रोलियम मंत्री के बीच 2 घंटे चली बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** ईरान-इजरायल जंग के बीच भारत में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत बनी हुई है। इसी बीच केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि राज्यों को 10 प्रतिशत ज्यादा एलपीजी कोटा देने का आफर दिया गया है। साथ ही राज्यों से धीरे-धीरे एलपीजी की जगह पीएनजी अपनाने में मदद करने को कहा गया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू एलपीजी उत्पादन 40 प्रतिशत बढ़ा है, लेकिन हालात पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं। एलपीजी की दिक्कत अभी भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग बेहतर हुई है, लेकिन डिस्ट्रीब्यूटर के यहां अभी भी लंबी लाइनें लग रही हैं। वहीं कच्चे तेल-गैस की सप्लाई को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संसद भवन में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बैठक की। इसमें कच्चे तेल और गैस की उपलब्धता, उनके इम्पोर्ट और संभावित संकट से निपटने की रणनीति पर चर्चा की गई। करीब 2 घंटे चली बैठक में सरकार ने अपने आपातकालीन तेल भंडार -शेष पृष्ठ दो पर



- केंद्र सरकार ने राज्यों से धीरे-धीरे एलपीजी की जगह पीएनजी अपनाने में मदद करने को कहा

## यूएई से 81 हजार टन कच्चा तेल लेकर गुजरात पहुंचा भारतीय टैंकर

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से करीब 81 हजार टन कच्चा तेल लेकर एक भारतीय टैंकर 'जग लाडकी' बुधवार को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंचा। बंदरगाह की संचालक कंपनी अडानी पोर्ट्स ने बताया कि 274.19 मीटर की लंबाई वाले और 50.04 मीटर चौड़े हल वाले इस टैंकर में 80,886 टन कच्चा तेल लाया गया है। यह यूएई के फुजैरा बंदरगाह से तेल भरकर रवाना हुआ था। अडानी पोर्ट्स ने कहा है कि इस खेप से बड़ी तेल शोधन कंपनियों को आपूर्ति जारी रखने में मदद मिलेगी जो पश्चिम एशिया में जारी व्यवधान के बीच देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में मुंद्रा बंदरगाह की भूमिका को उजागर करता है। उल्लेखनीय है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई तथा ईरान द्वारा जवाबी हमले से पश्चिम एशिया से और पश्चिम एशिया के रास्ते आने वाली आपूर्ति प्रभावित हुई है।

## भारत ने जंग के बीच ईरान को मेडिकल मदद भेजी

**तेहरान।** इजरायल-अमेरिका और ईरान जंग के बीच भारत ने ईरान को मेडिकल सहायता की पहली खेप भेजी है। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, यह खेप ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी को सौंपी गई, जिसमें जरूरी दवाइयां और मेडिकल सप्लाई शामिल हैं। भारत में ईरान के दूतावास ने इस सहायता के लिए भारतीय लोगों का आभार जताया। दूतावास ने कहा कि यह मदद सफलतापूर्वक पहुंचा दी गई है और इसे भारत के लोगों की ओर से मिला सहयोग बताया।

# दिल्ली में चार मंजिला इमारत में लगी आग, नौ लोगों की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पालम स्थित साध नगर में एक रिहायशी 4 मंजिला बिल्डिंग में बुधवार सुबह करीब 7 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 3 नाबालिग लड़कियां शामिल हैं। 2 लोगों ने जान बचाने के लिए बिल्डिंग से छलांग लगा दी। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं।

करीब 30 फायर ब्रिगेड मौके पर मौजूद हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और तेजी से फैल गई। इमारत में उस समय 10-15 लोग मौजूद थे। इनमें कुछ शव बरामद किए जा चुके हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। बिल्डिंग के बेसमेंट, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर कपड़े और कॉस्मेटिक सामान के स्टोरेज के लिए किया जा रहा था। सेकेंड और थर्ड फ्लोर पर लोग रहते थे। चौथे फ्लोर पर एक टिन शेड बना हुआ था। आग की लपटें वहां तक पहुंच गई थीं। घटना में मारे गए 8 लोगों के शव -शेष पृष्ठ दो पर



- मृतकों में तीन नाबालिग लड़कियां, दो ने छलांग लगाकर जान बचाई, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका

## इंदौर में ईवी ब्लास्ट, घर के डिजिटल लॉक नहीं खुलने से आठ लोग जिंदा जले

**इंदौर।** इंदौर में इलेक्ट्रिक कार टाटा पंच में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू सिमरन सहित 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। मारे गए लोगों में से 6 मनोज के रिश्तेदार थे, जो मंगलवार को बिहार के किशनगंज से आए थे। घटना बुधवार तड़के 3.30 से 4 बजे के बीच बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी की है। आग ने घर के अंदर रखे गैस सिलेंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे एक के बाद एक सिलेंडर फटने लगे। धमाका इतना तेज था कि मकान का एक हिस्सा ढह गया। घर में लगे डिजिटल लॉक खुल नहीं पाए, इसके कारण अंदर सो रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। रहवासियों ने बताया कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सूचना देने के करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचीं।

# परिषद की सीट रिक्त घोषित करने का ICAI का निर्णय रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा क्षेत्रीय परिषद की एक सीट को रिक्त घोषित करने के निर्णय को रद्द कर दिया और कहा कि बैठकों के आयोजन में प्रक्रियात्मक खामियों का उपयोग स्वत: अयोग्यता के लिए नहीं किया जा सकता है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब 2025-2029 कार्यकाल के लिए उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद के निर्वाचित सदस्य गौरव अग्रवाल को छह नवम्बर, 2025 को सूचित किया गया कि उन्होंने अपनी सीट खो दी है।

- दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में आदेश किया जारी

# आंधी और बारिश के साथ उप्र में बदला मौसम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के पश्चिमी जिलों में मौसम ने बुधवार शाम अचानक करवट ली। देर शाम दिल्ली से सटे जिलों नोएडा, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर आदि जिलों में झोंकेदार हवाओं व गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम का यह बदलाव 21 मार्च तक जारी रहेगा। इस दौरान बारिश वाले क्षेत्रों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। तेज हवाओं और बारिश के असर से प्रदेशभर में अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट के संकेत हैं। गुरुवार को पश्चिमी यूपी व मध्यांचल के 23 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का पूर्वानुमान जारी किया गया है, जबकि सहारनपुर, शामली और मुजफ्फरनगर समेत छह जिलों में ओलावृष्टि का अलर्ट है। बुधवार को बांदा सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक 19 मार्च से बदलाव के साथ 20 मार्च को प्रदेशभर में तेज हवाओं और बारिश का व्यापक असर -शेष पृष्ठ दो पर

- पश्चिमी जिलों में गरज- चमक के साथ हुई बारिश

# ईडी की छापेमारी के दौरान ममता बनर्जी का दखल अच्छी स्थिति नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को प. बंगाल से कहा कि ईडी की छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का दखल देना अच्छी स्थिति नहीं है। आई-पैक कार्यालय में ईडी की छापेमारी को लेकर शीर्ष कोर्ट ने यह टिप्पणी की।

बार एंड बेंच के अनुसार, जस्टिस पंकज मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसी के काम में बाधा आने पर उसे बिना किसी उपाय के नहीं छोड़ा जा सकता। बेंच की यह टिप्पणी उस समय आई, जब पश्चिम बंगाल की ओर से यह दलील दी गई कि कोई केंद्रीय एजेंसी संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सीधे सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकती। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल की ओर से वकील श्याम दीवान पेश हुए। उन्होंने कहा कि ईडी कोई अलग कानूनी इकाई नहीं है, यह केवल सरकार का एक विभाग है। इसकी अपनी कोई अलग पहचान नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई मौलिक अधिकार लागू ही नहीं होता, तो अनुच्छेद 32 के तहत याचिका दायर नहीं की जा सकती। वकील दीवान ने दलील दी कि अगर ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों को अनुच्छेद 32 का इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई, तो यह संघीय ढांचे के लिए खतरनाक उदाहरण बन सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा होने पर सांविधानिक व्यवस्था में मौजूद संतुलन और नियंत्रण की प्रक्रिया पूरी तरह दरकिनार हो जाएगी और एक विभाग दूसरे के खिलाफ इस अनुच्छेद का इस्तेमाल करने लगेगा।




# 33 हजार करोड़ की लागत से बनेंगे 100 इंडस्ट्रियल पार्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- भव्य योजना को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी, यूपी में बाराबंकी-बहराइच के बीच 7000 करोड़ से बनेगा 4-लेन हाईवे
- कैबिनेट बैठक में 2,585 करोड़ की स्मॉल हाइड्रो पावर स्कीम को मंजूरी, कपास किसानों को राहत, सरकार खरीदेगी पूरी उपज

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए। सरकार ने औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 'भव्य' (भारत औद्योगिक विकास योजना) को मंजूरी दी है।

33,660 करोड़ रुपये लागत वाली इस योजना के तहत देशभर में 100 इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि योजना के तहत बनने वाले इंडस्ट्रियल पार्क में उद्योगों के लिए जमीन, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाएं पहले से उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार का मानना है कि इस योजना से देश में निवेश बढ़ेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश के बाराबंकी से बहराइच के बीच 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड नेशनल हाईवे-927 के निर्माण को भी मंजूरी दी गई है। इस परियोजना पर करीब 6,969 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने देश में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 2,585 करोड़ रुपये की स्मॉल हाइड्रो पावर डेवलपमेंट स्कीम को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत 1,500 मेगावाट क्षमता की छोटी जल विद्युत परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। यह योजना अगले पांच सालों में 2030-31 तक लागू की जाएगी। इसके तहत परियोजनाएं रन-ऑफ-द-रिवर मॉडल पर विकसित होंगी, जिससे बड़े बांध बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और लोगों के विस्थापन से बचा जा सकेगा। सरकार के अनुसार देश में 7,133 स्थानों पर छोटे हाइड्रो प्रोजेक्ट्स की संभावना है, जिनकी कुल क्षमता करीब 21,000 मेगावाट है। फिलहाल 1,196 स्थानों पर 5,100 मेगावाट क्षमता के प्रोजेक्ट संचालित हो रहे हैं। सरकार का अनुमान है कि इस योजना से करीब 15,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होगा और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। केंद्र सरकार ने कपास किसानों को राहत देने के लिए सीसीआई को 1,718.56 करोड़ रुपये की फंडिंग मंजूर की है। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने लिया।



## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में वृहद रोजगार मेला-2026 का शुभारंभ

**लखनऊ।** उप्र में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को 'वृहद रोजगार मेला-2026' का उद्घाटन किया। इस रोजगार मेले के माध्यम से हजारों युवाओं को नौकरी के अवसर मिलने की उम्मीद है। मेले में 15,000 से अधिक रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसमें करीब 2,500 युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना जताई जा रही है। डिजिटल पंजीकरण के लिए क्यूआर कोड आधारित व्यवस्था लागू की गई, जिससे प्रक्रिया को पारदर्शी और आसान बनाया गया। इस दौरान अग्रवाल ने कौशल विकास को आधुनिक बनाने के लिए तीन डिजिटल प्लेटफॉर्म 'कौशल दृष्टि', 'कौशल दर्पण' और 'कौशल दोस्त' लॉन्च किया। उन्होंने युवाओं को कौशल, आत्मविश्वास और प्रभावी संवाद क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

### पटेल ने दी हिन्दू नव वर्ष की शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। श्रीमती पटेल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि नव संवत्सर हर हृदय में नई उमंग, विश्वास और संकल्प का संचार करे। यह पर्व हमारी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर को और मजबूत बनाते हुए समाज में एकता, सद्भाव और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करे। सभी लोग इस नव वर्ष का स्वागत नए सपनों, सकारात्मक ऊर्जा और लोककल्याण के संकल्पों के साथ करें, ताकि समाज और राष्ट्र निरंतर उन्नति के पथ पर आगे बढ़ता रहे।

### विपक्ष ने लोकसभा में केन्द्र सरकार से उठाई मांग

# एमएसपी को सख्ती से लागू करे सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ किसानों ने इसके लिए लम्बी लड़ाई लड़ी और पीएम मोदी ने किया था वादा: अमरिंदर सिंह

लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तत्काल देने की मांग करते हुए कहा है कि खुद सरकार ने किसानों से यह वादा किया था, इसलिए उसे एमएसपी गारंटी के प्रावधान को लागू कर सख्ती से इसका पालन करना चाहिए।

लोकसभा में कांग्रेस के अमरिंदर सिंह राजा वारंग ने बुधवार को केंद्रीय बजट (दूसरा प्रक्रम) वर्ष 2025-26 के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा की शुरुआत करते हुए छोटे किसानों के कर्ज माफ करने और किसानों लिए एमएसपी की गारंटी देने की मांग की। उनका कहना था कि किसानों ने इसके लिए लंबी लड़ाई लड़ी है और खुद मोदी सरकार ने किसानों से यह वादा किया था, इसलिए उन्हें एमएसपी गारंटी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों ने एमएसपी मांग को लेकर दिल्ली की सीमा पर डेढ़ साल तक अभूतपूर्व आंदोलन किया था, जिसमें वह खुद भी शामिल हुए थे, लेकिन सरकार ने डेढ़ साल तक किसानों की समस्या को नहीं सुना था। इस आंदोलन में शामिल होकर उन्होंने देखा था कि किसान धूप, वर्षा, जाड़े में बैठकर अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करते रहे। इस आंदोलन में 750 किसान शहीद हुए थे और तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि तथा किसानों से संबंधित तीनों कानून वापस लेने की घोषणा की थी। कांग्रेस नेता ने कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार तथा केंद्र की भाजपा सरकार के बीच विवाद हो सकता है और राजनीति हो रही है, लेकिन इस विवाद के कारण पंजाब के किसानों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से पंजाब के किसानों को उनका हक देने की मांग की। उन्होंने लुधियाना कृषि विश्वविद्यालय को अनुदान देने की मांग की ताकि वहां कृषि संबंधी अनुसंधान बिना बाधा के हो सके। भाजपा के कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी ने कहा कि मोदी सरकार से किसानों को पूरी मदद दी जा रही है और उनके राज्य तेलंगाना में किसान केंद्र सरकार की नीतियों के कारण चावल उत्पादन क्षेत्र में संपन्न हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि तेलंगाना को केंद्र से पर्याप्त मदद दी जा रही है और किसानों को सबसे अच्छी तरह से सब्सिडी दी जा रही है।

### किसानों को मिल रहा है बेहतर लाभ: भाजपा

भाजपा नेता ने कहा कि किसानों से संबंधित मामलों का परिचालन और संचालन बेहतर हो रहा है और इसका सीधा लाभ किसानों को मिल रहा है। उनका कहना था कि वह 16वीं लोकसभा के भी सदस्य रहे हैं और उन्होंने देखा है कि प्रधानमंत्री मोदी किसानों के हित के लिए जो योजनाएं लेकर आए उससे किसानों में उत्साह बढ़ा है और उसी का फायदा आज किसानों को मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को जो सुविधा सरकार की तरफ से दी गई है उसकी वजह से किसानों की क्रय क्षमता में जबरदस्त इजाफा हुआ है और यह उनकी आय बढ़ने के कारण ही संभव हुआ है। समाजवादी पार्टी के नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि किसानों की आय ही बढ़ाई जानी चाहिए बल्कि उन्हें न्याय भी मिलना चाहिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश के आलू किसानों का मुद्दा उठाया और कहा कि किसान का आलू पांच से छह रुपये में बिक रहा है, जबकि बाजार में किसान का वही आलू 30 रुपये किलो बिक रहा है।

# भाजपा का अमेकिरी रिपोर्ट को लेकर राहुल पर हमला

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ देश की संप्रभुता से जुड़ा मुद्दा बताया

भारतीय जनता पार्टी ने अमेरिकी संस्था यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रीलिजियस फ्रीडम (यूएससीआईआरएफ) को लेकर कांग्रेस पार्टी और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए इसे भारत की संप्रभुता और देश के हर नागरिक की अस्मिता से जुड़ा मुद्दा बताया है।

पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने बुधवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट को लेकर गांधी जिस तरह प्रतिक्रिया दे रहे हैं, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी रिपोर्ट को पूरी तरह पढ़े बिना ही भारत विरोधी ताकतों का साथ दे रहे हैं। भाटिया ने कहा कि कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर इस रिपोर्ट का हवाला देते हुए केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि गांधी किस आधार पर इस रिपोर्ट का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या उन्होंने इस रिपोर्ट को ध्यान से पढ़ा भी है। भाटिया ने कहा कि इस अमेरिकी रिपोर्ट में भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनलिसिस विग (रॉ) पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की गई है, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

# यूपी में कब तक कराएंगे पंचायत चुनाव?

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी चुनाव आयोग से पूछा सवाल

**प्रयागराज, वार्ता**



■ मामले की अगली सुनवाई 25 मार्च को दो बजे होगी, समय रिकॉर्ड प्रस्तुत करने को कहा

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ग्राम पंचायत चुनाव 2026 को लेकर राज्य चुनाव आयोग से तैयारी की जानकारी मांगी है। याचिकाकर्ता इम्तियाज हुसैन की तरफ से दाखिल याचिका पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यह सुनवाई की है।कोर्ट इस मामले में 25 मार्च को दोपहर दो बजे अगली सुनवाई करेगी। जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की डिविजन बेंच ने दागा सवाल।

कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग से स्पष्टीकरण मांगा है कि क्या 19 फरवरी 2026 की मौजूदा अधिसूचना के आलोक में वो चुनाव संपन्न कराने की स्थिति में है। कोर्ट ने राज्य निर्वाचन आयोग से पूछा है कि इस मामले के तथ्यों के अनुसार चुनाव 26 मई 2026 को या उससे पहले ही संपन्न हो जाने चाहिए थे। याची ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर करते हुए यह निर्देश देने कि मांग कि थी कि प्रतिवादी जिला पंचायत का कार्यकाल समाप्त होने से काफी पहले संपूर्ण पंचायत चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने के लिए एक विस्तृत और समयबद्ध कार्यक्रम रिकॉर्ड पर प्रस्तुत करें। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग से पूछा है कि क्या वो तय संवैधानिक समय सीमा के अंदर चुनाव प्रक्रिया पूरी कर पाएगा? याचिकाकर्ता ने कोर्ट में दलील दी कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 243 ई के प्रावधान के अनुसार पंचायत की अवधि उसकी पहली बैठक के लिए निर्धारित तिथि से 5 वर्ष तक जारी रहेगी और इससे अधिक नहीं। राज्य चुनाव आयोग के वकील ने यह दलील दी कि यूपी पंचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा 12-बीबी के प्रावधानों के अनुसार यह राज्य सरकार का दायित्व है कि वह राज्य चुनाव आयोग के परामर्श से प्रधान के आम चुनाव या उपचुनाव की तारीख तय करने वाली अधिसूचना जारी करे।

# विकास की नई गाथा लिख रहा उत्तर प्रदेश: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ नवनिर्माण के नौ वर्ष: 'डबल इंजन' से बदली उप्र की पहचान

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सरकार के नौ वर्ष की अवधि को नवनिर्माण का शासनकाल बताया है और कहा कि डबल इंजन सरकार ने प्रदेश की पहचान बदलने का काम किया है और अब राज्य विकास की नई गाथ लिख रहा है।

योगी ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश में हुए व्यापक बदलावों को रेखांकित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य की सीमाओं पर बनाए गए नौ स्वागत द्वारों का लोकार्पण किया और 'नवनिर्माण के नौ वर्ष' पुस्तक का विमोचन भी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में जो परिवर्तन हुआ है, वह सेवाभाव और सुशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि एक समय उप्र पहचान के संकट से जूझ रहा था, जबकि आज वही प्रदेश विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता था और नौकरियों में पारदर्शिता का अभाव था, लेकिन अब भर्ती प्रक्रियाएं निष्पक्ष और पारदर्शी हुई हैं। उन्होंने बताया कि बीते 9 वर्षों में लगभग 2 लाख युवाओं को पुलिस भर्ती के माध्यम से रोजगार दिया गया है। कानून-व्यवस्था पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब भय का वातावरण समाप्त हो चुका है और नवरात्र तथा रमजान जैसे पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि नौ शहरों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू की गई है और सुरक्षा तंत्र को मजबूत किया गया है। विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने नौ लाख 12 हजार करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया है, जिससे प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे जैसे प्रोजेक्ट्स से उप्र देश में एक्सप्रेसवे नेटवर्क का प्रमुख केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश का माहौल बेहतर हुआ है और अब तक 15 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है।

2017 से पहले जहां सीमित उद्योग थे, वहीं अब 30 हजार से अधिक बड़े उद्योग स्थापित हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने नोएडा को लेकर फैले मिथकों पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि अब यह क्षेत्र विकास की नई पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी बेहतर हुई है और जेवर एयरपोर्ट जैसे प्रोजेक्ट्स से उप्र को वैश्विक पहचान मिलेगी।

### केंद्रीय प्रेक्षक अपने-अपने विस क्षेत्रों में पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारतीय चुनाव आयोग (ईसी) ने बुधवार को बताया कि असम, केरल, तमिलनाडु, पुड्डुचेरी और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनावों और कर्नाटक और महाराष्ट्र समेत छह राज्यों की आठ सीटों पर होने वाले उपचुनावों के लिए नियुक्त किए गए ज्यादातर केंद्रीय प्रेक्षक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में पहुंच गए हैं। चुनाव आयोग ने अलग-अलग राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनावों और उपचुनावों के लिए 1,111 प्रेक्षक तैनात किए हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 76704.13

**निफ्टी** 23777.80



**सोना** 155000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 250000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी जारी सेंसेक्स 633 अंक उछला

**मुंबई, वार्ता**



आईटी और ऑटो सेक्टरों में जबरदस्त तेजी के दम पर घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई का सेंसेक्स 633.29 अंक (0.83 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 76,704.13 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी- 50 सूचकांक भी 196.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत चढ़कर 23,777.80 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों प्रमुख सूचकांकों का एक सप्ताह का उच्चतम स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली का जोर अधिक रहा।

निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.09 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.67 प्रतिशत उछल गया। आईटी, ऑटो, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलटी और मीडिया समूहों के सूचकांकों में ज्यादा तेजी देखी गई। बैंकिंग, तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और फार्मा समूहों के सूचकांक भी बढ़त में रहे। सिर्फ एफएमसीजी और धातु समूहों में हल्की गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल और टेक महिंद्रा के शेयर सवा तीन प्रतिशत ऊपर बंद हुए। इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अडानी पोर्ट्स और टीसीएस के शेयरों में दो से तीन प्रतिशत तक तेजी रही। एक्सिस बैंक, एलएंडटी, भारती एयरटेल, इंडिगो, टाइटन, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स और बजाज फिनसर्व के शेयरों में एक से दो प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज, बीईएल, भारतीय स्टेट बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर भी हरे निशान में रहे। एनटीपीसी और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर एक फीसदी से ज्यादा टूट गए। सनफार्मा, एचडीएफसी बैंक और आईटीसी के शेयरों में भी गिरावट रही।

### चांदी तीन दिन में 18,138 सस्ती, सोना 4,778 रुपये गिरा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक एक किलो चांदी की कीमत 2,177 रुपए घटकर 2.50 लाख रुपए पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 143 रुपए गिरकर 1.55 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले 17 मार्च को सोना 1.56 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम था। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना तीन दिन में 4,778 और चांदी 18,138 सस्ती हुई है। सोने में इस साल की शुरुआत में तेजी दिखी थी, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में मुनाफावसूली और वैश्विक कारणों से इसमें गिरावट आई है। मौजूदा स्थिति में अपने उच्चतम स्तर से सोना अब तक 20,596 सस्ता हो चुका है। अमेरिका-ईरान तनाव के बीच पिछले 19 दिन में ही दाम 3,572 गिर गए हैं। चांदी में सोने के मुकाबले कहीं ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यह अपने ऑल टाइम हाई से बहुत तेजी से नीचे आई है। हालिया गिरावट में पिछले 19 दिन में जंग के माहौल के कारण चांदी के दाम 16,537 कम हुए हैं। आमतौर पर जंग के माहौल में सोने-चांदी के दाम बढ़ते हैं, लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी अलग है। मिडिल ईस्ट जंग के कारण निवेशक जोखिम नहीं लेना चाह रहे हैं।

# उप्र में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना को अमल में लानू की कवायद शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र की योगी आदित्यनाथ सरकार ने पिछले हफ्ते मंत्रिमंडल की ओर से 'मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना' को मंजूरी दिए जाने के बाद राज्य सड़क परिवहन निगम ने ग्रामीण इलाकों में बस कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक निगम इस महीने के आखिर तक इस योजना का प्रचार-प्रसार पूरा कर लेगा और बसों को चलाने के लिए निजी ऑपरेटरों से आवेदन मांगेगा।

आवेदनों की छंटनी का काम अप्रैल के मध्य तक पूरा हो सकता है। इस योजना का मकसद हर जलिा मुख्यालय से जलिे के गांवों तक कम से कम दो बसें चलाना है। एक अधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत जिला मुख्यालय से चलने वाली बसों की अधिकतम संख्या पर कोई रोक नहीं है। विभाग के अधिकारी ने बताया कि ये बसें आकार में छोटी होंगी। इनकी अधिकतम लंबाई सात मीटर और बैठने की क्षमता 28 यात्रियों की होगी। ये बसें रात में गांवों में ही रुकेंगी, जबकि सुबह प्रखंड और तहसील होते हुए 10 बजे तक जलिा मुख्यालय पहुंच जाएंगी। किराया स्थानीय स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली एक समिति तय करेगी। दरअसल, प्रदेश के हजारों गांवों में जल्द ही सार्वजनिक परिवहन की सुविधा शुरू होने जा रही है। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत ग्रामीण मार्गों पर मिनी बसें चलाने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि अप्रैल में चयन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, ताकि मई से ग्रामीण क्षेत्रों में बसों का संचालन शुरू कराया जा सके। विभागीय सूत्रों के अनुसार उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए हैं कि इस योजना और सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों में गंभीरता से काम किया जाए और प्रक्रिया समय पर पूरी की जाए। योजना के माध्यम से प्रदेश की 59,163 ग्राम पंचायतों को परिवहन सुविधा से जोड़ने की तैयारी की जा रही है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोंहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईरान ने...** मानते हैं। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि ये हमले राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख अली लारिजानी की हत्या के प्रतिशोध में किए गए हैं, जिन्हें कथित तौर पर मंगलवार को इजरायली हमले में मार दिया गया था। उधर, बुधवार तड़के ईरान के विभिन्न हिस्सों में भी विस्फोटों की खबरें सामने आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फारस की खाड़ी के प्रमुख बंदरगाह शहर बंदर अब्बास में नौसैनिक और बंदरगाह सुविधाओं के पास कई धमाके हुए। सुबह लगभग 8:00 बजे नौसेना क्षेत्र और शाहिद बहोनर बंदरगाह के पास विस्फोट सुने गए। इसके बाद 8:15 बजे जहानबर क्षेत्र में तथा 8:40 बजे शाहिद राजाई बंदरगाह के तेल टर्मिनल और नियंत्रण टॉवर के पास भी धमाकों की सूचना मिली। दक्षिण-पश्चिमी खुजेस्तान प्रांत के प्रमुख शहर अहवाज में सुबह करीब 9:30 बजे जैतून करमांदी इलाके में जोरदार विस्फोट हुआ, जिससे आसपास के इलाकों में खिड़कियां टूटने की खबर है। कर्मानशाह प्रांत के सोंगहोर कस्बे में सुबह करीब 5:00 बजे विस्फोट की सूचना मिली, जबकि फॉर्स प्रांत के काजेरून के पास लगभग 6:55 बजे धमाका सुना गया। तेहरान के पश्चिम में मालार्ड क्षेत्र में सुबह 6:50 से 7:10 बजे के बीच कई विस्फोट हुए, जबकि पास के अलबोर्ज प्रांत के फर्दीस क्षेत्र में भी लगभग 7:11 बजे कई धमाकों की आवाजें सुनी गईं। वहीं ईरान के बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात स्थित अल मिनहाद एयर बेस पर किए गए हमले में ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल (एडीएफ) के किसी भी कर्मी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह एयर बेस एडीएफ कर्मियों की तैनाती के लिए एक महत्वपूर्ण केन्द्र है। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग ने पुष्टि की कि यह हमला 18 मार्च की सुबह हुआ, जिसमें बेस के उस हिस्से को निशाना बनाया गया, जहां एडीएफ की लंबे समय से उपस्थिति रही है। हमले से बेस के ऑस्ट्रेलियाई हिस्से में बुनियादी ढांचे को मामूली नुकसान पहुंचा, जिसमें एक आवासीय ब्लॉक और एक चिकित्सा सुविधा शामिल है।

**राज्यों को...**(एसपीआर) की भी समीक्षा की है। जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। अधिकारियों के मुताबिक देश के पास कुछ हफ्तों का तेल स्टॉक मौजूद है, जिससे फिलहाल संकट की संभावना कम है। दरअसल होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से दुनियाभर में तेल सप्लाई पर असर पड़ा है। हालांकि युद्ध के माहौल में भारत के तीन जहाज शिवालिक, नंदा देवी और जग लाडकी तेल-गैस लेकर गुजरात के पोर्ट्स पर पहुंचे हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी ने बताया कि बुधवार को 93 प्रतिशत एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन हुई है। सरकार ने लोगों से कहा है कि एजेंसी पर जाने से बचें और सिर्फ आधिकारिक एप या वेबसाइट से ही बुकिंग करें, अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने बताया कि कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार सख्ती कर रही है। इसी के तहत मंगलवार को देशभर में 2300 से ज्यादा एलपीजी दुकानों पर अचानक जांच की गई। अधिकारी ने बताया कि सरकार ने लोगों से अपील की है कि जहां पीएनजी सुविधा है, वहां एलपीजी की जगह पीएनजी अपनाएं, इससे सप्लाई का दबाव कम होगा और यह ज्यादा सुरक्षित भी है। उन्होंने बताया कि एलपीजी कैरिअर नंदादेवी और शिवालिक से एलपीजी डिस्चार्ज चल रहा है। किसी भी पोर्ट पर कोई कंजेक्शन नहीं है। मंत्रालय पूरे हालात की निगरानी कर रही है।

**दिल्ली में...**

मणिपाल अस्पताल और एक महिला का शव आईजीआई अस्पताल लाया गया था। घायलों में दो का इलाज आईजीआई अस्पताल में चल रहा है, जबकि एक व्यक्ति को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में प्रवेश (33), कमल (39), आशु (35), लाडो (70), हिमांशी (22), दीपिका (28) और तीन नाबालिग लड़कियां (15, 6 और 3 साल) शामिल हैं। अनिल (32) और 2 साल की एक बच्ची आईजीआई अस्पताल में भर्ती हैं। सफदरजंग अस्पताल में भर्ती सचिन (29) लगभग 25 फीसदी झुलस चुके हैं। दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी एसके दुआ ने बताया कि आग सुबह करीब 7 बजे लगी थी। जब हमारी पहली टीम मौके पर पहुंची, तो नीचे आग की लपटें और ऊपर घना धुआं था। हमारे पहुंचने से पहले दो लोग इमारत से कूद गए थे, जिन्हें लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। अधिकारी के मुताबिक, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने लोग घायल हैं। आग पर अब पूरी तरह काबू पा लिया गया है, हालांकि कूलिंग ऑपरेशन जारी है। इसके बाद बिल्डिंग में एक बार फिर सर्च और रेस्क्यू किया जाएगा। पालम आग हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताते हुए मुआवजे का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जबकि घायलों को 50 हजार दिए जाएंगे।

**आंधी और बारिश...** देखने को मिलेगा। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर व आसपास के इलाकों में ओलावृष्टि की संभावना है। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर बरेली, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे वाली झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में मेघगर्जन व वज्रपात के आसार हैं।

# हर घर नल से जल को नई रफ्तार, यूपी-केंद्र में एमओयू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ जल जीवन मिशन 2-0 पर समझौता

**लखनऊ।** ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को सुदृढ़ करने की दिशा में उप्र ने एक और अहम कदम बढ़ाया है। जल जीवन मिशन 2-0 के तहत केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

इस अवसर पर योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल वर्चुअल माध्यम से मौजूद रहे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'हर घर नल से जल' के लक्ष्य को जमीन पर उतारने की दिशा में यह समझौता मील का पत्थर साबित होगा। इससे पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन में गति, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित होगी, जिसका सीधा लाभ ग्रामीण परिवारों को मिलेगा। उन्होंने केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय को इस पहल की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए नरेंद्र मोदी का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का संकल्प अब तेजी से साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पेयजल व्यवस्था में आए व्यापक बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले जहां सीमित गांवों तक ही पाइप पेयजल की सुविधा थी। वहीं अब हजारों गांवों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित हो रही है। पूर्वी उप्र में इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारियों पर नियंत्रण में स्वच्छ जल और बेहतर स्वच्छता की अहम भूमिका रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का फोकस केवल कनेक्शन उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि योजनाओं के दीर्घकालिक संचालन और रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वर्तमान में बड़ी संख्या में गांवों में जलापूर्ति के साथ अनुरक्षण व्यवस्था को भी मजबूत किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब योजना को उन सभी गांवों तक विस्तारित किया गया है, जहां अभी तक पाइप पेयजल की सुविधा नहीं पहुंची थी।

# लंबित ईवी सब्सिडी वितरण प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने 'दिल्ली ईवी पॉलिसी' के तहत लंबे समय से लंबित इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खरीद सब्सिडी के वितरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह कदम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि पिछली सरकार ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और प्रदूषण कम करने को प्राथमिकता देने में नाकाम रही, जिसके कारण ईवी खरीदारों को मिलने वाली सब्सिडी का वितरण नहीं हो पाया जो यह बताता है कि श्री सरकार प्रदूषण के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं थी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और लंबित सब्सिडी को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

परिवहन विभाग ने कंपनियों और फर्मों के 3948 सत्यापित लाभार्थियों को सब्सिडी जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिनके दस्तावेजों और पात्रता का सत्यापन पूरा हो चुका है। उन लाभार्थियों को लगभग 7.95 करोड़ रुपए की सब्सिडी वितरित की जाएगी।दिल्ली ईवी इंसेंटिव पोर्टल पर उपलब्ध डेटा के अनुसार कुल 22,733 ईवी सब्सिडी के दावे लंबित थे। लाभार्थियों के रिकॉर्ड की डुप्लीकेशन हटाने और आधार सत्यापन प्रक्रिया के बाद 16,892 व्यक्तिगत खरीदारों के मामलों को आधार-आधारित डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के लिए पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) प्लेटफॉर्म पर भेजा गया ।इनमें से 12,877 व्यक्तिगत लाभार्थियों की आधार सीडिंग पूरी हो चुकी है, जिससे वे 24.04 करोड़ रुपए की सब्सिडी राशि पाने के पात्र हो गए हैं। शेष 4,015 मामलों (लगभग 7.25 करोड़ रुपए) को आधार सत्यापन के लिए पीएफएमएस प्लेटफॉर्म पर फिर से अपलोड कर दिया गया है और वर्तमान में उनका आधार सत्यापन की प्रक्रिया जारी है।

## जनभागीदारी से बनेगा दिल्ली का बजट 2026, सीएम ने सुने हर वर्ग के सुझाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के आगामी बजट 2026 को लोगों के लिए बेहतर और काम का बनाने के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में एक खास 'संवाद कार्यक्रम' रखा। इस कार्यक्रम में कामकाजी महिलाएं, शिक्षक, खिलाड़ी और छात्र शामिल हुए। सभी ने अपने अनुभव, सुझाव और उम्मीदें मुख्यमंत्री के साथ साझा कीं। मुख्यमंत्री ने सभी की बातें ध्यान से सुनीं, उनके सुझावों को स्वयं नोट किया और आश्वासन दिया कि इन सुझावों को बजट में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों की भागीदारी ही 'विकसित दिल्ली' की सबसे बड़ी ताकत है और सरकार चाहती है कि बजट हर वर्ग की जरूरतों को पूरा करे।इस अवसर पर दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष सूद भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और भविष्य के बेहतर अवसरों के लिए कई अहम सुझाव दिए। उन्होंने मांग की कि मिड-डे मील योजना को कक्षा 12 तक बढ़ाया जाए, ताकि छात्रों को लगातार पोषण मिलता रहे।

# सूफी घरानों से निकला मोहब्बत का पैगाम : फिरोज सिद्दीकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दरगाह हजरत निजामुद्दीन औलिया में एक बार फिर गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे की अनूठी तस्वीर देखने को मिली, जब दरगाह के चीफ इंचार्ज सैय्यद काशिफ अली निजामी के नेतृत्व में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोगों ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया और सामाजिक एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया।

दरगाह प्रांगण रूहानियत, इबादत और इंसानियत के जज्बे से सराबोर नजर आया। यहां हर वर्ग और हर मजहब के लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ मौजूद रहे, जो भारत की सदियों पुरानी साझा संस्कृति और भाईचारे की परंपरा को दर्शाता है।इस अवसर पर देश और दुनिया में अमन शांति के लिए दुआ भी की गई।

इस अवसर पर ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस-ए-मुशवरत के अध्यक्ष एडवोकेट फिरोज अहमद अंसारी, दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमेन जाकिर खान, उर्स कमेटी दिल्ली सरकार के पूर्व चेयरमैन एफ आई इस्माइली, भाजपा नेता आलोक वत्स,



फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ० मुश्ताक अंसारी, डॉ. जी बी एस चौहान, सोनम बेकर्स के सीएमडी हाजी रियाजुद्दीन अंसारी, अल-अफरोज फूड्स के डायरेक्टर नौशाद खघन, सीनियर जर्नलिस्ट सूफी सैय्यद वाजिद अली, मारूफ रजा, जावेद रहमानी, डॉ० बिलाल अंसारी, मोहम्मद ओवैस, समाज सेवी शेखघ सैफुद्दीन, डॉ. इकबाल, अफजाल अहमद, शबाना अजीम, उजमा अंसारी और जैनब अंसारी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एडवोकेट फिरोज अंसारी ने कहा कि देश में फैल रहे नफरत के माहौल के बीच इस तरह के आयोजन समाज को जोड़ने और आपसी एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं सैय्यद काशिफ अली निजामी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महबूब-ए-इलाही के दरबार की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि यहां हर रोज विभिन्न धर्मों और समुदायों के हजारों लोग एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार करते हैं।

# राजपुर खुर्द में अवैध एलपीजी सिलेंडर भंडारण का भंडाफोड़ , दो धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने राजपुर खुर्द में अवैध एलपीजी सिलेंडर भंडारण का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 223 सिलेंडर जब्त किया है।

दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने बताया कि एलपीजी सिलेंडरों के अवैध भंडारण, कालाबाजारी और जमाखोरी पर अंकुश लगाने की दिशा मे काम करते हुए 12 मार्च को गुप्त सूचना पर एसआई अमित ग्रेवाल के नेतृत्व में स्पेशल स्टाफ की टीम ने गांव राजपुर खुर्द स्थित एक प्लॉट पर छापा मारा।तलाशी अभियान के दौरान,टीम ने परिसर से कुल 2 23 इंडेन एलपीजी सिलेंडर बरामद किए। बरामद सिलेंडरों में 16 भरे हुए घरेलू सिलेंडर, 45 खाली घरेलू सिलेंडर और 162 खाली व्यावसायिक सिलेंडर शामिल थे। इसके अतिरिक्त, मौके से एक इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन और आठ सुरक्षा कैप भी जब्त किए गए।

इस दौरान पाया गया कि परिसर बिना किसी वैध लाइसेंस या प्राधिकरण के एक अवैध भंडारण सुविधा के रूप में संचालित हो रहा था। सुरक्षा उपायों के बिना इतनी बड़ी मात्रा में एलपीजी सिलेंडरों का भंडारण सार्वजनिक सुरक्षा और आस-पास के निवासियों के लिए भी एक गंभीर खतरा पैदा कर रहा था।इस दौरान पुलिस ने मौके से हितेश राठी (38 )और अरविंद कुमार (40 ) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान, दोनों सिलेंडर रखने के लिए कोई वैध लाइसेंस या संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने में विफल रहे।

खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारियों और इंडेन गैस कंपनी के प्रतिनिधियों को मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने बरामद सिलेंडरों का सत्यापन और गिनती की।इस संबंध में,मैदान गढ़ी थाने के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है।



**पुलिस मुख्यालय में पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ,दिल्ली पुलिस न्यूजश्लेटर का अनावरण करते हुए , साथ में हैंअन्य वरिष्ठ अधिकारीगण।**

## एक नजर

### सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन की उपलब्धता बढ़ाने को समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जायडस लाइफ साइंसेज और लूपिन लिमिटेड ने भारत में नवाचार आधारित सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन (15 mg@3 ml) की उपलब्धता बढ़ाने के लिए एक लाइसेंसिंग और सप्लाई एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हैं। यह दवा एक उपयोगकर्ता-अनुकूल रीयूजेबल पेन डिवाइस के साथ उपलब्ध होगी, जिससे मधुमेह और वजन प्रबंधन के मरीजों को उन्नत उपचार तक बेहतर पहुंच मिल सकेगी। इस समझौते के तहत लूपिन को भारतीय बाजार में जायडस के सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन की सेमी-एक्सक्लूसिव को-मार्केटिंग का अधिकार मिलेगा ।जायडस लाइफ साइंसेज के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर शार्विल पटेल ने कहा कि कंपनी की खोजें मरीजों को स्वस्थ और बेहतर जीवन जीने में मदद कर रही हैं। वहीं लूपिन के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश गुप्ता ने कहा कि जायडस के साथ यह साझेदारी कार्डियो-मेटाबोलिक बीमारियों के लिए उन्नत उपचार विकल्प उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### स्वच्छ ऊर्जा मिशन को समझौता

**नई दिल्ली।** टाटा पावर ने आज दुनिया की नंबर 1 AI CRM कंपनी सेल्सफोर्स के साथ सहयोग की घोषणा की है। इस सहयोग का उद्देश्य टाटा पावर के तेजी से बढ़ रहे रूफटॉप सोलर(RTS), ईवी चार्जिंग और स्मार्ट होम सॉल्यूशंस व्यवसायों का डिजिटल रूपांतरण करना है। इस घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए टाटा पावर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक डॉ. प्रवीर सिन्हा ने कहा: टाटा पावर देशभर में रूफटॉप सोलर का विस्तार, ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास और स्मार्ट ऊर्जा प्रबंधन समाधानों की प्रगति के माध्यम से भारत के हरित ऊर्जा परिवर्तन का नेतृत्व कर रहा है। इस संदर्भ में सेल्सफोर्स की दक्षिण एशिया की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुंधती भट्टाचार्य ने कहा कि एक सतत और स्थायी भविष्य का मार्ग वे दूरदर्शी संस्थाएं तैयार कर रही हैं, जो अपने संचालन के केंद्र में बुद्धिमत्ता, फुर्ती और ग्राहक-केंद्रितता को शामिल कर रही हैं।

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 26 मार्च से



**नई दिल्ली।** शाहदरा क्षेत्र के पश्चिम ज्योति नगर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रेम कुंज में 26 मार्च से 2 अप्रैल तक किया जा रहा है भागवत के संपन्न होने पर 2 अप्रैल को प्रात: 9:00 बजे हवन और उसके बाद दोपहर 12 बजे भंडारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया है कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे का निर्धारण किया गया है। कथा आयोजन एवं मुख्य यजमान समाजसेवी मनीष मित्तल बंटी गुप्ता ने बताया की भागवत कथा व्यास परम श्रद्धा वाले जिनकी वाणी पर साक्षात सरस्वती का वास है दयाल जी महाराज है जिनकी कथा जहां भी होती है भक्त अपने आप चले आते हैं। मनीष मित्तल ने बताया कि वह यह भागवत कथा अपने गुरु ब्रह्मलीन पंडित श्री गोपाल शर्मा शास्त्री और माता-पिता स्वर्गीय गोलोक वासी श्रीमती प्रेमलता गुप्ता और ईश्वर दत्त गुप्ता मास्टर जी जो मेरे प्रेरणा स्रोत हैं उनकी ही आवाज पर कर रहे हैं।

### रंगों की छटा बिखेरेगी 'पैलेट 2026' कला प्रदर्शनी



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की अर्पणा कौर आर्ट गैलरी आगामी 20 से 22 मार्च 2026 तक रंगों, सृजनात्मकता और कला की विविधता से सराबोर नजर आएगी। अवसर होगा एब्सोल्यूटआर्ट्स.इन और ग्लोबल आर्ट कार्निवल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अंतरराष्ट्रीय समूह कला प्रदर्शनी "पैलेट 2026" का, जिसमें देश-विदेश के प्रतिभाशाली कलाकार अपनी उत्कृष्ट कलाकृतियों का प्रदर्शन करेंगे। यह प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक कला प्रेमियों के लिए खुली रहेगी। ग्लोबल आर्ट कार्निवल के क्यूरेटर चंद्र भूषण और सौरभ कुमार के निर्देशन में आयोजित यह प्रदर्शनी कला के प्रति लोगों की रुचि को बढ़ावा देने के साथ-साथ कलाकारों को एक वैश्विक मंच प्रदान करने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि "पैलेट 2026" के माध्यम से हम कला के विभिन्न आयामों को एक ही स्थान पर प्रस्तुत कर रहे हैं, जिससे दर्शक नई शैलियों और विचारों से परिचित हो सकें।

## इफ्तार पार्टी का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पुरानी सीमापुरी निगम प्राथमिक विद्यालय के नजदीक इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया इफ्तार पार्टी का आयोजन नौशाद खान द्वारा किया गया जिसमें काफी बड़ी सांख्य में सभी धर्म के लोगों ने शिरकत की स इस मौके पर दिल्ली नगर निगम के पूर्व महापौर रामनारायण दुबे ने इफ्तार पार्टी में सभी उपस्थित लोगों को रमजान के पाक महीने की मुबारकबाद देते हुए कहा कि माहे रमजान हमे आपस में प्रेम भाईचारा अमन शांति बनाए रखने का संदेश देता है स इफ्तार पार्टी में भारतीय जनता पार्टी के शाहदरा जिले के मन्त्री महेंद्र दुबे,अखिल भारतीय युवा मोर्चा संगठन के महासचिव आरिफ खान, अध्यक्ष:सुरेंद्र कुमार चोटाला सामाजिक कार्यकर्ता बिलाल खान,मोहम्मद शहजाद, अमान खान,मोहम्मद सरताज के अलावा काफी सांख्य में लोग मौजूद रहे।

## मोटर बीमा क्षेत्र में किया प्रवेश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय, सत्रह मार्च दो हजार छब्बीस: नावी, भारत के सबसे तेजी से बढ़ते डिजिटल वित्तीय सेवा मंचों में से एक, ने अपने मोटर बीमा प्रस्ताव का अनावरण किया। इसके साथ कंपनी ने अपने बीमा पोर्टफोलियो का विस्तार किया है और सरल, सुलभ तथा ग्राहक-प्रथम वित्तीय उत्पाद बनाने पर अपने ध्यान को और मजबूत किया है। वैभव गोयल, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नावी जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने कहा कि इस शुरुआत के साथ, नावी जनरल इंश्योरेंस का लक्ष्य मोटर बीमा खरीदने और उसे प्रबंधित करने की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल, ऐप-आधारित यात्रा के माध्यम से सरल बनाना है।

# द हाट ऑफ आर्ट का 13वां संस्करण भारत मंडपम में

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** द हाट ऑफ आर्ट का 13वां संस्करण हॉल नं. 12, भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में 20 से 22 मार्च 2026 तक आयोजित होने जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन कपिल मिश्रा मंत्री भाजपा सरकार दिल्ली, द्वारा किया जाएगा। प्रदर्शनी आयोजक और संस्थापक ज्योति यादव, ने इस अवसर पर बताया की विंदू दारा सिंह, इस मंच के मेंटर हैं,तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में दिल्ली एनसीआर और देश के विभिन्न हिस्सों से आए 200 से अधिक कलाकार भाग लेंगे, जो 2,000 से अधिक कलाकृतियों का प्रदर्शन करेंगे। इन कलाकृतियों में समकालीन, पारंपरिक, अमूर्त और आधुनिक कला की विभिन्न शैलियाँ और माध्यम शामिल होंगे,द हाट ऑफ आर्ट भारत के एक कला मंच के रूप में विकसित हुआ है, जो उभरते और स्थापित दोनों कलाकारों को अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने के लिए प्रतिष्ठित मंच प्रदान करता है, साथ ही उन्हें कला संग्राहकों, गैलरियों और कला संस्थानों से जुड़ने का अवसर भी देता है। प्रदर्शनी कला प्रेमियों, खरीदारों, संस्थानों, गैलरियों, कला समीक्षकों और संग्राहकों के लिए खुली रहेगी। सभी आगंतुकों के लिए प्रवेश नि:शुल्क रखा गया है, जिससे अधिक से अधिक लोग समकालीन भारतीय कला से जुड़ सकें।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म विकसित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 24 वर्षीय युवा उद्यमी आगमन भाटिया ने ओआरा 'नामक एक क्रांतिकारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म विकसित किया है। यह प्लेटफॉर्म महीनों तक चलने वाली मार्केट रिसर्च को महज कुछ ही मिनटों में समेटने का दावा करता है।

डुरिट के को-फाउंडर के रूप में, आगमन ने अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म विकसित किया 3.0 तैयार किया है। यह एआई असिस्टेंट न केवल यूजर्स को प्रॉपर्टी खोजने और उनकी तुलना करने में मदद करता है, बल्कि अब 10 मिनट से भी कम समय में किसी भी बिजनेस की 'पूरी वायबिलिटी रिपोट' तैयार कर सकता है।

# सुकन्या कैंप का आयोजन किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गोकुलपुरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रत्याशी प्रवीण निवेश द्वारा क्षेत्र में आधार कार्ड कलेक्शन कैंप और सुकन्या समृद्धि योजना कैंप का आयोजन किया गया।

इस कैंप का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराना था। कैंप में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पहुंचे और आधार कार्ड से जुड़ी सेवाओं-जैसे अपडेट, सुधार और नए पंजीकरणख्रका लाभ उठाया। इस अवसर पर प्रवीण निमेश ने कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्र के हर नागरिक तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

खासकर बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता है। पोस्ट ऑफिस इस्पेक्टर कुलदीप ,पीआरओ, नवनीत ,डिपार्टमेंट ऑफ एडवाइजर सैनी भट्ट, ज्ञानेश्वर सिंह, राजीव भड़ाना, सुभाष चंद्र, प्रियंका सिंह, सुमित वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## दिल्ली में ख्याल रन आज

**नई दिल्ली।** भारत का नंबर एक एजटेक प्लेटफॉर्म, "ख्याल", जो खासतौर पर 50+ आयु वर्ग के लिए बनाया गया है, वो इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए "ख्याल रन ख्र दिल्ली चैप्टर" लेकर आ रहा है, जो आज द्वारका, दिल्ली में आयोजित होगा।"ख्याल रन" 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों के लिए खुला है, जिसमें प्रतिभागी अपनी सुविधानुसार 3 किमी, 5 किमी या 10 किमी की दूरी का चयन कर सकते हैं। इस अवसर पर ख्याल के संस्थापक एवं सीईओ, हिमांशु जैन ने कहा, "ख्याल रन" भारत में बढ़ती उम्र के नागरिकों के समुदाय के लिए एक यादगार सार्थक अनुभव बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। जिसे आगे बढ़ाने के क्रम में ये हमारा सार्थक प्रयास है। डेयर2गियर के निदेशक तरुण वाधवा ने कहा, "भारत में रनिंग इवेंट्स अब कम्युनिटी बिल्डिंग के महत्वपूर्ण मंच बनते जा रहे हैं और "ख्याल रन" अपने ऐसे ही अनूठे उद्देश्य के कारण अलग पहचान बनाता है।

## पालम अग्निकांड: सीएम ने मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के पालम इलाके में बहुमंजिला आवासीय इमारत में लगी भीषण आग की घटना पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में हुई मासूमों की मौत को हृदयविदारक बताते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं। मुख्यमंत्री ने इस अग्निकांड की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही, मृतकों के परिवारों को वित्तीय सहायता की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि दिल्ली सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

## चांदनी चौक क्षेत्र में किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में नगर निगम की स्टैंडिंग कमेटी की अध्यक्ष सत्य शर्मा ने बुधवार को चांदनी चौक क्षेत्र के अंतर्गत सदर पहाड़गंज जोन में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दंगल मैदान पार्किंग और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने स्थित क्लब पार्किंग का जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान इन स्थानों पर गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। पाया गया कि कुछ ट्रांसपोर्टर अवैध रूप से पार्किंग स्थलों का उपयोग करते हुए लोडिंग और अनलोडिंग का कार्य कर रहे थे, जिससे व्यवस्था प्रभावित हो रही थी और आम लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सत्य शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# उपभोक्ता शिकायत निवारण पर राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण जारी किया




**नई दिल्ली।** इंडिया जस्टिस रिपोर्ट के अपनी तरह के पहले अध्ययन के निष्कर्षों के मुताबिक भारत के उपभोक्ता आयोगों में लंबित मामले और रिक्तियां उपभोक्ता न्याय सुनिश्चित करने की राह की मुख्य बाधाएं हैं। कंज्यूमर जस्टिस रिपोर्ट 2026: भारत के उपभोक्ता आयोगों की क्षमता का आकलनश नाम से जारी रिपोर्ट में यह पाया गया है कि 2025 में राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोगों में अध्यक्ष और सदस्य के आधे-से-अधिक पद खघली थे। जानकारी साझा करने वाले 19 राज्य आयोगों में दायर मामलों में से एक-तिहाई से अधिक तीन साल से अधिक समय से लंबित थे। उपभोक्ताओं की आयोग तक आसान पहुंच के लिए अतिरिक्त बेंच बनाने के प्रावधान के बावजूद, केवल सात राज्यों ने ऐसी बेंच स्थापित की हैं। भारत के 19 बड़े और मध्यम आकार के राज्यों में आंध्र प्रदेश पहले स्थान पर है, जबकि नौ छोटे राज्यों में पहले दो स्थानों पर मेघालय और सिक्किम रहे। 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आबादी के आधार पर दो समूहों में बांटा गया है (तीसरा समूह सात केंद्र शासित प्रदेशों का है, जिन्हें रैंकिंग नहीं दी गई है)। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, "अगर कानून लागू ही न किया जाए तो संसद जिस मकसद से कघनून बनाती है, वह अधूरा रह जाता है। यह उम्मीद थी कि 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019' से देश के उपभोक्ताओं को और ज्यादा संरक्षण मिलेगा। लेकिन यह चिंताजनक है कि राज्य आयोगों में अध्यक्ष और सदस्यों के आधे से अधिक पद खाली हैं और सभी जिलों में आयोगों का गठन नहीं हुआ है।

# रसोई गैस कालाबाजारी के खिलाफ की पदयात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लोक समाज पार्टी दिल्ली इकाई द्वारा ठेकेदारी,बेरोजगारी के साथ रसोई गैस के कालाबाजारी के खिलाफ चांद सिनेमा त्रिलोकपुरी से ब्लॉक नंबर 21 कल्याणपुरी तक सत्याग्रह पदयात्रा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सतबीर सिंह करौतिया की नेतृत्व में निकाली गई।

इस कार्यक्रम का आयोजन पूर्वी दिल्ली जिला अध्यक्ष सतपाल ने किया था। इस मौके पर पार्टी राष्ट्रीय महासचिव बचन सिंह करैतिया, दिल्ली प्रदेश परिवहन प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील सक्सेना, दिल्ली महिला सभा कांता रानी पींगोलिया, राम गोपाल चौहान, ओम प्रकाश, किशन कश्यप, मीना देवी, अविनाश, राम बीर सिंह, नीरज जनार्दन सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए। उस दौरान कई जगह नुक्कड़




सभाएं भी हुई। चांद सिनेमा पर लोक समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा (एडवोकेट) ,लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज इजरायल अमेरिका द्वारा ईरान पर युद्ध के हालात पर पेट्रोलियम पदार्थ सहित रसोई गैस की समस्या पर भारत के प्रधानमंत्री सहित कई मंत्री द्वारा जनता को आश्वासन देते हैं की रसोई गैस की कमी नहीं है प्रश्न उठता है जब स्टॉक बराबर है तो रसोई गैस की बुकिंग क्यों नहीं हो रही है?

## विकसित भारत युवा कनेक्ट प्रोग्राम आयोजित

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से संबद्ध डॉ. अखिलेश दास गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, नई दिल्ली में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा 'विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में जागरूक करना तथा विकसित भारत 2047 के लक्ष्य से जोड़ना था। राहुल अरोड़ा यूथ आइकन प्रियंक मिश्रा, एपीएस, माननीय युवा मामले एवं खेल मंत्री एवं प्रथम सिंह, प्रतिनिधि, मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर डॉ. विजय धीर, डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ. निरंजन भट्टाचार्य, असिस्टेंट डायरेक्टर पंखुरी अग्रवाल तथा फैकल्टी सदस्य और छात्र उपस्थित थे।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र –I**

वरि० मंडल विद्युत अभियंता / कोचिंग कार्यालय द्वारा जारी निविदा जो कि निम्नलिखित कार्य के लिए थी, जो कि दिनांक 08.04.2026 को 15:01 बजे खोली जानी थी, टेंडर दस्तावेज़ों में कुछ जोड़ने या हटाने के कारण, फर्म को रेलवे की वेबसाइट से टेंडर दस्तावेज़ डाउनलोड करने होंगे। अन्य सभी नियम और शर्तें यथावत रहेंगी।

| क्र सं० | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू0) | बयाना राशि (रू0) | कार्य समापन की अवधि |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | 30-विद्युत-11टी-कोचिंग-2025-26 | दिल्ली मंडल के अंतर्गत आनंद विहार डिपो की प्राइमरी-बेस्ड शताब्दी / तेजस / शताब्दी-टाइप / राजधानी / दुरंतो / गतिमान / AC / एक्सप्रेस ट्रेनों में, वॉशिंग लाइन / पिक लाइन पर रखरखाव कार्यों के दौरान और ऑन-बोर्ड इलेक्ट्रिकल एस्कॉर्टिंग ड्यूटी के समय, AC कोचों के ताज़ी हवा और रिटर्न एयर फिल्टर, AC ग्रिल तथा कूलिंग / कंडेंसर कॉइल्स की सफाई का कार्य, तीन वर्षों की अवधि के लिए। | रू0 12,68,02,167.22 | रू0 7,84,000/- | 36 महीने |

संख्या: 30–विद्युत–11टी–कोचिंग–2025–26 दिनांक: 17.03.2026 912/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## रहस्यमय परिस्थितियों में युवक गायब

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर निवासी लालजी का 36 वर्षीय पुत्र सीटू बीते एक सप्ताह से लापता है। बताया जाता है कि सीटू कभी-कभी शराब का सेवन करता था। जिसके चलते उसकी पत्नी और उसके बीच लड़ाई हो जाती थी। सीटू के पिता ने आरोप लगाया कि बीती भाई दूज को जब सीटू अपनी पत्नी के साथ ससुराल गया था तब उसकी पत्नी ने अपने भाई से सीटू की जमकर पिटाई कराई थी। साथ ही घर वापस आने के बाद उसकी पत्नी ने भी उसके साथ मारपीट की थी। इसके बाद सीटू क्षुब्ध रहने लगा था। बीते सप्ताह भी पति-पत्नी में झगड़ा होने के बाद सीटू घर से चला गया। पहले एक-दो दिन तो स्वयं आ जाने की आस पिता लगाते रहे उसके बाद सभी रिश्तेदारियों में फोन कर सूचना मांगी गई जहां पर भी सीटू की मौजूदगी नहीं मिली।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनी जन समस्याएं

# पीड़ितों को दिलाया योजनाओं का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/ शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के आदेश दिये। इसी क्रम में मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशानुसार "जनता दर्शन" / जनसुनवाई की सीधे सीएम ऑफिस उत्तर प्रदेश से लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा रही है।



जिलाधिकारी ने जनमानस की सुविधा हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया हुआ है कि सभी कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे जन शिकायतें सुनेंगे और उनके साथ जूम पर लाइव रहेंगे। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया एवं जूम के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें शिकायतों से अवगत कराते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश दिए। जनता से अपील, शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारी से मिलें, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ना होने पर जिलाधिकारी से मिलें।

जिलाधिकारी ने कहा हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। जनता दर्शन के दौरान पूर्वांचल कालीदास नवयुवक विकास समिति के अध्यक्ष अशोक के साथ कु. रिया, निवासी जनकपुरी साहिबा. बाद आई, उन्होने जिलाधिकारी महोदय को बताया कि उनके पिता को माउथ कैन्सर हैं, जिनका इलाज कराने में वे असमर्थ हैं और परिवार की हालात भी ठीक नहीं है, शिक्षा व जीवन यापन करने में परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है उनकी माता उक्त एनजीओ में कार्य करती हैं।

जिस पर जिलाधिकारी ने कु0रिया के परिवारजन हेतु रेड क्रास से 25 हजार रूपये की मदद दी व मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के माध्यम से सहायता हेतु आवेदन कराया। साथ ही सम्बंधित योजनाओं के तहत कु0रिया के परिवार की मदद, शिक्षा, भरण-पोषण सहित अन्य लाभ दिलाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

इसके साथ ही राजरानी शर्मा, सैक्टर 3 राजेन्द्र नगर साहिबाबाद बेटी के इलाज हेतु मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सहायता दिलाई। उक्त दोनो के द्वारा जिलाधिकारी का आभार प्रकट किया गया और आम जनता से अपील की गयी कि यदि उन्हें को समस्या हो तो एक बार जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ से अवश्य मिलें।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत, चालक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सड़क पार कर रही महिला तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल में डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम सफियाबाद मंदोरी निवासी भूरी (50 वर्ष) पत्नी कलवा किसी काम से पैदल जा रही थी। जैसे ही वह पूर्व ग्राम प्रधान नफीस अंसारी के घर के सामने सड़क पार करने लगी, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बाइक सवार वहां से फरार हो गया। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है।



**नाबालिगों की लापरवाही बन रही हादसों की वजह**

## कौशांबी में विकास कार्यो का किया गया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** कौशांबी में सड़क निर्माण के कार्य का शुभारंभ पार्षद कुसुम गोयल की पार्षद निधि से कराया गया। इस अवसर पर समाजसेवी मुक्ता अग्रवाल द्वारा नारियल फोड़कर इस कार्य का शुभारंभ किया। पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल द्वारा कौशांबी में चल रहे अन्य विकास कार्यों के बारे में बताया गया। जिसमें प्रमुख रूप से लगभग 50 करोड़ की लागत से माननीय मुख्यमंत्री ग्रीड योजना के तहत काम कराया जा रहा है।

उन्होंने इस कार्य के लिए महापौर सुनीता दयाल नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर समाजसेवी देवेंद्र महाजन, वरिष्ठ भाजपा नेता डीएन सिंह, राकेश गुप्ता अनुज अग्रवाल, डॉ गौरव बंसल, वाई के जैन ,ओपी शर्मा, आर के बंसल, कल्पना गर्ग, प्रियंका शर्मा, उमर अब्बास, चंद्रकांत, मुकेश जैन सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### आई.टी.एस में ऑपरेशन प्रहार नशा मुक्ति अभियान पर

# जागरूकता सत्र का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस के सहयोग से चाणक्य ऑडिटोरियम में ऑपरेशन प्रहार नशा मुक्ति अभियान" विषय पर एक जागरूकता सत्र का सफल आयोजन किया गया।

यह सत्र एम बी ए, एम सी ए,पीजीडीएम, एवं यूजी के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य नशा सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विद्यार्थियों को जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।



इस अवसर पर आई. टी. एस- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी। आई. टी. एस- द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने इस प्रकार के आयोजन और उत्तर प्रदेश पुलिस की सहभागिता एवं उनकी कार्यक्षमता की भूरि भूरि प्रशंसा की।

आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय कुमार ने मुख्य अतिथि श्वेता कुमारी यादव, एसीपी, साहिबाबाद का स्वागत सम्मान पौधा, उपहार एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर किया। सत्र में "ऑपरेशन प्रहार" के अंतर्गत कार्यरत विभिन्न विशेष पुलिस इकाइयों की समन्वित भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया।

एसीपी यादव ने बताया कि एंटी-नारकोटिक्स टीम, स्वाट टीम तथा एंटी-रोमियो स्क्वॉड जैसे दल मिलकर कार्य करते हैं, जिससे अभियान की प्रभावशीलता और सुदृढ़ होती है।

कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से नशा नियंत्रण पर भी चर्चा की गई, जो "ऑपरेशन प्रहार" के दूसरे चरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सत्र का समापन अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ समूह छायाचित्र एवं राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में सार्वजनिक सुरक्षा, जागरूकता तथा नशा मुक्ति के प्रति समझ को और अधिक सुदृढ़ किया।

### सपा की शक्ति का प्रदर्शन 29 मार्च की रैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प

# सिकंदर यादव का ऐलान अखिलेश यादव को सीएम बनाना ही मिशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** 29 मार्च को प्रस्तावित रैली की तैयारियों को लेकर भोपुरा स्थित आशीर्वाद ग्रीन फार्म हाउस में समाजवादी पार्टी की एक विशाल सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में करीब एक हजार से अधिक कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे, जिन्होंने एकजुट होकर रैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार भाटी शामिल हुए, जबकि विशिष्ट अतिथियों में सिकंदर यादव, अमरपाल शर्मा, जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन और कमलेश यादव मौजूद रहे। उनके साथ देवेंद्र टाइगर और अनिल चौधरी भी पहुंचे। सभा के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी ने एक स्वर में निर्णय लिया कि वे अपने-अपने साधनों से रैली में पहुंच. ेंगे और अधिक से अधिक लोगों को साथ लाकर इसे जनशक्ति का बड़ा प्रदर्शन बनाएंगे। विशिष्ट अतिथि सिकंदर यादव ने अपने संबोधन में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना कार्यकर्ताओं का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि मौजूदा सरकार जनता को धर्म और जाति के नाम पर बांटने का काम कर रही है और अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है। मुख्य अतिथि राज. कुमार भाटी ने अपने संबोधन में सामाजिक एकता का संदेश देते हुए कहा कि किसी भी धर्म में जाति के आधार पर भेदभाव की बात नहीं कही गई है। उन्होंने कहा कि सभी धर्म मानवता और समाज के कल्याण के लिए हैं, लेकिन वर्तमान राजनीति में लोगों को बांटने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समाज आपसी विभाजन में उलझा रहा तो देश कमजोर हो सकता है और विकास की गति प्रभावित होगी। सभा का आयोजन बाबू सिंह आर्य (प्रदेश सचिव, समाजवादी पार्टी) ने अपनी टीम के साथ किया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य बबली कसाना, मास्टर भंवर सिंह, मास्टर राजपाल सिंह कसाना, मास्टर ज्ञानचंद, गजराज कसाना, मनीष कसाना, गिरिराज प्रजापति, मनीष पंडित, डॉ. योगी, मास्टर सुखबीर सिंह, मास्टर पदम सिंह, अनिल मंदार, विनोद गुर्जर, अभिषेक मंदार और राजेश यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## अविनाश शर्मा बने केमिस्ट एसोसिएशन के निर्विरोध अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** केमिस्ट एसोसिएशन मोदीनगर के पंचवर्षीय चुनाव में निवर्तमान अध्यक्ष अविनाश शर्मा पुन: निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं उनके साथ साथ ही दिनेश गुप्ता भी पुन: महामंत्री व बृजभूषण कंसल पुन: कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए हैं।

चुनाव अधिकारी देवेन्द्र गुप्ता ने घोषणा करते हुए बताया कि बुधवार शाम नियत 5:00 बजे तक तीन पदों के लिए अलग-अलग तीन (प्रत्येक पद पर एक ही) नामांकन प्राप्त हुए जिसमें अध्यक्ष पद हेतु अविनाश शर्मा, महामंत्री पद हेतु दिनेश गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु बृजभूषण कंसल जी का आवेदन प्राप्त हुआ इसके अलावा कोई अन्य नामांकन किसी भी पद के लिए प्राप्त नहीं हुआ है अत: तीनों पदों के लिए तीनों पदाधिकारी को 5 साल के लिए निर्विरोध निर्वाचित किया जाता है साथ ही अध्यक्ष महोदय को यह अनुरोध किया जाता है कि वह संस्था की कार्यकारिणी का गठन करने के लिए स्वतंत्र हैं। अविनाश शर्मा ने निर्विरोध चुने जाने पर सभी सदस्यों का आभार जताया व सभी के साथ पूर्व की भांति ही सदैव सहयोग करने का आश्वा. सन दिया। मोदीनगर केमिस्ट एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने उनके निर्विरोध निर्वाचित होने पर हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी।



### निवाड़ी मे अधिग्रहित भूमि के सरकार के नाम बैनामे शुरू

## पहले दिन 30 करोड़ रूपये किसानों को मिला मुआवजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** तहसील के निवाड़ी नगर पंचायत क्षेत्र की लगभग 2000 बीघे भूमि का सरकारी अधिग्रहण कर सरकार के नाम बैनामे होने की प्रक्रिया बुधवार से प्रारंभ हो गई।

निवाड़ी नगर पंचायत चेयरमैन अनिल त्यागी ने बताया कि कुल लगभग 735 करोड़ रुपया मुआवजे के तौर पर निवाड़ी के किसानों को मिलना है जिसमें बुधवार को 30 करोड़ रुपए प्राप्त भी हो गए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए निवाड़ी क्षेत्र की कुल लगभग 2000 बीघा जमीन अधिग्रहित की थी जिसके आज से बैनामे शुरू हो गए हैं व पहले दिन किसानों को 30 करोड़ रुपया मुआवजे का प्राप्त भी हो गया है अतिशीघ्र ही बाकी भी मुआवजा प्राप्त हो जायेगा।

पहले दिन इस अवसार पर तहसीलदार मोदीनगर रजत सिंह,नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा,निवाड़ी चेयरमैन अनिल त्यागी आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

## घर में घुसकर मारपीट, जान से मारने की धमकी

**धामपुर।** ग्राम सुहागपुर निवासी सुमन पत्नी दिनेश कुमार ने बताया कि उसके बेटे हेमंत और बहू कामिनी के बीच चल रहे विवाद के चलते 8 फरवरी की शाम आरोपियों ने रंजिशन उसके घर पर धावा बोल दिया। आरोप है कि सलोनी, इशीका, विष्णुकांत और गोलू निवासी आजाद नगर कॉलोनी नगीना ने महिला को घर में अकेला पाकर गाली-गलौज की और लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उसका सिर दीवार से टकरा दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आई। हमले के बाद आरोपियों ने धमकी दी कि यदि किसी को बताया या रिपोर्ट की तो जान से मार देंगे। सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कर मेडिकल कराया गया।

### अभिभावक सामाजिक कल्याण समिति की बैठक

# शिक्षा माफिया के खिलाफ आंदोलन की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राजनगर स्थित राष्ट्रीय प्रशासनिक कार्यालय में अभिभावक सामाजिक कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष किरण शर्मा (एडवोकेट) ने की, जबकि संचालन मोहित राणा द्वारा किया गया। बैठक में प्रदेशभर में फैल रहे शिक्षा क्षेत्र के भ्रष्टाचार और तथाकथित "शिक्षा माफिया" के खिलाफ गंभीर चर्चा की गई।

इस दौरान निर्णय लिया गया कि आगामी 16 मई 2026 को कलेक्ट्रेट गाजियाबाद पर अभिभावकों को एकजुट कर बड़े स्तर पर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। समिति ने यह भी घोषणा की कि उत्तर प्रदेश तथा जिला गाजियाबाद और मुरादाबाद की सभी इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है।



जल्द ही नई नियुक्तियां की जाएंगी, ताकि संगठन को और मजबूत बनाकर शिक्षा माफिया के खिलाफ प्रभावी लड़ाई लड़ी जा सके।

बैठक में शमसुद्दीन सैफी, सौरव बरनवाल (एडवोकेट), सुरेश कुमार, सुदेश शर्मा, अशोक कुमार, लव चौधरी, नरेश वर्मा, कीर्ति चौधरी और एडवोकेट सतीश कुमार , एडवोकेट कमलकांत,सहित कई सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

## गैस किल्लत से बढ़ी महंगाई

**स्योहारा।** नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों घरेलू गैस सिलेंडर की कमी का असर गहराता जा रहा है। गौरतलब है कि गैस की अनियमित आपूर्ति के चलते जहां एक तरफ आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है वहीं दूसरी तरफ बाजार में महंगाई ने भी रफ्तार पकड़ ली है। हालात यह हैं कि रसोई से लेकर होटल-ढाबों तक हर स्तर पर इसका सीधा असर दिखाई देने लगा है। गैस की कमी के चलते कई परिवारों को मजबूरन लकड़ी, कोयला और अन्य पारंपरिक ईंधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे न केवल लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है बल्कि ईंधन सामग्री की मांग बढ़ने से उनके दामों में भी तेजी आई है।

### केएन मोदी कॉम्प्लेक्स की दुकानों पर

# हाउसटैक्स के खिलाफ दुकानदारों ने दिया चेयरमैन को ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** नगर के मध्य स्थित कमर्शियल मार्केट केएन मोदी कॉम्पलेक्स की दुकानों को नगर पालिका परिषद मोदीनगर से प्राप्त हुए हाऊस टैक्स व वाटर टैक्स के नोटिस के खिलाफ सम्बन्धित दुकानदारों ने नगर पालिका चेयरमैन से मुलाकात कर नोटिस के खिलाफ ज्ञापन सौंपा व अपना पक्ष रखा।





दुकानदारों ने ज्ञापन में बताया कि केएन मोदी कॉम्पलेक्स की सभी दुकानों का मालिक मोदी चैरिटेबल ट्रस्ट है व दुकानदारों की दुकानें काफी पुरानी है जो मोदी चैरिटेबल मोदीनगर से किराये पर ली गयी हैं।चूंकि इन सभी दुकानों का मालिकाना हक मोदी चैरिटेबल ट्रस्ट मोदीनगर के पास है इसलिए इन सभी दुकानों का हाऊस टैक्स व वाटर टैक्स मोदी चैरिटेबल ट्रस्ट, मोदीनगर पर लगना चाहिए ना कि इन दुकानों के किरायेदारों पर।

नगर पालिका द्वारा सर्वे लगभग 5 माह पूर्व किया गया है जब कि नोटिस में हाऊस टैक्स का निर्धारण वर्ष 2018 से किया गया है जो कि सर्वथा अनुचित, नियम विरूद्ध एवं अमान्य हैं।

साथ ही सभी दुकानों का क्षेत्रफल बराबर होने के बावजूद हाउसटैक्स अलग अलग लगाया गया है यह गलत है। कुछ दुकानें 2022 में बनी है उनपर भी 2018 से टैक्स लगाया गया है जोकि गलत है। कुछ दुकानें 2022 में बड़ी की गई थी उनपर भी दो दुकानें मानकर अलग अलग टैक्स लगाया गया है यह भी गलत है।तथा इन दुकानों पर हाऊस टैक्स के अलावा जलकर दर्शाया गया है जबकि दुकानों में पानी का कनैक्शन नहीं हैं।अत: इन नोटिसों को तुरंत कैंसिल किए जाने की मांग की गई है।

चेयरमैन विनोद वैशाली ने सभी की बातों को ध्यान से सुना व ज्ञापन स्वीकार कर नियमानुसार उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में समाजसेवी अनिल बंसल, भाजपा जिलाध्यक्ष (किमो) नीरज त्यागी, जाट समाज अध्यक्ष सतीश नेहरा, विनोद नेहरा, डॉ सहनसरपाल, व्यापारी नेता स्वदेश जैन, प्रदीप बॉस, पप्पन शर्मा, सभासद सूबे सिंह सहित सभी दुकानदार व सामा. जिक लोग मौजूद रहे।

# प्राइवेट स्कूलों व अस्पतालों के बाहर रेट लिस्ट लगाने की मांग

## किसान बोले: किसान दिवस में समस्याएं उठाने के बावजूद नहीं होता उनका कोई समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें बागपत क्षेत्र के किसानों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा। किसानों ने प्राइवेट स्कूलों और अस्पतालों के बाहर रेट लिस्ट लगाने की मांग की, साथ ही समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी।






किसानों ने आरोप लगाया कि किसान दिवस पर समस्याएं उठाने के बावजूद उनका समाधान नहीं होता। कई समस्याओं पर तो अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने विशेष रूप से प्राइवेट अस्पतालों पर मरीजों से अधिक पैसे वसूलने और प्राइवेट स्कूलों पर फीस के नाम पर ज्यादा वसूली करने का आरोप लगाया। इन समस्याओं को उठाते हुए किसानों ने मांग की कि प्राइवेट अस्पतालों के बाहर प्रत्येक जांच और दवा की रेट लिस्ट लगाई जाए। इसी तरह, स्कूलों के बाहर भी फीस की रेट लिस्ट प्रदर्शित की जानी चाहिए, जिससे स्थानीय लोगों को राहत मिल सके। किसानों ने बकाया गन्ना भुगतान, आवारा पशुओं की समस्या और बिजली संबंधी मुद्दों को लेकर भी अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने इन सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। किसान नेता हिम्मत सिंह ने कहा कि यदि अस्पताल और स्कूल से संबंधित उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं होता है, तो पहले पंचायत की जाएगी। इसके बाद आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान दिल्ली एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा, हिम्मत सिंह, संजीव दांगी, जितेन्द्र, विनोद कुमार, शिवदत्त शर्मा, बिजेन्द्र, इन्द्रपाल, रविन्द्र मुखिया, धर्मबीर सिंह सिरसली आदि मौजूद रहे।

# पहल के तहत कक्षाओं में पढ़ाई को बनाया गया ऐक्टिविटी आधारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को बड़ौत स्थित रविदास वैदिक पाठशाला में इन दिनों एक नई शिक्षा क्रांति आगे बढ़ी है जो सीखने पढ़ने के नए तरीकों से बच्चों को आत्मविश्वासी एवं पढ़ाई में बेहतर बना रही है। कक्षा में बैठा वह बच्चा, जो कुछ समय पहले तक सिर झुकाकर चुप रहता था, अब पूरी कक्षा के सामने खड़ा होकर कहानी सुना रहा है। उसके शब्द भले धीरे-धीरे निकलते हों, लेकिन आत्मविश्वास साफ झलकता है। साथी छात्र ताली बजाते हैं और शिक्षक मुस्कुराते हैं। यह बदलाव हशिक्षा सेतुह पहल का असर है, जिसने सरकारी स्कूल में पढ़ाई के तरीके को नई दिशा दी है।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल की पहल पर ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी के सहयोग से शुरू किया गया। शिक्षा सेतु कार्यक्रम बच्चों की पढ़ाई को रटने से निकालकर समझने, संवाद और अनुभव से जोड़ने का प्रयास है। इस पहल के तहत कक्षाओं में पढ़ाई को ऐक्टिविटी आधारित बनाया गया है, जिसमें कहानी, कला, चर्चा और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से बच्चों को सीखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्कूलों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया था कि बच्चों में जिज्ञासा और क्षमता तो है, लेकिन पारंपरिक पढ़ाई का तरीका उनके आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति को सीमित कर रहा है। बच्चे पाठ याद कर लेते थे, लेकिन समझ नहीं पाते थे और अपनी बात रखने में हिच. कते थे। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए शिक्षा सेतु की शुरुआत की गई। इस पहल के लागू होने के बाद कक्षाओं का माहौल पूरी तरह बदल गया है। अब पढ़ाई केवल शिक्षक तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चे भी सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। अंग्रेजी भाषा को कहानियों के माध्यम से सिखाया जा रहा है, जिससे बच्चे भाषा को समझते हैं और उसे अपने शब्दों में व्यक्त करते हैं। इसके साथ ही गणित को भी रोजमर्रा के उदाहरणों से जोड़कर पढ़ाया जा रहा है, जिससे विषय को समझना आसान हो गया है। कक्षा में कला और गतिविधियों को भी शामिल किया गया है।

# झाड़ियां के बीच घायल व्यवस्था में तड़पती मिली महिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के रेलवे स्टेशन के निकट घायल व्यवस्था में एक महिला झाड़ियां के बीच बड़ी तड़प रही थी। अचानक उस पर आने जाने वाले लोगों की नजर पड़ी तो बेहोशी की हालत में महिला को उठाकर लोगों ने नगर की सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने महिला की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। महिला ने अपना नाम अनुराधा पत्नी विनोद कुमार निवासी बावली बताया इसकी सूचना पुलिस को दी गई। बडौत थाना पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई बाकी का मामला महिला के होश आने पर लगेगा महिला कुछ-कुछ बेहा. ेशी की हालत में अपना उपचार कर रही है। महिला ने बताया कि मारपीट करते हुए मुझे कुछ लोग रेलवे स्टेशन के निकट झाड़ियां की तरफ फेंक कर चले गए सीएचसी में कार्यरत फार्मासिस्ट अध्यक्ष ओमव. ीर मलिक ने बताया कि महिला का उपचार करके बागपत रेुर कर दिया गया है। महिला के हाथ पैर चेहरे पर भी चोट लगी हुई है। ऐसा प्रतीक हो रहा है कि मारपीट करके महिला को स्टेशन के पास झाड़ियां की तरु फेंक कर चले गए अभी महिला बेहोशी की हालत में है।



# डीएम ने स्वयं स्कूलों में जाकर बच्चों से किया संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बच्चे चित्र बनाते हैं, समूह में कार्य करते हैं और अपनी सोच व्यक्त करते हैं। इससे उनकी रचनात्मकता के साथ-साथ आत्मविश्वास भी बढ़ा है। पहले जो बच्चे बोलने में झिझकते थे, अब वे सक्रिय रूप से भाग लेते नजर आ रहे हैं। इस पहल के तहत बच्चों को संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी से भी जोड़ा जा रहा है।

उन्हें पर्यावरण संरक्षण, पशुओं के प्रति दया और समाज के प्रति जिम्मेदारी जैसे विषयों के बारे में जागरूक किया जा रहा है, जिससे शिक्षा केवल अकादमिक न रहकर व्यवहारिक और मूल्य आधारित बन रही है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने स्वयं स्कूलों में जाकर बच्चों से संवाद किया और उन्हें प्रोत्साहित किया। उनके नेतृत्व में इस पहल को एक मिशन के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसमें बच्चों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी और छात्र स्वयंसेवकों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। वे बच्चों के साथ बैठकर उन्हें पढ़ाते हैं, संवाद करते हैं और उन्हें प्रेरित करते हैं। इससे ग्रामीण और आधुनिक शिक्षा के बीच एक मजबूत सेतु स्थापित हुआ है। शिक्षकों के अनुसार, इस पहल के बाद बच्चों के व्यवहार में स्पष्ट परिवर्तन देखने को मिला है। वे अब अधिक सक्रिय हैं, सवाल पूछते हैं और पढ़ाई में रुचि दिखाते हैं। कक्षा का वातावरण पहले की तुलना में अधिक जीवंत और सकारात्मक हो गया है। इस पहल का असर अब घरों तक भी पहुंचने लगा है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चे घर आकर स्कूल में सीखी गई बातें साझा करते हैं।

**क नजर**

# आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य मार्गों और बाजारों में पैदल गश्त कर स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने व्यस्ततम मार्गों और मुख्य चौराहों पर निरंतर चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। पुलिस कर्मियों की तैनाती और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से असामाजिक तत्वों पर नजर रखने को भी कहा गया। बागपत एसपी सूरज राय के निर्देशन में पुलिस प्रशासन ने आगामी त्योहारों के लिए पूरी तैयारी कर ली है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह अलर्ट पर है। एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने पुलिस कर्मियों के साथ शहर का भ्रमण करते हुए स्थानीय लोगों से बात. चीत की और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग की अपील की। उन्होंने संदिग्ध दिखने वाले लोगों की तलाशी कराई और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान भी किए। उन्होंने पुलिस कर्मियों को डयूटी में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। असामा. जिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। एडिशनल एसपी चौहान ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया है और जनपद में शांति व्यवस्था कायम है।

# कार्यकर्ताओं ने लगाया पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के कार्यकर्ताओं ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष की सुरक्षा को लेकर मोर्चा खोल दिया। कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया और सुरक्षा बहाल करने की मांग उठाई।

बागपत में राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाते हुए उन्हें पुन: सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। जिलाध्यक्ष आशीष वशिष्ठ के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। वशिष्ठ ने आरोप लगाया कि श्रीकांत त्यागी के एक निजी सुरक्षाकर्मी ने उनकी हत्या की साजिश रची थी और वह फरार हो गया, लेकिन शिकायत के बावजूद पुलिस ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उन्होंने नोएडा पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पहले श्रीकांत त्यागी को (वाई) श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त थी, जिसे अब बहाल किया जाना चाहिए।

वशिष्ठ ने कहा कि श्रीकांत त्यागी विभिन्न समाजों को साथ लेकर चलने वाले बड़े नेता हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षा में चूक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और तत्काल सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी अस्मितलाल को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा, जिसमें पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



# एक माह पूर्व हुए सड़क हादसे के संबंध में पुलिस ने किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** निर्माणाधीन दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर एक माह पूर्व हुए सड़क हादसे के संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई मृतक सिद्धार्थ के पिता सतेंद्र, निवासी ककौरकलां, की शिकायत पर की गई है।

सतेंद्र ने बताया कि उनका बेटा सिद्धार्थ 8 फरवरी को अपने मौसेरे भाई सागर, निवासी बदरखा, के साथ शामली में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। वापसी के समय दोनों युवक दिल्ली-देहरादून निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे से गुजर रहे थे। कंडेरा गांव के पास निर्माण कार्य कर रही कंपनी का एक ट्रक बिना इंडिकेटर और लाइट जलाए सड़क पर खड़ा था। अंधेरा होने के कारण कार सवारों को ट्रक दिखाई नहीं दिया और उनकी कार सीधे उससे टकरा गई। इस हादसे में सिद्धार्थ और सागर दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे के बाद पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया था। मृतक के पिता ने अब निर्माण कंपनी की लापरवाही को दुर्घटना का कारण बताते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# साध्वी निरंजन ज्योति को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर दी बधाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर से भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला कार्यालय प्रभारी बागपत एवं वार्ड नंबर 16 नगर से सभासद के भावी प्रत्याशी रवि कश्यप के नेतृत्व में भाजपा ओबीसी मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में पहुंचा जिसमें साध्वी निरंजन ज्योति को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उन्हें बधाई दी। फूलों के गुलदस्ते देकर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला कार्यालय पटवारी बागपत रवि कश्यप ने कहा कि साध्वी निरंजन ज्योति उत्तर प्रदेश की एक जानी-मानी वरिष्ठ भाजपा नेता है। उन्होंने राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई है और जमीनी स्तर से उठकर बड़ा मुकाम हासिल किया है। उनका लंबा अनुभव पिछले वर्गों के विकास के लिए काम आएगा हम उनका हार्दिक स्वागत करते है। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी डा.पवन शर्मा जिला मंत्री मनोज कटारिया युवा नेता राजगोपाल कश्यप मनोज कश्यप सुमित कश्यप नवीन कुमार के अलावा काफी संख्या में भाजपा कार्य करता उनके स्वागत पर मौजूद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने जल्दी बागपत में आने के लिए उनका निमंत्रण स्वीकार किया।

# प्राथमिक विद्यालय से इनवर्टर बैंटरी चोरी करने वाले गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बसौद के मारपुर गढ़ी स्थित प्राथमिक विद्यालय से 17 मार्च को इनवर्टर व बैंटरी चोरी करने के दो आरोपियों को पुलिस ने सामान के साथ दबोच लिया। दोनों का चालान कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

17 मार्च को दिल चौकी क्षेत्र के अमरपुर गढ़ी स्थित प्राथमिक विद्यालय से इनवर्टर व दो बैटरी चोरी कर लिए गए थे। प्रधानाध्यापक सोबत वीर मलिक ने सिंघावली अहीर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराकर कर्तव्य की मांग की थी। पुलिस ने कर्त्तव्य करते हुए मंगलवार रात डोला से अमरपुर गढ़ी जाने वाले रस्ते पर दो संदिग्ध युवक पकड़े। दोनों युवकों से पूछताछ में दोनों ने प्राथमिक विद्यालय में चोरी करना स्वीकार किया। पकड़े गए युवक रशीद त्यागी व साजिद बसौद गांव के रहने वाले है। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने उनके पास से एक इनवर्टर, दो बैटरी, एक पावर कट, एक कटा हुआ ताला व घटना में प्रयुक्त मोबाइल बरामद किया। पकड़े गए दोनों आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।




# ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** ईद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से बड़ौत कोतवाली में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों के इमाम, मुस्लिम समाज के जिम्मेदार लोग तथा पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक की अध्यक्षता एसडीएम भावना सिंह ने की। इस दौरान कोतवाली प्रभारी दीक्षित त्यागी, सीओ अंशु जैन सहित पुलिस और प्रशासन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी धर्मगुरुओं और समाज के प्रति. निधियों से ईद के अवसर पर आपसी भाईचारा बनाए रखने और शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की। बैठक में प्रशासन की ओर से स्पष्ट निर्देश दिए गए कि ईद की नमाज सड़क पर नहीं बल्कि ईदगाह या निर्धारित स्थान के अंदर ही अदा की जाए। यदि किसी भी स्थान पर सड़क पर नमाज अदा की गई तो प्रशासन को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। एसडीएम भावना सिंह ने कहा कि ईद का त्योहार प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है, इसलिए सभी लोग मिलजुलकर त्योहार मनाएं और प्रशासन का सहयोग करें। वहीं कोतवाली प्रभारी दीक्षित त्यागी ने कहा कि ईद के मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे और किसी भी तरह की अव्यवस्था या अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद इमामों और मुस्लिम समाज के जिम्मेदार लोगों ने भी प्रशासन को भरोसा दिलाया कि ईद का त्योहार शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था का पालन करते हुए मनाया जाएगा। इस दौरान जमीरउद्दीन अब्बासी, डा.सालहीन, इमरान प्रधान, साबिर चौधरी, डा. इकलक और जावेद प्रधान सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# बच्चों द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प उत्पाद, कला कृतियां और उपयोगी वस्तुएं प्रदर्शित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** स्टॉल्स पर बच्चों ने अपने द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प उत्पाद, कला कृतियां और उपयोगी वस्तुएं प्रदर्शित कीं, जिन्हें लोगों ने सराहा और खरीदकर उनका उत्साहवर्धन किया। 18 मार्च से 26 मार्च तक पूरे जनपद में एक उत्सव के रूप में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बड़ौत में आयोजित प्रदर्शनी 20 मार्च तक आयोजित होगी जबकि अन्य विकास खंडों में भी चरणबद्ध तरीके से कार्यक्रम होंगे। इसके लिए प्रशासन द्वारा नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है और सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्यक्रमों को सफल बनाने के निर्देश दिए गए है। इन आयोजनों के तहत विभिन्न वर्गों के लिए विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। किसानों के लिए कृषि एवं पशुपालन से जुड़े सम्मेलन, युवाओं के लिए रोजगार मेले और कौशल विकास कार्यक्रम तथा महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूहों और स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देने वाले सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इससे यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि समाज के प्रत्येक वर्ग को योजनाओं का लाभ मिल सके और वे विकास प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभा सकें। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को और जीवंत बना दिया। साथ ही, ओडीओपी योजना के तहत स्थानीय उत्पादों के स्टॉल भी लगाए गए।

# नए यूपी में तेजी से बदल रही बागपत की तस्वीर

**बागपत।** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद में विकास, सुशासन और जनकल्याण की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद बड़ौत स्थित गांधी पार्क में संकल्प से सिद्धि सुरक्षा, सुशासन, समृद्धि थीम पर भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

यह आयोजन प्रदेश के बदलते स्वरूप और बीते वर्षों में हुए व्यापक विकास कार्यों की एक सशक्त झलक प्रस्तुत करता नजर आया। कार्यक्रम का उद्घाटन छपरौली विधायक डा.अजय कुमार एवं नगर पालिका परिषद बड़ौत की अध्यक्षा बबीता तोमर ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को जनभागीदारी का उत्सव बना दिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स आकर्षण का केंद्र रहे, जहां केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, एक जिला एक उत्पाद योजना सहित अनेक योजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। इन स्टॉल्स पर पहुंचे लोगों ने योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और कई लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इन योजनाओं ने उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़े लाभार्थियों को चेक प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि डा.अजय कुमार ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने विकास, कानून व्यवस्था और सुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा का माहौल मजबूत हुआ है, जिससे निवेश और रोजगार के अवसर बढ़े हैं तथा आम नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। नगर पालिका अध्यक्षा बबीता तोमर ने भी कहा कि शहरी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हुआ है और इस प्रकार के कार्यक्रमों से लोगों को योजनाओं की जानकारी सीधे मिल रही है। कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की विशेष सहभागिता देखने को मिली, जहां विभाग की ओर से 10 से अधिक आकर्षक स्टॉल लगाए गए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**सूचना**

मेरे पुत्रो का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्रो पिन्टू व राजेन्द्र व पुत्रवधू सावित्री व हर्षिता से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
बेचेलाल पुत्र निरोत्तम निवासी प्रीतविहार सोम बाजार के पास छपरौला थाना बादलपुर जिला गौतमबुद्ध नगर।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र रोजुदीन व उसकी पत्नि गुलिस्ता से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
हमीदन पत्नि मरहूम इस्लामुदीन निवासी अमीनगर सराय तहसील व जनपद बागपत।

# किठौर में दिनदहाड़े कंफेक्शनरी पर लूट

## गनप्वाइंट पर किशोर से 10 हजार की नकदी व सामान ले उड़े बदमाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला मौसमखानी किठौर में बुधवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब बाइक सवार तीन बदमाशों ने ग्राहक बनकर कंफेक्शनरी की दुकान पर धावा बोलते हुए लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। बदमाशों ने दुकान पर मौजूद किशोर को गनप्वाइंट पर लेकर गल्ले में रखी करीब 10 हजार रुपये की नकदी व कुछ सामान लूट लिया और फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

मोहल्ला मौसमखानी निवासी अबरार अहमद पुत्र इसरार की क्षेत्र में कंफेक्शनरी की दुकान है। बुधवार को दोपहर करीब 12 बजे दुकान पर उनका 13 वर्षीय भतीजा अब्दुल बारी पुत्र मुशाहिद अली बैठा हुआ था। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवक ग्राहक बनकर दुकान पर पहुंचे। कुछ ही देर में उन्होंने तमंचा निकाल लिया और अब्दुल बारी को गनप्वाइंट पर लेकर गल्ले में रखी नकदी निकाल ली। बदमाशों ने गल्ले में रखे लगभग 10 हजार रुपये के अलावा दुकान से कुछ सामान भी उठा लिया। जाते समय उन्होंने किशोर को धमकी दी कि यदि उसने शोर मचाया तो उसे गोली मार देंगे। हथियारों से लैस बदमाशों को देखकर सहमा किशोर कोई विरोध नहीं कर सका और उनके जाने के बाद दुकान में बैठकर रोता रहा। करीब एक बजे अबरार अहमद दुकान पर पहुंचे तो भतीजे ने उन्हें पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद तत्काल डायल 112 पर सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। प्रकरण की जानकारी थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना को भी दी गई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें बाइक सवार तीनों बदमाश स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। हालांकि बाइक पर नंबर प्लेट नहीं होने के कारण उनकी पहचान में दिक्कत आ रही है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद से क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त है।


जांच पड़ताल करती पुलिस।


सीसीटीवी कैमरे में कैद बदमाश।

# परीक्षितगढ़ में नामित सभासदों में संयुक्त व्यापार मंडल का बोलबाला

## राजेंद्र गर्ग, कोशिंदर उर्फ कामेश पंवार व सुरेंद्र उर्फ गुड्डू प्रजापति के नाम हुई घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर पंचायत परीक्षितगढ़ में नामित सभासदों में संयुक्त व्यापार मंडल का बोलबाला रहा है। नामित सभासदों में संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष मोहल्ला सुभाष चौक निवासी राजेंद्र गर्ग, गंधार दरवाजा निवासी कोशिंदर उर्फ कामेश पंवार व मोहल्ला गंधार दरवाजा निवासी सुरेंद्र उर्फ गुड्डू प्रजापति के नाम की घोषणा की गई है। संयुक्त व्यापार के अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग ने कहा कि वे हमेशा नगरवासियों की सेवा करते रहे हे आगे भी करते रहेंगे वहीं उन्होंने इसके लिए हस्तिनापुर के विधायक व राज्य मंत्री दिनेश खटीक ओर पूर्व चेयरमैन अमित मोहन टीपू का भी आभार व्यक्त किया। वहीं कोशिंदर उर्फ कामेश पवार ने कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी का आभार व्यक्त करता हूं साथ ही बिजनौर सांसद बड़े भाई चंदन चौहान का भी दिल से आभार व्यक्त करता हूं। तथा वार्ड वासियों व नगर की सेवा करूंगा। संयुक्त व्यापार मंडल के महामंत्री शुभम वशिष्ठ ने बताया कि पूरे व्यापार मंडल में खुशी की लहर है। शीघ्र ही नवनियुक्त सभासदों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। पूर्व चेयरमैन अमित मोहन टीपू, सचिन त्यागी, भाजपा नेता गगन त्यागी, ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेंद्र त्यागी, प्रदेश सचिव उस्मान अली, , जिला उपाध्यक्ष मुमतीयाज अली. जिला सचिव विवेक त्यागी मंडल के कोषाध्यक्ष संजय वर्मा, पूर्व सभासद मुनेंद्र गुर्जर शरद पंवार मास्टर अनिल पवन गुर्जर मुन्नू चाचा पप्पू गुर्जर बिट्टू प्रिंस, रामपाल राम्फल, अरूण को. शिक, डॉ. राकेश शर्मा, विपिन त्यागी, अरविंद रस्तोगी, बोबी गोयल, भाजपा मंडल अध्यक्ष सोहनवीर सिंह, महामंत्री संजीव पाराशर, आदि ने तीनों नवनियुक्त सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी हैं।


राजेंद्र गर्ग, कोशिंदर उर्फ कामेश पंवार व सुरेंद्र उर्फ गुड्डू प्रजापति।

## नगर पंचायत दौराला में नवनियुक्त नामित सभासदों को दिलाई गई शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर पंचायत दौराला से नवनियुक्त नामित सभासद सबसे युवा सभासद प्रशांत अहलावत, सभासद धीरेंद्र राकेश भारद्वाज, सभासद संजय नामदेव को दौराला नगर पंचायत चेयरमैन देवेंद्र अहलावत और अधिशासी अधिकारी करिश्मा सिंह ने शासन द्वारा नवनियुक्त सभासदों को सभासद पद की शपथ दिलाई। इस दौरान मौजूद रहे, दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला,पूर्व भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र अहलावत, धीरेंद्र सिंह, ओमवीर सिंह, सुनील अहलावत, फौजी संजय सिंह, अमित चौधरी, मोहित तवर, विक्रांत,अंकित चौधरी आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान, ब्राह्मण समाज ने की चिंतन बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिम उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के खिलाफ ब्राह्मण समाज का असंतोष अब खुलकर सामने आने लगा है। इसी क्रम में बुधवार को मोदीपुरम स्थित अप्पू ग्रीन पार्क कॉलोनी मोदीपुरम मेरठ में भारतीय ब्राह्मण संसद द्वारा एक चिंतन बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न प्रति. निधियों ने भाग लिया। बैठक में ब्राह्मण समाज पर लगातार हो रहे कथित हमलों एवं भाजपा सरकार द्वारा उपेक्षा के मुद्दे पर गंभीर चर्चा की गई। इस दौरान कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। भारतीय ब्राह्मण संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि ब्राह्मण समाज ने पश्चिम उत्तर प्रदेश में हर चुनाव में भाजपा को लगभग 90 प्रतिशत तक समर्थन दिया, लेकिन इसके बावजूद पार्टी ने समाज को कोई बड़ा या सम्मानजनक पद नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मेरठ सहित पूरे पश्चिम उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण समाज के मजबूत और पुराने नेताओं की लगातार अनदेखी की गई है। न तो किसी को कैबिनेट मंत्री बनाया गया, न उपमुख्यमंत्री, न प्रदेश अध्यक्ष और न ही पश्चिम क्षेत्र का अध्यक्ष। इसके उलटे अन्य दलों से आए लोगों को प्राथमिकता देकर समाज के वरिष्ठ नेताओं का अपमान किया गया। बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि हाल के वर्षों में ब्राह्मण समाज के खिलाफ आपत्ति. जनक बयान, फिल्मों और प्रतियोगी परीक्षाओं में नकारात्मक चित्रण जैसी घटनाएं सामने आई हैं, लेकिन इन मामलों में सरकार द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद शर्मा ने भाजपा महानगर मेरठ की हालिया कार्यकारिणी गठन पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इसमें अनुभवी और समर्पित ब्राह्मण नेताओं को दर. किनार कर दिया गया, जिससे समाज में गहरा असंतोष है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लगभग 18 प्रतिशत ब्राह्मण आबादी होने के बावजूद सरकार और संगठन में उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है। यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी प्रदेश और केंद्रीय चुनावों में ब्राह्मण समाज भाजपा का कड़ा विरोध करेगा और उस राजनीतिक दल का समर्थन करेगा, जो समाज को अधिक टिकट और महत्वपूर्ण पदों पर प्रतिनिधित्व देगा। जल्द ही पूरे उत्तर प्रदेश के ब्राह्मणों की एक बड़ी संसद मेरठ में आयोजित की जाएगी जिसमें पूरे देश के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के सभी विधायक, सांसद, चेयरमैन और पूर्व। चेयरमैन, अध्यक्ष और गणमान्य लोगों को बुलाया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाशचंद शर्मा, महासि. चव अमित शर्मा, संगठन मंत्री राजीव दत्त शर्मा आनंद शर्मा, सुनील शर्मा, सुशील शर्मा, भास्कर शर्मा, राहुल शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




## अप्रैल में ऑल इण्डिया आर्टिस्ट एण्ड बिजनेस अवार्ड 2026 का होगा आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को सनी एन्टरटेनमैन्ट ग्रुप की 16वीं वर्षगाठ पूर्ण होने पर बेगमबाग स्थित रैट्रो लॉन्च रेस्टोरेन्ट में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। सनी एन्टरटेनमैन्ट ग्रुप के डायरेक्टर राजीव कुमार (जूनियर सनी देओल) ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सनी एन्टरटेनमैन्ट ग्रुप के 16 वर्ष पूर्ण होने पर होटल कॉनवे शॉप्रिक्स मॉल में ऑल इण्डिया आर्टिस्ट एण्ड बिजनेस अवॉर्ड 2026 आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बिजनेसमैन व कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा, जिसके लिए टी.वी. कलाक. ार व बॉलीवुड की बड़े पर्दे की किसी महान हस्ती को आमंत्रित किया जाएगा, जिनके द्वारा सभी अतिथियों को अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रा. ग्राम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान अनुरोध चौहान, अलका चौधरी, अनुराग गुप्ता, कृति गुप्ता, गौरव शर्मा, प्रवीण कुमार, विनय सहमल, रवि कुमार (जूनियर सोनू निगम) आदि उपस्थित रहे।

## आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाएं ईद का त्यौहार: थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** क्षेत्राधिकार आशुतोष कुमार के निर्देश के बाद बुधवार को जानी थाना परिसर में ईद उल फितर और नवरात्रों को लेकर एक बैठक आयोजित हुई। इस दौरान अलविदा की नमाज को शांतिपूर्ण व भाईचारे से संपन्न करने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील की गई। वहीं जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने कहा कि ईद की नमाज ईदगाह में ही पढ़ें, कोई भी सड़क पर नमाज अदा न करें। अगर किसी ने भी इस तरह सड़क पर नमाज अदा की तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं बैठक के दौरान लोगों ने अपनी समस्या और सुझाव प्रशासन के और थाना प्रभारी के समक्ष रखें। थाना प्रभारी ने लोगों को समाधान का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी ने नवरात्रि व ईद के अवसर पर लोगों से अपील की कि प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाईन का पालन करें और आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ त्यौहार मनाएं। थाना प्रभारी ने सभी चौकी इचार्ज को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में पेट्रोलिंग करें और अगर कोई भी ईद के त्यौहार पर हुड़दंग या माहौल खराब करने की कोशिश करें तो तुरंत कार्रवाई कर उसे जेल भेजें। वहीं जानी थाना के एसएसआई कपिल देव ने मुस्लिम समुदाय से कहा कि ईद उल फितर की नमाज बड़े शांतिपूर्ण ढंग से अदा करें और जिसमें पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा। इस मौके पर रसुलपुर धौलडी के समाजसेवी तनवीर काजमी, जमा काजमी, कोकब काजमी, मेहंदी असगर, ग्राम प्रधान जानी कला नूर मोहम्मद, ग्राम प्रधान जानी खुर्द वेदपाल फौजी, परवीन, सोनू खान, निखिल जिंदल, साजिद अली, अयूब खान आदि मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना सरधना पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी।

गत 17 फरवरी 2026 को ग्राम नवाबगढ़ी निवासी पीड़िता ने थाना सरधना में शिकायत दर्ज कराई थी कि कस्बा सरधना के मोहल्ला किला खैवान निवासी सादाब उर्फ जुम्मन ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा संख्या 107/2026 धारा 69 बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक आदित्य सिंह को सौंपी गई थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना स्तर पर विशेष टीम गठित की गई, जो लगातार उसकी तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में बुधवार देर रात करीब एक बजे पुलिस टीम ने गाजियाबाद के विजयनगर स्थित कांशीराम कॉलोनी सेक्टर-2 में किराए के मकान पर दबिश देकर आरोपी सादाब उर्फ जुम्मन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है और पूर्व में भी कई बार जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया. जहाँ से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया।



# करनवाल में तीसा गोस्वामी का भव्य स्वागत, ढोल-नगाड़ों से गूंजा कस्बा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** कस्बा करनावल निवासी तीसा गोस्वामी के भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद में महिला मोर्चा जिला मंत्री बनने पर प्रथम आगमन पर कस्बे में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में हाल ही में निर्वाचित सभासद गौरव दहिया का भी जोरदार स्वागत किया गया। समारोह के दौरान वक्ताओं ने तीसा गोस्वामी की उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर लोकेंद्र चेयरमैन, उत्तम मंडल अध्यक्ष, आदेश कसाना, मंडल महामंत्री गौतम, कर्ण सिंह बाबा, गौरव फोगाट, शकील, विपिन, राहुल, शक्ति भगत और अंशुल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और खुशी से भरा रहा।

# चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय में विद्वत परिषद की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में बुधवार को विद्वत परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विश्व. विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातक स्तर (बीए, बीकॉम एवं बीएससी) के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं अब वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र पैटर्न पर आधारित होंगी। कोर/करिकुलर कोर्स के प्रत्येक प्रश्न पत्र में 100 प्रश्न होंगे तथा परीक्षा की अवधि 2 घंटे निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त बीए, बीएससी एवं बीकॉम पाठ्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के 3 क्रेडिट कोर्स को स्किल एन्हांसमेंट कोर्स के रूप में अनिवार्य रूप से संचालित करने का निर्णय भी लिया गया, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से जोड़ा जा सके। बैठक में कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव, वित्त अधिकारी रमेश चंद्र, डिप्टी रजिस्ट्रार सत्य प्रकाश, प्रो. हरे कृष्णा, मीडिया सेल सदस्य मितेंद्र कुमार गुप्ता सहित विद्वत परिषद के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



### चार वर्षीय बीएबीएड एवं बीएससी बीएड कार्यक्रम प्रारंभ

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शैक्षणिक सत्र 2026-27 से चार वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम बी.ए.-बी. एड. एवं बी.एससी.-बी.एड. प्रारम्भ किए जाने की घोषणा की गई है। विश्वविद्यालय को इन पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त हो चुकी है।

कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला के नेतृत्व में प्रारम्भ किया जा रहा यह कार्यक्रम माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर के लिए दक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, इस पाठ्यक्रम में प्रवेश राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होगा। वर्ष 2026 में कक्षा 12 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अथवा उत्तीर्ण अभ्यर्थी निर्धारित पात्रता के अनुसार आवेदन कर सकेंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को विषय-विशेष ज्ञान के साथ-साथ शिक्षण कौशल, विद्यालयीय इंटर्नशिप, शैक्षिक प्रौद्योगिकी एवं शोध आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। चार वर्ष की अवधि पूर्ण करने पर अभ्यर्थियों को स्नातक उपाधि के साथ बी.एड. की डिग्री प्रदान की जाएगी। प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित की जाएगी। काउंसिलिंग प्रक्रिया में आरक्षण नीति एवं मेरिट के आधार पर सीटों का आवंटन किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि यह कार्यक्रम शिक्षक शिक्षा में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं अकादमिक उत्कृष्टता को और सुदृढ़ करेगा। अधिक जानकारी, पात्रता शर्तें एवं महत्वपूर्ण तिथियाँ विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

## उत्तम नगर दिल्ली कांड पर भाजपा राजनीति करके माहौल खराब करने से बाज आए : धीरेन्द्र प्रताप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** उत्तम नगर दिल्ली में एक हिंदू युवक की हत्या को लेकर भाजपाइयों द्वारा वोटों का ध्रुवीकरण करने की राजनीति कर रखी है। वहीं उन्होंने भाजपा के इरादों की कड़ी निन्दा की है।

कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता उत्तराखंड धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि वहां पर एक समुदाय के कई लोगों को गिरफ्तार कर रमजान व ईद के नजदीक कई बेकसूर लोगों को जेलों में बन्द कर दिया है। ऐसी स्थिति में कानून अपना काम सही से नहीं कर रहा है। परंतु भाजपा के इशारे पर कानून को नचाया जा रहा हैं। कानून का भाजपा राजनी. तिकरण करने में लगी हुई हैं। कई भाजपा के राजनेता यह कहने लगे हैं कि ईद के मौके पर रंग में भंग डालकर होली मनाएंगे। यह किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। कानून को राजनीति के चक्कर में न आकर कानूनी प्रकिया को ठीक से किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने दिल्ली उत्तम नगर कांड में युवक की हत्या की कठोर निंदा की है। लेकिन साथ ही यह भी कहा कि यदि शासन और सरकार लोगों को गिरफ्तार कर लेती है, तो उसके बाद न्यायालय की प्रक्रिया पर ध्यान देना अति आवश्यक है। वहीं उन्होंने तमाम समुदायों से ईद के मौके पर भाईचारा कायम रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत मां के चार सिपाही हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई यदि उनमें कभी विवाद भी हुआ, तो कभी आपसी भाईचारा व कभी कानूनी प्रकिया से मामले का निस्तारण होता रहा है। पुराने धामपुर में घटित घटना को पूरा राजनीति प्रकरण दिया गया। छोटी सी बात को तूल दिया गया। राजनीति मुद्दे को भुनाया गया, जो सरासर गलत है। भाजपा को वर्षों बाद सत्ता हाथ लगी है। जो संभाल नहीं पा रही है। भाजपा की करनी करतूत का एक्जाम चल रहा होगा, जिस दिन जनता एक्जाम का रिजल्ट निक. ालेगी, उस दिन करनी कथनी का फल याद आएगा।



**NOTICE**

I, Niyaz-ul-Haq, Father of Faizan-ul-Haq residing at House No. 909/03, Islamabad, Kidwai Nagar Near Mini Masjid, District Meerut, Uttar Pradesh 250002, here by declare that my son's Passport No. C9787833 did not contain a surname. I request for on his passport to have Faizan-ul as his name and Haq as his surname.

# 50 लाख की अवैध शराब पकड़ी

## हरियाणा से बिहार ले जाई जा रही थी खेप, दादरी टोल प्लाजा के पास पकड़ी गई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में आबकारी विभाग ने शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। दादरी थाना क्षेत्र के लुहारली टोल प्लाजा के पास से एक ट्रक से पंजाब मार्का की 570 पेटियां अवैध शराब बरामद की गई हैं। इसकी अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है। आबकारी विभाग अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चला रहा है। मुखबिर की सूचना पर विभाग की टीम ने मंगलवार रात लुहारली टोल प्लाजा के पास एक ट्रक को रोका। जांच के दौरान, ट्रक में थर्माकोल की बोरियों के पीछे छिपाकर भारी मात्रा में शराब रखी हुई मिली। बरामद शराब की 570 पेटियों में विभिन्न ब्रांड शामिल थे, जिन पर फॉर सेल इन पंजाब लिखा था। इनमें रॉयल स्टैग व्हिस्की (750 एमएल) की 78 पेटी, रॉयल स्टैग व्हिस्की (375 एमएल) की 40 पेटी, रॉयल स्टैग व्हिस्की (180 उस) की 36 पेटी, रॉयल चैलेंज (750 एमएल) की 47 पेटी, रॉयल चैलेंज (375 एमएल) की 34 पेटी, स्टर्लिंग रिजर्व (750 एमएल) की 30 पेटी, मैक डॉवेल्स नो.1 (750 एमएल) की 99 पेटी, मैक डॉवेल्स नो.1 (375 एमएल) की 45 पेटी और मैक डॉवेल्स नो.1 (180 एमएल) की 44 पेटी शामिल थीं।इसके अलावा थंडरवोल्ट बीयर (500 एमएल) की 40 पेटी और किंगफिशर बीयर (500 एमएल) की 77 पेटी भी बरामद की गईं। यह शराब हरियाणा से बिहार ले जाई जा रही थी। कार्रवाई के दौरान ट्रक में सवार तस्कर फरार हो गए। आबकारी विभाग ने ट्रक मालिक और फरार चालक के खिलाफ दादरी थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।



### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा 24 को आएंगे

**नोएडा।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा विश्व टीबी दिवस पर 24 मार्च को नोएडा आएंगे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग तैयारी में जुट गया है। इसी दिन जिले में 100 दिवसीय टीबी अभियान भी शुरू होगा। कार्यक्रम के लिए नोएडा में स्थान चिह्नित करने का काम चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को पंचशील बालक इंटर कॉलेज और सेक्टर-6 स्थित इंदिरा गांधी कला केंद्र सभागार का जायजा लिया। साथ ही, ग्रेटर नोएडा के गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय समेत अन्य स्थानों का भी जायजा लिया। इसकी रिपोर्ट बनाकर शासन को भेज दी गई है। जिला टीबी अधिकारी डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि निर्धारित तिथि को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का आना तय है। जल्द ही स्थान निर्धारित होने की उम्मीद है।

# नोएडा के अधिकारियों से बदसलूकी करने पर 25 पर केस दर्ज

■ **स्टेडियम में 16 मार्च को प्रदर्शन किया था, सफाई कर्मियों को उकसा कर काम रुकवाया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने और व्यस्त सड़क पर हंगामा करने के आरोप में संविदा पर तैनात सफाईकर्मियों और उनके नेताओं के खिलाफ सेक्टर-24 थाने में केस दर्ज हुआ है।

इसमें दस को नामजद किया गया है जबकि 15 अज्ञात हैं। केस पुलिसकर्मी योगेंद्र कुमार हरिश ने दर्ज कराया है। पुलिस नामजद आरोपियों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। एसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण के तहत काम करने वाले संविदा (ठेका) सफाई कर्मचारियों के एक समूह ने 16 मार्च को सेक्टर-21 स्थित नोएडा स्टेडियम के गेट नंबर पांच पर हंगामा किया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने मुख्य सड़क पर भी प्रदर्शन किया, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**नेताओं ने डरा धमका कर काम कराया बंद:** इन सफाई कर्मचारियों के कुछ नेताओं ने अन्य कर्मचारियों को डराकर सफाई का काम बंद करवा दिया। इसका सीधा असर शहर की साफ-सफाई पर पड़ा और कई इलाकों में कूड़ा जमा होने लगा। इससे लोगों को गंदगी और बदबू जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने सरकारी काम में बाधा डालने की कोशिश की और नारेबाजी करते हुए सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए उकसाया।

**प्राधिकरण अधिकारियों के साथ अभद्रता:** इतना ही नहीं, नोएडा प्राधिकरण के कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया और उन्हें जान से मारने तक की धमकी दी गई। इस मामले में कई लोगों के नाम सामने आए हैं, जिनमें सफाई कर्मचारियों के कुछ नेता और उनके सहयोगी शामिल हैं। जांच के बाद पुलिस ने राधे पारचा, बबलू पारचा, रवि पारचा, राहुल, साधु मकवाना, सतवीर मकवाना, राहुल कुमार, सुनील टांक, रवि और नितिन कुमार के खिलाफ कुल आठ धाराओं में केस दर्ज किया। 15 अज्ञात के खिलाफ भी विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हुआ है।

### नाली के विवाद में महिला के साथ मारपीट

**यमुना सिटी।** जेवर कोतवाली क्षेत्र के सबौता गांव में नाली को विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट की गई। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जेवर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सबौता गांव में धर्मपाल सिंह परिवार के साथ रहते हैं। धर्मपाल ने पुलिस को बताया कि घर के सामने से नाली निकालने को लेकर पड़ोसी राजेश उनसे आए दिन झगड़ा करता है। इसी बात को लेकर आरोपी राजेश ने मंगलवार को अपने परिवार के साथ मिलकर उनकी पत्नी के साथ मारपीट की। पीड़ित के दो भाई बीचबचाव में आए तो उन्हें भी पीटा गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने आरोपी राजेश और उनके परिवार के सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# टूर एंड ट्रेवल पैकेज के नाम पर लाखों की ठगी

■ **साइबर क्राइम पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** टूर एंड ट्रैवल की बुकिंग कराने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये अब 12 लाख से ज्यादा ठगी कर चुका है। इसका नाम अनिल कुमार सिंह निवासी आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसाइटी है। इसके पास से 3 मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया गया है। जिसमें कई लोगों का डेटा मिला है।

एडीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि ये फेसबुक , इंस्टाग्राम और गूगल पर कंपलीट टूर ट्रैवल का ऐड देता है। जिसमें ये सिंगापुर, नेपाल, वियतनाम और यूरोप में पूरा टूर अरेंज करने की बात करता है। जिसमें रहने , खाने पीने, घूमने से लेकर ट्रांसपोर्ट चार्ज तक का प्रलोभन दिया जाता है। फोन आने पर ये पूरी जानकारी देता है। इसके बाद पैकेज की बुकिंग कंफर्म कराकर अपने बैंक खातों में पैसा लेता है। उसके बाद बुक किए गए टिकट को कैंसिल करके रिफंड अपने खाते में प्राप्त करता है। बुकिंग के दौरान ये अपना फोन नंबर ही यूज करता है। टिकट और अपने क्वारीस ये बुकिंग कराने वाले लोगों को भेजकर विश्वास में लेता है।

बताया गया कि इस तरह से कई लोगों से अब तक 12 लाख से ज्यादा ठगी कर चुका है। साइबर सेल ने इसे नोएडा के आम्रपाली गोल्फ होम्स से गिरफ्तार किया। इसकी उम्र करीब 33 साल और 12वीं तक पढ़ा है।



## एक नजर

### वाहन चोर गिरोह के सरगना समेत दो पर गैंगस्टर ऐक्ट लगाया

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** मोबाइल लूटने और वाहन चोरी करने वाले गिरोह के सरगना और उसके साथी के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट के तहत कार्रवाई की गई। सेक्टर-39 थाने के प्रभारी ने दोनों बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार वाहन चोर गिरोह का सरगना नौशाद उर्फ टोला अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात करता था। गैंग का एक सदस्य विजय उर्फ भूरा भी है, जो हरियाणा के फरीदाबाद का रहने वाला है। पुलिस की जांच में सामने आया कि गैंग के बदमाश लोगों से मोबाइल छीनने और मोटरसाइकिल चोरी करने का काम करते थे। इन घटनाओं से लोगों के बीच डर और असुरक्षा का माहौल बन गया था। पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपियों के पास से चोरी के मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल बरामद कीं। गैंग के खिलाफ पहले से हत्या, लूट, चोरी और आर्म्स ऐक्ट के मामले दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि यह गैंग अपने आर्थिक और व्यक्तिगत फायदे के लिए अपराध करता था और समाज में अशांति फैलाता था। इस मामले में सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

### मूल्याकंन करने पहुंचे शिक्षक कॉपियां नहीं होने से लौटे

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्याकंन बुधवार से शुरू नहीं हो सका। केंद्रों पर कॉपियां नहीं आने के कारण शिक्षक बिना मूल्याकंन के लौट गए। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि ट्रक आने शुरू हो गए हैं। अभी चित्रकला की कॉपियां आई हैं। मूल्याकंन के लिए 700 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि सेक्टर-12 स्थित जीजीआईसी में इंटर की कॉपियां और बादलपुर स्थित जीजीआईसी में हाईस्कूल की कॉपियों का मूल्याकंन करने के लिए केंद्र बनाए गए हैं। सीसीटीवी से 24 घंटे केंद्रों की निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि बोर्ड की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार इस बार हाईस्कूल की कॉपियां जांचने के लिए प्रति कॉपी 14 रुपये और इंटरमीडिएट की कॉपियों को जांचने के लिए प्रति कॉपी 15 रुपये दिए जाएंगे। शिक्षक एक दिन में हाईस्कूल की 50 और इंटर की 45 कॉपी जांच सकेंगे। कापियों के मूल्यांकन का एक अप्रैल को पूरा हो जाएगा। हाईस्कूल परीक्षा में कुल 70 अंकों का मूल्यांकन किया जाएगा, जिसमें 20 अंक ओएमआर शीट और 50 अंक उत्तर पुस्तिका में लिखे गए उत्तरों के आधार पर दिए जाएंगे।

### नोएडा एयरपोर्ट लोकार्पण की तैयारी

**विभागों को सौंपी गईं जिम्मेदारियां, बैठक में हुई चर्चा**



**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक एयरपोर्ट सभागार में हुई, जिसमें जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इसमें कार्यक्रम की रूपरेखा, आवश्यक व्यवस्थाओं और विभागवार जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने दायित्वों का समयबद्ध और प्रभावी तरीके से निर्वहन सुनिश्चित करें, ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। बैठक में जेवर विधायक ने कहा कि यह आयोजन जेवर क्षेत्र और पूरे उत्तर प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक तथा गौरवपूर्ण अवसर है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ग्राम स्तर पर जनसंपर्क अभियान शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य गांवों के लोगों को जोड़कर कार्यक्रम में उनकी अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करना है, ताकि लोकार्पण एक जन-उत्सव बन सके। विधायक ने आगे कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे, निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और आधारभूत संरचना मजबूत होगी। प्रशासन भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां तेजी से कर रहा है।

# महिला को डिजिटल अरेस्ट कर रुपये ऐंठे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसने का डर दिखाकर महिला से आठ लाख 52 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता से पांच से अधिक बार में रकम ट्रांसफर कराई गई। महिला ने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। सेक्टर-34 निवासी महिला ने पुलिस को शिकायत दी कि वह गृहिणी हैं। उनके पास 12 फरवरी को एक फोन कॉल आई। कॉलर ने अपना नाम गौतम बताया और कहा कि उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज है। इस केस में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब उनकी गिरफ्तारी हो सकती है।

उसने डराने के लिए महिला को वीडियो कॉल भी की। वीडियो कॉल में आरोपी ने खुद को पुलिस अधिकारी बताया और अदालत जैसा माहौल दिखाया।

महिला को यकीन दिलाया गया कि मामला बहुत गंभीर है और अगर उन्होंने सहयोग नहीं किया तो उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके बाद आरोपी ने कहा कि उनके बैंक खातों की जांच करनी होगी।आरोपी ने जांच के नाम पर महिला से उनके खाते में मौजूद रुपये एक दूसरे खाते में ट्रांसफर करने के लिए कहा। उसने भरोसा दिलाया कि जांच पूरी होने के बाद रुपये वापस कर दिए जाएंगे। डरकर महिला ने 13 फरवरी को अपने बैंक खाते से करीब आठ लाख 52 हजार रुपये आरोपी के बताए खाते में ट्रांसफर कर दिए।

### नोएडा में चलेंगी आठ डबलडेकर बस

**नोएडा।** नोएडा में आठ डबलडेकर बस आ चुकी है। जल्द ही इन बसों को सड़क पर उतारा जाएगा। इससे पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रुप में लोगों को थोड़ी राहत मिलेगी। इसका संचालन यूपी रोडवेज कराएगा। अभी इनके दो रुट प्रस्तावित किए गए है। पहला रुट बोटेनिकल गार्डन से परिचौक तक वाया एक्सप्रेस वे और दूसरा बोटेनिकल गार्डन से ग्रेनो वेस्ट में एक मूर्ति तक। इन बसों के संचालन से लोगों को फायदा होगा। इसके अलावा प्राधिकरण ने अतिरिक्त 50 फीडर बसों की डिमांड की है। ये बस शासन से जल्द प्राधिकरण को मिल जाएंगी। इनको नोएडा के इंटरनल सेक्टर और ग्रेनो वेस्ट से जोड़ा जाएगा।

**चार्जिंग के लिए बनाए जा रहे स्टेशन:** नोएडा में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के नाम पर मेट्रो और टैंपो ऑटो है। पहले सिटी बस चलाई गई थी।

# गैस की किल्लत से लकड़ी और कोयला की मांग बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर में एलपीजी गैस उपभोक्ताओं को लगातार गैस की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच लकड़ी और कोयला की मांग में कई गुना बढ़ गई है। इस वजह से लकड़ी और कोयला के दामों में भी उछाल आया है। इसके साथ ही लकड़ी और कोयला की दुकानों पर सीमित संख्या में आने वाले ग्राहकों की संख्या भी काफी बढ़ गई है।सेक्टर-110 भंगेल में गेझा रोड़ पर लकड़ी और कोयला गोदाम के मालिक हरबीर ने बताया कि पहले शादी-विवाह और जरुरतमंद व्यक्ति ही कोयला और लकड़ी खरीदने आते थे।

एकाएक एलपीजी सिलेंडर की मारामारी शुरू होते ही लकड़ी और कोयला की मांग कई गुना बढ़ गई है। सबसे ज्यादा होटल, रेस्टोरेंट और पीजी संचालक कोयला और लकड़ी की खरीदारी कर रहे हैं। अब रोजाना 20 से 30 ग्राहक आसानी से आ रहे हैं। पहले दिन भर में तीन से चार ग्राहक ही आते थे। सूखी लकड़ी की कीमत 15 से 20 रुपये प्रति किलोग्राम है। जबकि कोयला की कीमत 35 से 45 रुपये प्रति किलोग्राम है। अब दिन भर में अच्छी मात्रा में लकड़ी और कोयले की खपत हो रही है। वहीं दुकान पर आए ग्राहक बीर सिंह ने बताया कि उनकी कुलेसरा में मिठाई की दुकान है। वाणिज्यिक सिलेंडर की आपूर्ति बंद होने से कारोबार बंद होने की नौबत आ गई है। ऐसे में अब भंगेल बाजार आए है। यहां पर मिटटी की भटटी बनवानी है। इसके साथ ही कोयला और लकड़ी की खरीदारी करनी है। लकड़ी और कोयला के दाम भी बढ़ा दिए है। वहीं सलारपुर से आए मायाराम ने बताया कि उनका रेस्टोरेंट है। एलपीजी का वाणिज्यिक सिलेंडर की आपूर्ति नहीं होने की वजह से दिक्कतें आ रही है। अब लकड़ी और कोयला के सहारे रेस्टोरेंट चलाया जाएगा। इससे खाद्य वस्तुओं को तैयार करने के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। इसी तरह से शहर के तमाम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# नवरात्रि पर्व पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एक्शन में

■ **खाद्य पदार्थों कुट्टू व सिंघाड़े के आटा के नमूने किए संग्रहित**






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुधनगर।** खाद्य विभाग ने चौत्र नवरात्रि को लेकर कुट्टू का आटा और अन्य खाद्य सामग्री के खिलाफ अभियान शुरू किया है। पहले ही दिन विभाग ने ग्रेटर नोएडा के कुलेसरा गांव से बड़ी मात्रा में 400 किग्रा कुट्टू का आटा सीज किया है। जो पैकेट और खुला हुआ था। उसकी गुणवत्ता की कोई जानकारी विक्रेताओं के पास नहीं थी। जिसके बाद विभाग ने कार्रवाई की। साथ ही विभाग ने अन्य जगह से जांच के बाद कुट्टू और सिंघाड़े के आटे के 7 नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है।

सहायक आयुक्त द्वितीय खाद्य सर्वेश मिश्रा ने बताया कि चैत्र नवरात्रि को लेकर अभियान शुरू किया गया है। 8 टीमों को निरीक्षण में लगाया गया है। पहले दिन टीमों ने अलग-अलग जगहों पर जांच की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार और विजय बहादुर पटेल की टीम ने कुलेसरा में संतोष ट्रेडर्स के यहां जांच की। जांच के दौरान वहां 240 किग्रा कुट्टू आटा खुला मिला। उसे खरीदने का कोई बिल भी नहीं था। निर्माण होने के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। यहां पर 250 ग्राम के 244 पैकेट भी मिले। जिन पर निर्माण तिथि व बैच नंबर अंकित नहीं था। दोनों का एक-एक नमूना लेकर बाकी आटे को सीज कर दिया गया। इसके बाद टीम कुलेसरा गांव में मुस्कान ट्रेडर्स के यहां पहुंची। वहां 70 किग्रा कुट्टू आटा खुला मिला। उसका भी बिल और निर्माण तिथि की जानकारी नहीं मिली। यहां पर 250 के 145 पैकेट मिले। जिन पर निर्माण व बैच नंबर की जानकारी नहीं थी। यहां से भी एक-एक नमूना लेने के बाद बाकी आटे को सीज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों जगह से कुल 400 किग्रा आटा सीज किया गया है। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओपी सिंह व एसके पांडेय की टीम ने नोएडा के सेक्टर 49 स्थित श्री श्याम डीएसबी फुलफिलमेंट सॉल्यूशन से कुट्टू आटा और सिंघाड़े के आटे का एक-एक नमूना लिया गया है। कुल 7 नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

# सौतेले पिता ने बेटी से दुष्कर्म कर की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर कस्बे में एक व्यक्ति ने अपनी छह साल की सौतेली बेटी के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बच्ची की मां की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

सूरजपुर कोतवाली पुलिस के अनुसार, आरोपी आरेंद्र मूलरूप से शाहजहांपुर का निवासी है। वह अपनी दूसरी पत्नी और दो सौतेली बेटियों के साथ सूरजपुर कस्बे में किराए के मकान में रहता है और एक फैक्ट्री में काम करता है। आरोप है कि आरेंद्र ने रविवार को अपनी छह साल की सौतेली बेटी के साथ दुष्कर्म किया और फिर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।

घटना के बाद आरोपी ने गुपचुप तरीके से बेटी के शव का अंतिम संस्कार करने का प्रयास किया। पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म और हत्या की पुष्टि हुई। इसके बाद बच्ची की मां ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

एडीसीपी सेंट्रल नोएडा आरके गौतम ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# 11वीं की छात्रा ने गले में फंदा लगाकर जान दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के यूसुफपुर चक शाहबेरी में रहने वाली 11वीं कक्षा की छात्रा ने मंगलवार को गले में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस को उसके कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस आत्महत्या का कारण पता लग रही है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यूसुफपुर चक शाहबेरी गांव में 18 वर्षीय तनिष्का परिवार के साथ रहती थी। वह एक स्कूल से 11वीं कक्षा की पढ़ाई कर रही थी। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को तनिष्का ने अपने कमरे के अंदर गले में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन छात्रा को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल प्रबंधन द्वारा इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाली प्रभारी ने बताया की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की। पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला है कि छात्रा ने आत्महत्या की है। हालांकि, कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस आत्महत्या का कारण पता लग रही है। वहीं, परिजनों ने इस मामले में कोई शिकायत नहीं दी है। यदि परिजन शिकायत करते हैं तो मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# खेलते-खेलते मौत के तालाब में समा गया मासूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र की प्रीत विहार कॉलोनी में लापरवाही और अव्यवस्था ने एक मासूम की जिंदगी छीन ली। घरों से निकलने वाला गंदा पानी लंबे समय से एक खाली जगह पर जमा हो रहा था, जो अब एक छोटे तालाब का रूप ले चुका था। इसी पानी में बुधवार को खेलते-खेलते पांच वर्षीय मासूम की डूबकर मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और कॉलोनी के लोग भी इस हादसे से स्तब्ध हैं।

प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के प्रीत विहार कॉलोनी में उमेश कुमार परिवार के साथ रहते हैं। वह मूलत रामपुर के रहने वाले हैं। ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करते हैं। उनका करीब 5 वर्षीय बच्चा देव छपरौला गांव स्थित बीएसआर मॉडर्न स्कूल में नर्सरी का छात्र है। वह रोजमर्रा की तरह बुधवार को दोपहर के समय स्कूल से घर आया था। घर से खेलने के लिए बाहर निकल गया। घर से कुछ ही दूरी पर कॉलोनी से निकलने वाला पानी एक स्थान पर एकत्र था। खेलते-खेलते पानी के पास पहुंच गया। जिससे बच्चे का पैर फिसलने के चलते पानी में गिर गया। पानी में गिरने पर वह डूब गया। जब काफी देर तक घर नहीं पहुंचा तो देव की माता घर के बाहर देखने के लिए निकली। तब तक वहां खेल रहे बच्चे डूबने का शोर मचा रहे थे। शोर सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे। बच्चे को पानी से बाहर निकाला गया। तत्काल बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# नोएडा में बिना प्रवेश पहुंचे आगरा-लखनऊ

## दिल्ली के डीएनडी से सेक्टर-94 तक बनेगी एलिवेटेड, पुष्ता से होगी कनेक्ट, 2 लाख लोगों को फायदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली से रोजाना करीब 1 से 2 लाख आगरा, लखनऊ जाते है। आगरा एक्सप्रेस वे जाने के लिए ये इन लोगों को नोएडा में एंट्री करना पड़ता है। जिससे काफी समय वेस्ट होता है। साथ ही नोएडा में भी इंटरनल जाम लग जाता है। इससे निजात मिलेगा। इसके लिए यमुना पुष्ता पर प्रस्तावित एलिवेटेड को एक्सटेंड किया जाएगा। ये एलिवेटेड अब डीएनडी से बढ़ा दी जाएगी। इसे नोएडा प्राधिकरण बनाएगा।

जबकि पुष्ता पर प्रस्तावित छह लेन की एलिवेटेड यूपीडा बनाएगा। पुष्ता एलिवेटेड से ही डीएनडी से सेक्टर-94 तक प्रस्तावित एलिवेटेड को एक क्लोवर लीफ के जरिए जोड़ेंगे। इसी तरह डीएनडी पर भी एक क्लोवर लीफ बनाएंगे। जिससे दिल्ली से आने वाले वाहन चालक जिनको आगरा, लखनऊ जाना है वो डीएनडी से सेक्टर-94 एलिवेटेड पर चढ़ सके। उन्हे नोएडा में प्रवेश नही करना होगा। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ कृष्णाा करुणेश ने बताया कि वायबिलिटी के हिसाब से इसकी डीपीआर तैयार की जा रही है। इससे रोजाना एक से दो लाख वाहन चालकों को फायदा होगा। नोएडा में जाम से निजात मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए जल्द ही दिल्ली सरकार से बातचीत की जाएगी। क्योंकि इस एलिवेटेड का कुछ हिस्सा दिल्ली की जमीन पर बनेगा।

**अब बताते है कैसे पहुंचेंगे**



**आगरा:** दिल्ली से आगरा और लखनऊ आने जाने वाले वाहन दिल्ली से डीएनडी फ्लाईओवर के जरिए प्रस्तावित एलिवेटेड (डीएनडी से सेक्टर-94) से होते हुए यमुना पुष्ता पर प्रस्तावित (सेक्टर-94 से सेक्टर-150) तक जाएंगे। वहां से आगरा एक्सप्रेस और लखनऊ एक्सप्रेस वे के जरिए आगे जा सकेंगे। इससे उनको समय की बचत होगी।

**तीन किमी को होगी एलिवेटेड:** प्राधिकरण ने बताया कि ये नई एलिवेटेड तीन किमी की होगी। जिसे यमुना पुष्ता के साथ डीएनडी तक लाया जाएगा। दोनों स्थानों एंड पर क्लोवर लीफ बनाई जाएंगी। जिससे वाहन चालकों को चढ़ने और उतरने में दिक्कत न हो। इसका डिजाइन और डीपीआर पर काम शुरू हो गया है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



29वां रोज़ा इफ्तार

19 मार्च गुरूवार

सुन्नी...................... 06:32

शिया...................... 06:44

30वां रोज़ा सहरी

20 मार्च शुक्रवार

सुन्नी...................... 04:58

शिया...................... 04:05



हाजी ज़ियाउर्रहमान

वरिष्ठ नेता लोकदल

# जानसठ में फिर हुई जच्चा-बच्चा की मौत

## ऐसे अस्पतालों पर क्यों नहीं होती सख्त कार्रवाई, स्टाफ हुआ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/जानसठ।** आखिर ऐसे प्राइवेट अस्पतालों पर प्रशासन की सख्त कार्यवाही क्यो नहीं हो रही जहां लापरवाही के चलते निर्दोष बीमारों की मौत हो रही है। परिवार तो बस मातम मनाकर तडफ कर रह जाता है, लेकिन अस्पताल स्वास्थ विभाग द्वारा की गई कार्यवाही नाम मात्र को रह जाती है जिस परिवार की महिला या आदमी या फिर बच्चा लाप. रवाही के चलते अपनी जान गवाह बैठता है और हंगामे के बाद स्वास्थ विभाग दिखावे की कार्यवाही कर लोगों को शांत कर देता है। यह बात इसलिए कही जा रही है कि कुछ दिन बाद ही विवादित अस्पतालों पर लगी सील अपने-आप ही खुल जाती है और वहीं डॉक्टर जिस पर लापरवाही या हंगामा कर लोगों ने बीमारों की मौत का जिम्मेदार ठहराया था वही फिर प्रेक्टिस में जाते है।

लोग बार-बार प्रशासन पुलिस व स्वास्थ्य विभाग से ऐसे अस्पतालों की शिकायत करते है और स्वास्थ्य विभाग भी दिखावे की कार्यवाही कर लोगों को शांत रहने पर मजबूर कर देते है, लेकिन फिर वही घटनाए हो जाती है।

बुधवार को भी कस्बा जानसठ के एक प्राइवेट अस्पताल में प्रसव के बाद हालत बिगड़ने पर प्रसूता महिला और नवजात शिशु की मौत हो गई। अस्पताल में परिजनों और ग्रामीणों ने चिकित्सक पर लाप. रवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। हंगामा होने पर चिकित्सक और स्टॉफ अस्पताल से फरार हो गया। पुलिस ने गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामला शांत किया।

गांव कवाल निवासी अरशद की 32 वर्षीया गर्भवती पत्नी तरन्नुम को मंगलवार की देर रात लगभग तीन बजे डिलीवरी के लिए कस्बे के पानीपत खटीमा हाइवे पर केनरा बैंक के पास स्थित प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों ने बताया कि प्रसव होने पर तरन्नुम ने नवजात शिशु को जन्म दिया। इसके बाद अचानक महिला की तबीयत खराब हो गई। तबियत खराब होने पर प्रसूता महिला और नवजात शिशु की मौत हो गई। बुधवार की सुबह ग्रामीण अस्पताल में पहुंचे। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने चिकित्सक पर लाप. रवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा खड़ा कर दिया। हंगामे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। परिजनों का आरोप था कि चिकित्सक की लापरवाही से प्रसूता तरन्नुम और नवजात शिशु की मौत हो गई।

पुलिस ने परिजनों व ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामला शांत किया। अस्पताल के संचालक डाक्टर अभिषेक ने बताया कि गांव कवाल की महिला को प्रसव के लिए अस्पताल में लाया गया था। महिला की हालत खराब देखते हुए उसे मुजफ्फरनगर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। रास्ते में ले जाते हुए जच्चा बच्चा की मौत हुई है। उनके चिकित्सक की ओर से कोई लापरवाही नहीं की गई। फिलहाल इस मामले में पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार व विधायक पंकज मलिक विवाद में नेपाल सिंह की एन्ट्री

■ **अनिल कुमार के खिलाफ जमकर बोले नेपाल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** कस्बे के जीटी रोड स्थित गुप्ता चाट भंडार पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के जिला अध्यक्ष नेपाल सिंह एडवोकेट ने कहा कि वे कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार समा. जवादी पार्टी में शामिल हुए थे तो क्या वह गुंडई करने के लिए शामिल हुए थे, जो आज समा. जवादी पार्टी को अब गुंडो की पार्टी बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंकज मलिक को मंत्री बोलते हैं कि दल बदलते है। जबकि अनिल कुमार पहले बसपा फिर समाजवादी पार्टी में आए और अब रालोद में है, यह भी समय-समय पर पार्टी बदलते रहते हैं। उन्होंने पुरकाजी में चरथावल विधायक पंकज मलिक का पुतला फुंके जाने की घोर शब्दों में निंदा की है। वहीं उन्होंने कहा कि अगर पार्टी के आलाकमान ने मौका दिया तो वे पुरकाजी विधान सभा से अनिल कुमार के सामने चुनाव के लिए तैयार रहे है।

वहीं दूसरी ओर शहर के निकटवर्ती जाट बाहुल्य गांव पचैण्डा कलां में विधायक पंकज मलिक के समर्थन में पंचायत भी की गई। जिसमें कहा गया कि पंकज मलिक ने जो कहा सही कहा।

# चरथावल के आईपीएस ने नागालैंड की पुलिस अफसर से रचाई शादी

**मुजफ्फरनगर।** नागालैंड की लिका अचुमि और जनपद मुजफ्फरनगर कस्बा चरथावल के आईपीएस रमणीक त्यागी के बीच हुआ प्यार सात फैरों के बंधन में बंध गया। दोनो के बीच मुलाकात हुई और यह मुलाकात विवाह में बदल गई। अब रमणीक त्यागी और लिका अचुमि चरथावल में एक आयोजन कर लोगों का आशीर्वाद लेंगे। बताया जाता है कि रमणीक त्यागी ने यूपी एससी 2001 की परीक्षा में देशभर में 437वीं रैंक हासिल करते हुए जनपद मुजफ्फरनगर का मान बढ़ाया था इसके बाद उन्हे भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) कैडर मिला। रमणीक अपनी मेहनत और सादगी के लिए युवाओं के बीच प्रेणा श्रोत है। रमणकी त्यागी की तैनाती वर्तमान में नागालैड में है और यही परपुलिस सेवा के दौरान उनकी मुलाकात दीमापुर की लिका अचुमी से हुई। अचुमी भी नागालैंड पुलिस सेवा में है। दोनो ही पुलिस विभाग में है इसलिए उनके रिश्ते बने और परिवार की सहमति से रिश्ता विवाह में बदल गया। शादी से लिका अचुमी और रमणीक त्यागी का परिवार बेहद खुश है और कस्बा चरथावल के लोग दुल्हा व दुल्हन को देखने के लिए उत्सुक है। शादी के बाद से ही गत दिवस से उनके आशीर्वाद के लिए तैयारियां चल रही थी बताया जाता है कि जब दुल्हा व दुल्हन चरथावल पहुंचे तो सभी लोगोंने खुशी-खुशी उन्हे आशीर्वाद दिया। पूर्व मंत्री योगराज सिंह और अन्य राजनेता तथा कुछ पुलिस अधिकारी भी उनको आशीर्वाद देने और प्रोग्राम में शामिल हुए। लोग दुल्हा व दुल्हन को देखकर जहां उनको उज्जवल भविष्य के लिए कामना कररहे थे वहीं नागालैंड और उत्तर प्रदेश की संस्कृति का अनुठा मेल देखने को भी मिला है।

# ईद के त्यौहार को लेकर बाजार मे उमड़ी खरीदारों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** पाके रमजान का महीना अपने अन्तिम चरण की ओर है कुछही दिनो मे आपसी प्यार मोहब्बत खुशी भरा ईद का त्यौहार आने वाला है जिसकी तैयारी में मुस्लिम भाई अभी से जुट गये है

क्योंकि ईद की खरीददारी के लिए बाजार मे भारी भीड उमडने लगी है ईद के त्यौहार को लेकर हर किसी मे भारी उत्साह और खुशी है मगर महंगाई को लेकर खरीददारों ग्राहको के चेहरो पर उदासी भी साफ झलक रही है।

रमजान उल मुबारक का महीना अपने अन्तिम चरण की ओर है जैसे जैसे ईद उल फितर के त्यौहार की तिथि निकट आती जा रही है वैसे वैसे ही मुस्लमान भाईयो मे बच्चे से लेकर बुजुर्गो तक उत्साह और खुशिया बढ़ती जा रही है आपसी भाईचारा मेल मिलाप के त्यौहार के कुछ ही दिन बाकी है मगर इस प्रमुख त्योहार की तैयारी एक सप्ताह पूर्व से ही जारी है ईद के त्यौहार को लेकर कस्बे के मुख्य बाजार और सराय नवीन मार्केट सहित कस्बे के पुराने हाईवे तथा लक्सर मार्ग एनएच. 334। की प्रमुख दुकानो पर दिन प्रतिदिन उमड़ती खरीददारो की भीड से कस्बे मे भारी चहल पहल से रौनक बढ रही है। ईद के त्यौहार को लेकर बाजार मे रेडीमेंट. जुत्ते चप्पल की दुकान सहित सोन्दर्य करण. मोबाईल और प्रचून की दुकानो पर अपार भीड उमड रही है जिससे दुकानदारों के चेहरे खिले हुए है कपडा सिलाई टैलरो के यहां भी नये कपडे सिलवाने वालो की लम्बी कतारे लगी है खासकर अधिक तर महिलाए ई द की खरीददारी करने मे चढ बढ़कर हिस्सा ले रही है अधिकतर लोग ईद के प्रमुख त्योहार पर अपने घर पर आने वाले मेहमानो के स्वागत करने के .लिए सवई मिठाइयां तथा ड्राई फूट (सूखे मेवा) की खरीददारी कर रहे है।

उधर बाजार मे देर रात्रि तक भीड को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा भी गस्त तेज करदी गयी है ताकि ईड पर कानून व्यवस्था और शांति बनी रहे। वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत पुरकाजी को ईद के मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष जाहिर फारुकी के द्वारा पुरकाजी सड़कों को जगमग रोशनी में चमकाया गया है

# चेयरपर्सन ने किया नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्घाटन

## मोतियाबिंद के मरीजों का कराया जाएगा ऑपरेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में मेरठ रोड स्थित केशवदास शांति देवी लायंस चैरिटेबल ट्रस्ट के लायंस आई सेंटर में नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर का शुभारंभ नगरपालिका परिषद अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है और ऐसे प्रयासों से जरूरतमंद लोगों को समय पर उपचार मिल पाता है। उन्होंने ट्रस्ट और आई सेंटर की टीम के इस सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की अपेक्षा जताई।

इस अवसर पर आई सेंटर के संस्थापक और शिविर आयोजक कुंजबिहारी अग्रवाल और संयोजक डॉ. अनुराधा वर्मा ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों, चिकित्सकों और नेत्र रोगियों का स्वागत किया। शि. विर में अनुभवी नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अशोक कुमार सैनी द्वारा मरीजों की आंखों की जांच की गई और उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श के साथ दवाइयां भी वित. रित की गईं। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, जिनमें बुजुर्गों के साथ-साथ युवा और महिलाएं भी शामिल रहीं। कई मोतियाबिंद के मरीजों को आगे के उपचार और ऑपरेशन की आवश्यकता के लिए पंजीकृत किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया, वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. एमके बंसल, डॉ. मनोज काबरा, डॉ. विनय सिसौदिया, गिरीराजा माहेश्वर, नीलकमल पुरी, राजन अग्रवाल, मनोज जैन, अंकित संगल, आदित्य गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, नवनीत गुप्ता, अरविंद संगल, विशाल मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

# बिंदल ग्रुप के प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग की रेड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के प्रतिष्ठित औद्योगिक घराने 'बिंदल ग्रुप' पर बुधवार सुबह आयकर विभाग की टीम ने एक साथ छापेमारी कर हड़कंप मचा दिया। दिल्ली से पहुंची विशेष टीमों ने बेहद गोपनीय तरीके से बिंदल ग्रुप से जुड़ी मुजफ्फरनगर और बिजनौर की कई इकाइयों पर एक साथ कार्रवाई शुरू की। इस बड़ी छापेमारी के बाद पूरे औद्योगिक और व्यापारिक क्षेत्र में खलबली मच गई है।

बाराती बनकर पहुंची टीम आयकर विभाग की टीम ने इस कार्रवाई को पूरी तरह गोपनीय रखने के लिए अनूठी रणनीति अपनाई। टीम के अधिकारी जिन गाड़ियों से पहुंचे, उन पर 'वेडिंग' (शादी) के स्टीकर लगे हुए थे, ताकि किसी को भनक न लग सके और टीम सीधे चिन्हित ठिकानों पर पहुंच जाए। मिली जानकारी के अनुसार, आयकर विभाग की टीमों ने बिंदल ग्रुप की प्रमुख इकाइयों व निवास पर एक साथ दस्तक दी। मुजफ्फरनगर की गांधी कॉलोनी स्थित बिंदल परिवार के निजी आवास को भी जांच के दायरे में लिया गया है।

कार्रवाई शुरू होते ही सभी परिसरों को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया और बाहरी आवाजाही पर पूरी तरह रोक लगा दी गई। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। बताया जा रहा है कि टीम के अधिकारी वित्तीय लेन-देन, कंप्यूटर डेटा और महत्वपूर्ण दस्तावेजों की गहनता से पड़ताल कर रहे हैं। फिलहाल विभाग की ओर से कार्रवाई को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन जांच प्रक्रिया लंबी चलने की उम्मीद है।

बिंदल्स ग्रुप द्वारा बिजनौर जिले में चीनी मिल का संच. ालन किया जा रहा है। यह नूरपुर क्षेत्र के पास गांव चांगीपुर में स्थित है। बुधवार सुबह लगभग दस बजे आयकर विभाग के अधिकारी आठ गाड़ियों से मिल गेट के प्रशासनिक भवन में पहुंचे। भवन में आते ही उन्होंने गेट को बंद करा दिया और किसी को भी बाहर न जाने देने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों के मोबाइल भी अपने पास जमा कर लिए और पूछताछ शुरू कर दी। अभिलेखों, कंप्यूटर, लैपटाप आदि की भी जांच की जा रही है। मिल के प्रशास. निक भवन में किसी को भी नहीं जाने दिया जा रहा है। हालांकि मिल में पेराई सुचारू रूप से चल रही है। मिल यार्ड में किसानों के आने जाने पर कोई रोक टोक नहीं है। आयकर विभाग की टीम के छापा मारने के दौरान सीजेएम शशि गुप्ता वहां नहीं मिले।

# प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर आईटीआई में कार्यक्रम का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर नौ दिवसीय कार्यक्रम प्रथम दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता आणविक/कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसका सीधा प्रसारण आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुजफ्फरनगर (आईटीआई) में जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, एमएलसी वंदना वर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, जिला अध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी, जिला अध्यक्ष लोकल संजय राठी, मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री संजय कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिक. ारी शक्ति शरण श्रीवास्तव, आईटीआई प्रधानाचार्य मुकेश प्रताप सिंह, विभिन्न लाभार्थियों ने लाइव प्रसारण को देखा। इसके



उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष एवं एमएलसी वंदना वर्मा ने सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर नौ दिवसीय कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पंचायत ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के विकास को नई दिशा दे रहा है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में विगत 9 वर्षो में प्रदेश की अर्थव्यवस्था और इन्फास्ट्रक्चर को लगातार मजबूती प्रदान की जा रही है। यही प्रदेश है जहां किसान पहले आत्महत्या करता था, युवा के सामने पहचान का संकट था, इसी प्रदेश में दंगे अराजकता था..। प्रदेश वही है, लेकिन मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व वाली सरकार में लगातार विकास हो रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष एवं एमएलसी ने सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत 5 लाभार्थियों को टूल किट तथा उत्तर प्रदेश बाल सेवा योजना के अंतर्गत 03 बालक बालिकाओं को लैपटॉप वितरण किया।आईटीआई प्रांगण में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई, चित्र प्रदर्शनी में अपने अपने विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की जन सामान्य को उपलब्ध करायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां का जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, एमएलसी वंदना वर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, जिला अध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी, जिला अध्यक्ष लोकदल संजय राठी, मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार आदि ने अवलोकन किया।

# ईदगाह और मस्जिदों के लिए नमाज का समय तय

■ **ईद के दिन को लेकर अभी भी असंमजस की स्थिति**

**मुजफ्फरनगर।** शहर क़ाज़ी तनवीर आलम व सदर व ईदगाह कमैटी ने ईदुल फितर पर ईदगाह और शहर की मस्जिदों में अदा होने वाली नमाज़ का समय तय करते हुए बताया कि ईदगाह सुबह-8:00 बजे

मस्जिद फ़ख़रशाह - 8:15 बजे

मस्जिद हौज़ वाली, खालापार - 8:15 बजे

मस्जिद लियाकतपुरा, चौड़ी गली, लद्दावाला - 8:15 बजे

मस्जिद हौज़ वाली, बकरा मार्किट - 8:15 बजे

मस्जिद नूरा वाली, बघरा तांगा स्टैंड - 8:15 बजे

मस्जिद तकिया कौरेशाह, हनुमान चौक - 8:30 बजे

मस्जिद नुमाइश कैम्प, विकास भवन के सामने - 8:30 बजे,मस्जिद दाऊदिया, मल्हूपुरा - 8:30 बजे, मस्जिद कानूनगो बाग वाली, मक्की नगर - 8:30 बजे

मस्जिद मुहम्मदी, पुजाए वाली, रहमत नगर - 8:45 बजे

मस्जिद मुजीबा, गहरा बाग के सामने, खालापार - 9:15 बजे अदा की जाएगी।

# जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

**मुजफ्फरनगर।** 18 मार्च 2026 खेल निदेशालय लखनऊ के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय मुजफ्फरनगर द्वारा आयोजित करवाई गई चार दिवसीय विभिन्न खेलों की बालक एवं बालिका वर्गों के जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत आज चौथे दिवस जिला स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम मुजफ्फरनगर में करवाया गया।

जिला स्तरीय जूनियर बालिका एवं बालिका प्रतियोगिता का उद्घाटन रामपाल सिंह सचिव जिला ओलंपिक संघ द्वारा किया गया उपरोक्त प्रतियोगिताओं में अनुज पूर्व प्रमुख शाहपुर ब्लॉक कुमारी अनु अंतरराष्ट्रीय कबढी खिलाड़ी द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को



ट्रैकसूट एवं खेलकूद देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में आए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा वरिष्ठ खिलाड़ियों एवं निर्णयको को प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी भूपेंद्र सिंह यादव एवं कुमारी पूनम बिश्नोई उप क्रीड़ा अधिकारी द्वारा बैज लगाकर सम्मानित किया गया। उपरोक्त प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग में विजेता टीम रसूलपुर एवं उपविजेता टीम काकड़ा रही एवं जूनियर बालक वर्ग में विजेता टीम बीजोपुरा एवं उपविजेता टीम मुजफ्फरनगर स्टेडियम रही। प्रतियोगिताओं में प्रदीप कुमार अंशकालिक प्रशिक्षक मनीष शर्मा सुशील कुमार बालिंदर सिंह शमशाद गौरव कमल आदि उपस्थित रहे। उपरोक्त प्रतियोगिता का संचालन राजीव कुमार बाल कल्याण समिति द्वारा किया गया।

# जालसाजी में दम्पति की 4.5 करोड़ की सम्पत्ति होगी जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा आमजन के साथ धोखाधडी कर उनके पैसो को 16 महीनों में 2.5 गुना करने का लालच देने वाले अभियुक्त व साथियों के विरूद्व धारा 107 बीएनएसएस के तहत की गयी कार्यवाही, अपराध से स्वंय तथा परिजनों के नाम पर अर्जित की गयी करीब 4.55 करोड रूपये की अवैध संपत्तियों को कुर्क करने के माननीय न्यायालय से आदेश पारित कराये गये।'

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में मुजफ्फरनगर पुलिस प्रशासन द्वारा अपराधियों पर निरंतर कठोर कार्यवाही की जा रही है तथा अपरा. धिक ख्रत्य कर अर्जित की गयी अवैध सम्पत्तियों को जब्त/कुर्क किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 17.03.2026 को पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्रधिकारी सदर डॉ0 रवि शंकर व थानाध्यक्ष पुरकाजी जयवीर सिंह के कुशल नेतृत्व में फर्जी फर्म बनाकर तथा आमजन को 16 महीनों में 2.5 गुना रूपये करने का लालच देकर व निवेश कराने वाले अभियुक्तगण की 4.55 करोड रूपयों की सम्पत्ति को माननीय न्यायालय से धारा 107 बीएनएसएस के अर्न्तगत सम्पत्ति कुर्क करने का आदेश पारित कराये गये।

घटना का संक्षिप्त विवरण-' अभियुक्तगण 1. अमित कुमार पुत्र धीरज सिंह व 2. उसकी पत्नी बन्दना निवासीगण ग्राम खेडकी थाना पुरकाजी, मुजफ्फरनगर द्वारा एक फर्म सैनेमी कन्सल्टिंग प्राईवेट लिमिटेड खोलकर अपने साथियों 3. सरफराज पुत्र यामीन 4. शादाब पुत्र उस्मान निवासीगण मौहल्ला झोझगान कस्बा व थाना पुरकाजी, मुजफ्फरनगर व 5. सतीश शर्मा पुत्र रामशरण शर्मा निवासी विरला फार्म हाउस गोलकधाम हरीपुर कला थाना रायवाला, देहरादून के साथ मिलकर करीब 1000 लोगो से धोखाधडी करके उनके पैसो को 16 महिनों में 2.5 गुना करने का लालच देकर ठग लिया गया।

उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना पुरकाजी व थाना सिविल लाईन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किये गये। थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा दिनांक 08 अक्टूबर 2025 को उक्त अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा अभियुक्तगण द्वारा आपराधिक कृत्य से अर्जित की गयी अवैध सम्पत्तियों की जांच की गयी तथा उक्त सम्पत्तियों को कुर्क करने के सम्बन्ध में माननीय न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गयी। पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय में की गयी प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप दिनांक 17.03.2026 को न्यायालय सी0जे0 (जेडी) एफ0टी0सी0 कोर्ट नं0-2 मुजफ्फरनगर द्वारा अभियुक्तगण की 04 करोड 55 लाख रूपये की अवैध सम्पत्ति को कुर्क करने के आदेश पारित किये गये।

# मुठभेड़ में वाहन चोर और मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सिविल लाइन पुलिस द्वारा अपराधियों के विरूद्ध उठाए गए कडे कदम और शातिरों पर हो रही कडी कार्यवाही के चलते अधिकतर बदमाश भूमिगत हो गए है।

बुधवार को भी पुलिस ने एसआ. ेजीकी टीम के साथ मिलकर मुठभेड के दौरान चार अन्तर्राज्जीय चोर को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से अवैध असलाह व हजारों की नगदी बरामद करते हुए सिविल लाइन पुलिस ने एक ओर अनय मामले में दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर करीब बीसकिलो मादक पदार्थ जिसकी कीमत छह लाख रूपये बताई गई है और एक महेन्द्र कार बरामद करने का दावा कियाहै।

सिविल लाइन थाना प्रभारी आशुतोष की माने तो दस मार्च को प्रीति नारंग पत्नी हरीश नारंग ने



सिविल लाइन थाने में एक लिखित तहरीर देते हुए बताया था कि बदमाशों ने उनकी करेटा कार नम्बर यूके 17 के /7011 एक बैक्वट हाल के सामने से चोरी कर ली है।

पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर जांच पडताल की तो छानबीन में आया कि बदमाश दिल्ली, मेरठ और राजस्थान के है। सर्विलांस के माध्यम से और इस गिरोह तक पहुंचने के लिए पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों का भी सहारा लिया। इसके बाद पुलिस ने अजय तोमर पुत्र स्व. कवंर पाल निवासी बडौत बागपत हाल लक्ष्मीनगर दिल्ली, आस मौहम्मद उर्फ पप्पू उर्फ बकरा पुत्र शब्बीर निवासी जलीकोठी देहली गेट, मेरठ व अरूण उर्फ पिन्टू पुत्र राजेन्द्र पंवार निवासी सरूरपुर मेरठ तथा तोसीफ पुत्र मौहम्मद यासीन शास्त्री नगर भीलवाडा राजस्थान को मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि बदमाशों के पास से 40 हजार की नगदी, चोरी की करेटा, अवैध असलाह बरामद किया गया है।

यह लोग वाहन चोर गिरोह के सदस्यीय है और कई जनपद व कई राज्यों से वाहन चोरी कर नम्बर प्लेट बदलकर उन्हे दूसरे राज्यों में बेचते थे।

वही एक ओर अन्य मामले में सिविल लाइन पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा के तहत पुलिस ने विपिन उर्फ काली पुत्र ओमपाल निवासी कैडी थाना बाबरी हाल सिढ़कुल हरिद्वार व वसीम पुत्र नसीम अहमद निवासी सिढ़कुल हरिद्वार को गिरफ्तार किया उनके कब्जे से भारी मात्रा में मदक पदार्थ बरामद किया। लिखापढ़ी के बाद पुलिसने दोनो गिरोह को जेल भेज दिया।

# महिला विश्व कप कबड्डी में स्वर्ण लाने वाली छोरी का सम्मान

■ **एसएसपी ने अनु सेन की प्रतिभा का सराहा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** काकड़ा की छोरी ने किया मुजफ्फरनगर सहित पुलिस का नाम ऊंचा एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने सम्मानित किया। अनु सेन पुत्री नीरज कुमार निवासी ग्राम काकड़ा अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी ने नवंबर 2025 में आयोजित वूमेन वर्ल्ड कप कबढी में स्वर्ण पदक जीतकर मुजफ्फरनगर का नाम किया रोशन

आज एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने अनु को अपने कार्यालय पर सम्मानित किया आगामी नवरात्रों में मिशन शक्ति के तहत एसएसपी संजय कुमार वर्मा व एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ उन्हें मुजफ्फरनगर पुलिस की ओर से सम्मानित करेंगे आपको बता दे अनु इस वक्त गाजियाबाद में खेल कोटे से हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात हे तो वही आज भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक व समा. जसेवी अशोक बालियान अपने साथ लेकर एसएसपी संजय कुमार वर्मा के पास पहुंचे और अनु का परिचय कराया अनु सेन से परिचय के दौरान एसएसपी संजय कुमार वर्मा बड़े खुश नजर आए और अनु का पुलिस में चयन होने पर शुभकामनाएं दी ओर कहा कि आपने जिले का गौरव ओर सम्मान बढ़ाया हे जिसके लिए मुजफ्फरनगर पुलिस भीं आपको सम्मानित करेंगी हेड कांस्टेबल खिलाड़ी अनु सेन ने अपने माता पिता ओर कोच को इस सफलता का श्रेय दिया जिला खेल कार्यालय मुजफ्फरनगर के अधिकारी भी इस दौरान मौजूद रहे।

आयुष्मान सुविधा उपलब्ध है

माहे रमजान की दिली मुबारकबाद

डॉ0 रिजवान अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ0 मौहसिन अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0डी0)

डॉ0 मौ0 शुऐब
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)

डॉ0 जैनब इनाम
एम0बी0बी0एस0 (डी0जी0ओ0)
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)

दिवान हॉस्पिटल

सुजडू चुंगी, मेन रोड मुजफ्फरनगर 251001

0131-2634069-9837 3357 11

# सरधना में जीएसटी टीम का छापा

## नावला स्पात प्राइवेट लिमिटेड में देर रात तक चली जांच से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** क्षेत्र में बुधवार के दिन जीएसटी विभाग की सख्त कार्रवाई ने औद्योगिक जगत में हलचल पैदा कर दी। मेरठ रोड स्थित नावला स्पात प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री पर विभाग की टीम ने अचानक छापा मारते हुए पूरे दिन जांच-पड़ताल की, जिससे आसपास के कारोबारियों में भी बेचैनी का माहौल बन गया। जानकारी के मुताबिक, दोपहर के समय जीएसटी अधिकारियों की टीम कई गाड़ियों के काफिले के साथ अचानक फैक्ट्री परिसर पहुंची। बिना किसी पूर्व सूचना के टीम ने सीधे अंदर प्रवेश कर कार्यालय का रुख किया और वहां मौजूद कंप्यूटर सिस्टम की हार्ड डिस्क अपने कब्जे में ले ली। इसके अलावा महत्वपूर्ण दस्तावेज, बिलिंग रिकॉर्ड, फाइलें और खातों से जुड़े रजिस्टर भी जब्त कर लिए गए। छापेमारी की सूचना मिलते ही फैक्ट्री संचालक और अन्य जिम्मेदार लोग मौके पर पहुंच गए। इसके बाद टीम ने



कई घंटों तक वित्तीय लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड की गहन जांच की। यह कार्रवाई देर रात्रि तक जारी रही, जिससे फैक्ट्री परिसर में लगातार हलचल बनी रही। सूत्रों के अनुसार, जांच का मुख्य फोकस टैक्स चोरी, फर्जी बिलिंग और इनपुट टैक्स क्रेडिट से जुड़े मामलों पर था। हालांकि, जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने आधिकारिक तौर पर इस मामले में कोई बयान देने से इंकार किया है। इस कार्रवाई की खबर फैलते ही सरधना और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में व्यापारियों के बीच सतर्कता बढ़ गई। कई कारोबारियों ने अपने रिकॉर्ड दुरुस्त करने शुरू कर दिए, जबकि कुछ ने एहतियात के तौर पर अपने प्रतिष्ठान समय से पहले बंद कर दिए।

## पांचली बुजुर्ग में छप्पर में लगी आग, दो पशु झुलसे, बड़ा नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** बुधवार शाम क्षेत्र के गांव पांचली बुजुर्ग में एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां गांव के बाहरी छोर पर बने छप्पर में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि उसमें बंधे दो पशु गंभीर रूप से झुलस गए। घटना से पशुपालक परिवार को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इस्लाम पुत्र शरीफ अपने परिवार का पालन-पोषण पशुपालन के माध्यम से करता है। बुधवार शाम वह रोजमर्रा के काम में लगा था, तभी अचानक उसके छप्पर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और वहां बंधे पशु उसकी चपेट में आ गए। ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में दोनों पशु गंभीर रूप से झुलस गए हैं, जिनका उपचार कराया जा रहा है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। वहीं ग्रामीणों में घटना को लेकर चिंता का माहौल बना हुआ है।

# एएसपी ने सपा जिला उपाध्यक्ष की गाड़ी से उतरवाया हूटर, किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** बुधवार को एएसपी बजरंग प्रसाद ने लावड़ कस्बे के मेन चौराहे पर संघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट बाईक सवार व तेज आवाज वाले साइलेंसरों वाली बाईकों के चालान किए। इस दौरान उन्होंने कई वाहन चालकों को हिदायत भी दी। तत्पश्चात उन्होंने लावड़ चौकी प्रभारी को साथ लेकर मुख्य मार्ग पर पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने सपा जिला उपाध्यक्ष जमालपुर गांव निवासी गौरव चौधरी की कार को रुकवा दिया। कार के पिछले शीशे पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व गौरव चौधरी का फोटो लगा हुआ था। साथ ही सिवालखास विधानसभा भी लिखा हुआ था। एएसपी बजरंग प्रसाद ने गाड़ी में लगा हूटर बजवाकर देखा और उसके बाद उन्होंने पुलिसकर्मियों को हूटर उतारने के लिए कहा जिस पर पुलिस ने हूटर उतार लिया। साथ ही एएसपी ने सपा जिला उपाध्यक्ष






की गाड़ी का 20 हजार रूपये का चालान भी काट दिया। इस दौरान काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

## दशमेश पब्लिक स्कूल में किंडर गार्डन का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** दशमेश पब्लिक स्कूल रामराज में किंडर गार्डन के बच्चों के ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों को ग्रेजुएशन कैप, गाउन व सर्टिफिकेट दिए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक जसवंत सिंह सहोता एवं विद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर सिम्मी सहोता व प्रधानाचार्य आमिर खान ने दीप प्रज्वलित कर किया। नन्हे मुन्ने बच्चों को गाउन व कैप की पोशाक में देखकर पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान नन्हे बच्चों ने कविता पाठ नृत्य आदि कर सबका मन मोह लिया। विद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर सिम्मी सहोता ने कहा कि यह दिन बच्चों के लिए एक विशेष दिन है। यह इन बच्चों की औपचारिक शिक्षा की दिशा में पहला बड़ा कदम है। समारोह का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की कोऑर्डिनेटर स्वाति अरोड़ा, मनजोत कौर, हर्षिका अरोड़ा, नेहा देओल, हरप्रीत कौर, प्रभजोत कौर, अमृतपाल कौर, स्वाती, रीटा छाबड़ा, शालू राठी, प्रिया चौहान आदि उपस्थित रहे।

# होली मिलन के बाद अक्षरधाम में होगा ईद मिलन


## सरधना विधायक अतुल प्रधान करेंगे ऐतिहासिक कार्यक्रम, हजारों लोग होंगे शामिल

- देश की एकता के लिए सर्व धर्म को साथ लेकर चलना ही मेरा मकसदः अतुल प्रधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** होली मिलन का ऐतिहासिक कार्यक्रम करने के बाद समाजवादी पार्टी से सरधना विधायक अतुल प्रधान अपनी विधानसभा में अब ईद मिलन का कार्यक्रम आयोजित करेंगे जिसमें हिंदू-मुस्लिम-सिख-इसाई सभी धर्म के हजारों लोग शामिल होंगे और इस ईद मिलन के कार्यक्रम से एक बार फिर अतुल प्रधान क्षेत्र में लोकतंत्र को मजबूत करने और देश की एकता के लिए सर्व समाज को एक मंच पर लाएंगे।

सपा विधायक अतुल प्रधान 22 मार्च को सरधना के चार्ल्स इंटर कॉलेज में एक एतिहासिक कार्यक्रम आयोजित करने वाले हैं जिसमें सरधना विधानसभा के हजारों लोग शामिल होंगे। यह कार्यक्रम ईद मिलन का होगा। अभी कुछ दिनों पहले ही




अतुल प्रधान ने होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया था जिसमें उन्होंने सरधना विधानसभा की जनता के साथ होली खेली और सब की आपसी मनमुटाव खत्म करने देश की एकता को बढ़ाने और लोकतंत्र की मजबूती को बढ़ाने के लिए अपील की थी। इस दौरान अतुल प्रधान ने जनता के बीच बड़ी मौज मस्ती के साथ होली खेली थी और उनका यह अंदाज देखकर लोगों ने उनकी प्रशंसा की थी।

अतुल प्रधान का कहना है कि वह सरधना विधानसभा की जनता को अपना परिवार मानते हैं और उन्हीं के बीच पूरा वक्त बिताते हैं। आपको बता दें कि अतुल प्रधान लगातार सर्व समाज के बीच पहुंचकर उनके सुख-दुख में शामिल हो रहे हैं जिसके चलते सरधना विधानसभा में खास तौर से दलित और हिंदू समाज में विधायक अतुल प्रधान का ग्राफ बहुत बढ़ गया है और उनके ग्राफ को देख कर ही भाजपा के कुछ नेताओं के चेहरे उतरे हुए हैं और अपने चेहरे की घबराहट को कम करने के लिए वह सरधना में हिंदू मुस्लिम से जुड़े हुए उल्टे सीधे बयान दे रहे हैं।

### ईद मिलन के गवाह बनेंगे हजारों लोग

22 मार्च को सरधना में आयोजित होने वाले ईद मिलन समारोह को लेकर विधायक अतुल प्रधान ने मेहनत शुरू कर दी है। उनका कहना है कि इस ईद मिलन में सेवाइयों की मिठास के साथ-साथ हजारों लोगों का खाना भी होगा। इस दौरान सभी लोग एक दूसरे के गले मिलेंगे और देश में अमन भाईचारा कायम करने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने की अपील भी करेंगे।

### न जात न धर्म आर्थिक मदद में अतुल प्रधान रहे आगे

अतुल प्रधान बीते लंबे समय से सरधना विधानसभा में काम कर रहे हैं। वह दो बार लगातार यहां से हारे लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और तीसरी बार समाजवादी पार्टी से विधायक बनकर विधानसभा में पहुंचे। विधायक बनने से पहले भी अतुल प्रधान जनता के बीच दिखाई देते रहे हैं वह हर गरीब और मजलूम की आवाज को मजबूत करने के लिए अक्सर लोगों के बीच उनकी आर्थिक मदद करते हुए दिखाई देते हैं और बीते कुछ दिनों में पूरे देश ने उनकी इस शैली को देखा है। जब वह पीड़ितों के बीच दिल खोलकर उनकी आर्थिक मदद करने पहुंचते है। वहीं दूसरी ओर पूर्व में दो बार विधायक रहे संगीत सोम को लेकर भी लोगों में चर्चा आम है कि उनके पास बहुत पैसा है लेकिन फिर भी वह लोगों की मदद करते हुए दिखाई नहीं देते।

## गैस की किल्लत पर पूर्व राज्य मंत्री शकील भारती ने लिखा प्रमुख सचिव को पत्र

- जल्द से जल्द व्यवस्था बनवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्य मंत्री शकील भारती ने जनपद मेरठ में गैस सिलेंडर आपूर्ति की किल्लत को और गैस उपभोक्ता की परेशानी को देखते हुए प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव खाद्य सुरक्षा औषधि को पत्र लिख कर जल्द से जल्द गैस की किल्लत दूर करने और व्यवस्था बनवाने की मांग की है। शकील भारती ने बताया कि मेरठ शहर में गैस उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारे यह बता रही हैं कि गैस की बड़ी दिक्कत है और इस किल्लत के चलते लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कई बार जिला पूर्ति अधिकारी से भी इस बारे में वार्ता की है। उन्होंने लिखित और मौखिक दोनों रूप से जिला पूर्ति अधिकारी को इन चीजों से अवगत कराया है। उन्होंने प्रमुख सचिव से आग्रह किया कि वह मेरठ के डीएम को निर्देशित करें कि गैस की



पूर्व राज्य मंत्री शकील भारती

किल्लत को दूर किया जाए और गैस की कालाबाजारी को भी रोका जाए। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री शकील भारती ने कहा कि किसी ने सोचा भी नहीं था कि गैस की किल्लत से एक बार फिर देश में देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि गैस की किल्लत के बावजूद लगातार ब्लैक से सिलेंडर बिक रहे हैं जो अपने आप में एक बड़ा सवाल है। प्रमुख सचिव के साथ-साथ उन्होंने डीएम से भी इस और ध्यान देने की मांग रखी है।

## ईद की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट, थाना प्रभारी ने किया ईदगाहों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** आगामी ईद-उल-फितर के पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में बुधवार को थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ नगर एवं देहात क्षेत्र की विभिन्न ईदगाहों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने ईदगाहों में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, आने-जाने के मार्ग तथा भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि नमाज के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए और सभी व्यवस्थाएं पहले से दुरुस्त कर ली जाएं। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि ईदगाहों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे, ताकि शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

थाना प्रभारी ने स्थानीय लोगों और कमेटी सदस्यों से भी संवाद



किया और उनसे सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है, जिसे सभी को मिलजुल कर शांतिपूर्वक मनाना चाहिए। पुलिस प्रशासन ने साफ किया है कि किसी भी तरह की अफवाह या असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और माहौल खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस टीम के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# उच्च शिक्षा और उद्योग के बीच संवाद केवल आवश्यकता नहीं, भविष्य की अनिवार्यताः कुंवर शेखर विजेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एसोचौम राष्ट्रीय शिक्षा परिषद द्वारा शोभित विश्वविद्यालय के सहयोग से 'डिजिटल इकोसिस्टम एवं उद्योग साझेदारी के माध्यम से उच्च शिक्षा में परिवर्तन' विषय पर एक राष्ट्रीय गोलमेज बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य शिक्षाविदों, उद्योग जगत के वरिष्ठ मानव संसाधन विशेषज्ञों, तकनीकी क्षेत्र के जानकारों तथा विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर उच्च शिक्षा की बदलती दिशा पर गंभीर विचार-विमर्श किया।

बैठक की अध्यक्षता कुँवर शेखर विजेंद्र, अध्यक्ष, राष्ट्रीय शिक्षा परिषद, एसोचौम एवं कुलाधिपति, शोभित विश्वविद्यालय ने की। अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों की भूमिका केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित नहीं रह सकती। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य ऐसे युवाओं का निर्माण है जो ज्ञान के साथ विवेक, तकनीक के साथ संवेदना, और योग्यता के साथ उत्तरदायित्व लेकर समाज में प्रवेश करें। उन्होंने कहा कि आज उद्योग जगत जिस कौशल की अपेक्षा कर रहा है, उसमें केवल विषयगत जानकारी पर्याप्त नहीं है। संवाद क्षमता, आत्मविश्वास, समस्या को समझने की




क्षमता, सामूहिक कार्यशैली और बदलते परिवेश में स्वयं को ढालने की तैयारी उतनी ही आवश्यक है। यदि शिक्षा इन आयामों को पर्याप्त गहराई से नहीं छूती, तो डिग्री और जीवन के बीच दूरी बनी रहती है। बैठक में उद्योग प्रति. निधियों ने भी इस बात पर चिंता व्यक्त की कि अनेक प्रतिभाशाली युवाओं में ज्ञान तो है, परंतु कार्यस्थल की व्यवहारिक अपेक्षाओं को समझने और प्रभावी संवाद स्थापित करने में अभी भी कमी दिखाई देती है।

शिक्षाविदों का मानना था कि उद्योग और विश्वविद्यालयों के बीच संबंध केवल रोजगार देने और पाने का नहीं होना चाहिए। पाठ्यक्रम निर्माण, इंटर्नशिप, संयुक्त शोध, नवाचार प्रयोगशालाएँ, और उद्योग के वास्तविक प्रश्नों को विश्वविद्यालयों के अध्ययन और शोध से जोड़ना समय की माँग है।

उन्होंने कहा कि शोध तब अधिक सार्थक होता है जब वह पुस्तकालयों की सीमाओं से निकलकर समाज और उत्पादन की वास्तविक चुनौतियों से संवाद करे। विश्वविद्यालयों के पास विचार हैं, उद्योग के पास अनुभव हैय जब दोनों मिलते हैं तभी नवाचार जीवित होता है। चर्चा के दौरान कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल शिक्षा प्रणाली और बदलते रोजगार परिवेश पर भी विचार हुआ। इस अवसर पर यह भी कहा गया कि तकनीक ने मानव की क्षमता अवश्य बढ़ाई है, परंतु तकनीक अपने आप में परिपक्वता नहीं देती। परिपक्वता शिक्षा के भीतर से आती है।

कार्यक्रम के संचालन और समन्वय में डॉ. अंबिका शर्मा, सहायक महासचिव, एसोचौम तथा डॉ. स्वाति शर्मा, वरिष्ठ निदेशक, एसोचौम की सक्रिय भूमिका रही। बैठक में यह साझा भावना उभरी कि यदि भारत को ज्ञान-समर्थ, आत्मविश्वासी और भविष्य के लिए तैयार राष्ट्र बनना है, तो शिक्षा और उद्योग के बीच संवाद को अधिक गहरा, सतत और उद्देश्यपूर्ण बनाना होगा।

## गैस की किल्लत को लेकर फिर बरसे आप कार्यकर्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को एक बार फिर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए कहा कि सरकार कह रही है गैस पर्याप्त है लेकिन समाचार पत्रों में गैस एजेंसियों के बाहर की भीड़ के फोटो सच्चाई बयान कर रहे हैं। केवाईसी के नाम पर लोगों को परेशान किया जा रहा है। ब्लैक में सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वीआईपी लोगों को पर्चियां दी जा रही हैं। आप कार्यकर्ताओं का दावा था कि यदि व्यवस्था न सुधरी तो वह आमरण अनशन करेंगे लेकिन मौके पर पहुंचे एडीएम सिटी ने उन्हें जल्दी हालात सुधरने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।

### पर्दे के पीछे का खेल

यह सच है कि प्रतिदिन शहर में गैस की आपूर्ति हो रही है लेकिन गैस एजेंसी इस आपदा को अवसर मानकर भुनाने में लगी हुई हैं। सिस्टम खराब रहते हैं। दलाल लोग घूम रहे होते हैं। लेन-देन की बात करते ही चुपचाप पर्ची दे दी जाती है कि गोदाम से गैस ले आओ।

# वेंक्टेश्वरा विवि की प्रो. मधु चतुर्वेदी हिंदी सलाहकार समिति की सदस्य मनोनीत

## विश्व में किसी भी महिला द्वारा रचित प्रथम महाकाव्य है देवयानीः डॉ. राजीव त्यागी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में वेंक्टेश्वरा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की अध्यक्षा प्रो. मधु चतुर्वेदी को महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा हिन्दी सलाहकार समिति का सदस्य नामित किये जाने पर संस्थान में एक शानदार अभिनंदन व सम्मान समारोह आयोजित कर प्रो. मधु चतुर्वेदी को शॉल, गंगाजल, तुलसी पौधा, पगड़ी एवं सम्मान चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन/अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि यह केवल व्यक्तिगत उपलब्धि संस्थान के लिए सम्मान की बात नहीं है बल्कि पूरी मातृशक्ति के सम्मान एवं गौरव का मनोनयन है।


श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में




'अभिनंदन समारोह' का शुभारंभ प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रो. मधु चतुर्वेदी, प्रभारी कुलपति युवराज सिंह, विख्यात साहित्यकार व ओज के हस्ताक्षर डॉ. राहुल अवस्थी, कुलसचिव डॉ. पीयूष कुमार पाण्डेय आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवित करके किया।

प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि आज मातृशक्ति प्रत्येक क्षेत्र में न सिर्फ पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कदमताल कर रही है, बल्कि कला, साहित्य, स्पोर्टस, शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान, शोध व नवाचार समेत सभी क्षेत्रों में उनसे चार कदम आगे है। पिछले एक दशक में वेंक्टेश्वरा संस्थान ने मातृशक्ति की उपलब्धियों के बल पर दो दर्जन से अधिक राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियाँ की है। अभिनन्दन समारोह को वरिष्ठ कवि डॉ. राहुल अवस्थी प्रभारी कुलपति युवराज सिंह, कुलसचिव प्रो. पीयूष कुमार पाण्डेय आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर ग्रुप एडवाईजर प्रो. आर.एस. शर्मा, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. थॉमस, डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, डॉ. ओमप्रकाश गोसाई, डॉ. सुमन, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. आरती, डॉ. ज्योति, डॉ. विकास पाण्डेय, डॉ. रीना जोशी, डॉ. श्रीराम गुप्ता, डॉ. स्नेहलता, दीक्षा, मारूफ चौधरी, एस.एस. बघेल, विशाल शर्मा मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. पंकज सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## अभिभावक-शिक्षक बैठक में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य पर हुआ मंथन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित ऋषभ एकेडमी में बुधवार को सत्र 2025-26 के फाइनल रिजल्ट के उपलक्ष्य में भव्य अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। बैठक में प्री-नर्सरी से कक्षा 9 एवं 11 तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शिक्षकों से बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे पोस्टरों एवं सूचना बोर्डों से आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी गई तथा कई छात्रों ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी कोऑर्डिनेटरों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

विद्यालय अध्यक्ष दिनेश चंद जैन, सचिव डॉ. संजय कुमार जैन, कोषाध्यक्ष योगेंद्र प्रकाश जैन, प्रधानाचार्य एस. त्यागी तथा उप-प्रधानाचार्य पवन कपूर ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को परिणाम की शुभकामनाएं देते हुए नए सत्र में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। बैठक के दौरान अभिभावकों और शिक्षकों के बीच समन्वय मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त हो सके।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अल्काराज व सिनर की वर्ल्ड नंबर-1 की लड़ाई में अहम है मियामी ओपन

**मियामी, वार्ता।** बीएनपी परीबा ओपन में जानिक सिनर के खिताब जीतने के कारनामों ने उन्हें एटीपी रैंकिंग में कार्लोस अल्काराज की बढ़त कम करने में मदद की। अपनी छठी एटीपी मास्टर्स 1000 ट्रॉफी जीतकर, सिनर ने 1,000 अंक हासिल किए और इंडियन वेल्स से पहले अल्काराज की 2,800 अंकों की बढ़त को घटाकर 2,150 अंक कर दिया। अब सबका ध्यान मियामी ओपन पर है, जहां सिनर के पास अपनी लय को और मजबूत करने का मौका है। इस इतालवी खिलाड़ी ने 2025 में फ्लोरिडा में हिस्सा नहीं लिया था, जिसका मतलब है कि इस पखवाड़े में उन्हें अपने किसी भी अंक का बचाव नहीं करना है। इसलिए, हर जीत सीधे तौर पर उनके रैंकिंग अंकों में जुड़ जाएगी।

### भारत का पूल कड़ा और संतुलित : मरिने

**बेंगलुरु, वार्ता।** मुख्य कोच शुअर्ड मरिने ने बुधवार को आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 के पूल डी को बहुत ही कड़ा और संतुलित बताया। यह बात उन्होंने तब कही जब भारतीय महिला हॉकी टीम को इंग्लैंड, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ एक ही पूल में रखा गया। भारतीय टीम, जिसने हाल ही में इस बड़े टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया है, उसे अगस्त में होने वाले ग्रुप स्टेज में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। चीन, जो अभी वर्ल्ड रैंकिंग में चौथे स्थान पर है, इस पूल में सबसे आगे है, उसके बाद इंग्लैंड छठे स्थान पर है, जबकि भारत और दक्षिण अफ्रीका क्रमश: नौवें और उन्नीसवें स्थान पर हैं। विरोधी टीमों की अलग-अलग ताकतों को मानते हुए, मरिने ने कहा कि इस ग्रुप में अनुभव और अप्रत्याशितता का मिला-जुला रूप देखने को मिलेगा।

# मेहंदी हसन मिराज ने वनडे व मिचेल सैंटनर ने टी-20 रैंकिंग में लगाई बड़ी छलांग





● **मेहंदी वनडे रैंकिंग में नौ पायदान चढ़कर संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर पहुंच गए**

**धाकड़ बल्लेबाज डेरिल मिचेल 840 रेटिंग के साथ पहले नंबर पर, विराट नंबर-2 पर**

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेश के कप्तान मेहंदी हसन मिराज ने एकदिवसीय क्रिकेट में तथा न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टी-20 मैचों शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई।

आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी ताजा अपडेट के अनुसार बांग्लादेश के कप्तान मेहंदी हसन मिराज को उनकी हालिया बेहतरीन फॉर्म का इनाम मिला है। इस ऑलराउंडर ने पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई एकदिवसीय सीरीज में तीनों मैचों में कुल पांच विकेट लिए, जिससे टीम ने 2-1 से सीरीज जीत ली।

इन शानदार प्रदर्शन की बदौलत मेहंदी एकदिवसीय गें. दबाजों की ताजा रैंकिंग में नौ पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर पहुंच गए। वहीं, 28 वर्षीय इस खिलाड़ी ने एकदिवसीय ऑलराउंडरों की अपडेटेड सूची में दो पायदान की छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल कर लिया।

एकदिवसीय रैंकिंग में न्यूजीलैंड के धाकड़ बल्लेबाज डेरिल मिचेल 840 रेटिंग के साथ पहले नंबर पर बने हुए हैं। भारत के विराट कोहली 791 की रेटिंग के साथ दूसरे, अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान 756 की रेटिंग के साथ तीसरे, भारत के ही रोहित शर्मा की रेटिंग 748 की है और वे नंबर 4 पर अभी मौजूद हैं। भारतीय टीम के एकदिवसीय शुभमन गिल 716 की रेटिंग के साथ नंबर 5 पर हैं। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम 684 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर हैं। वेस्टइंडीज के शे होप 679 की रेटिंग के साथ नंबर 7 पर हैं। आयरलैंड के हैरी ट्रेक्टर 679 रेटिंग अंक साथ नंबर सात पर ही हैं। भारत के केएल राहुल 664 की रेटिंग के साथ नंबर 9 पर हैं। अब उन्हीं की बराबरी पर पाकिस्तान के सलमान अली आगा भी आ गए हैं। सलमान अली आगा एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में नौ पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर पहुंच गए, और एकदिवसीय ऑलराउंडरों की सूची में तीन पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर पहुंच गए। वहीं, कप्तान शाहीन अफरीदी ने गेंद के साथ कुछ अच्छे प्रदर्शनों के बाद ऑलराउंडरों की सूची में चार पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 25वां स्थान हासिल किया। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर को अपने घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई पांच मैचों टी-20 की सीरीज के पहले दो मैचों में किए गए अच्छे प्रदर्शनों का इनाम मिला। सैंटनर हाल ही में हुए टी-20 विश्वकप के दौरान न्यूजीलैंड के लिए लगातार सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक थे।

# चेपॉक में एक बड़े 'रीयूनियन' की योजना बना रहा है सीएसके

● **जिन लोगों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है, उनमें मुरलीधरन, मैथ्यू हेडन व ब्रावो शामिल हैं**

**चेन्नई, वार्ता।** 22 मार्च को चेन्नई में चेन्नई सुपर किंग्स का एक रीयूनियन होगा, जिसमें फ्रेंचाइजी अपने कई पूर्व खिलाड़ियों को आमंत्रित कर रही हैए जिनमें वे खिलाड़ी भी शामिल हैं जो अभी दूसरी आईपीएल टीमों से जुड़े हुए हैं।

जिन लोगों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है, उनमें मुथैया मुरलीधरन (सनराइजर्स हैदराबाद), मैथ्यू हेडन (गुजरात टाइटन्स) और ड्वेन ब्रावो (कोलकाता नाइट राइडर्स) शामिल हैं। जब इस नियोजित कार्यक्रम के बारे में खबर फैली, तो आईपीएल टीमों के बीच थोड़ी उत्सुकता पैदा हो गई, जिससे यह चर्चा शुरू हो गई कि शायद कोई बड़ी घोषणा होने वाली है। हालांकि, फेंचाइजी के अधिकारियों ने तुरंत स्पष्ट किया कि यह केवल आईपीएल सीजन की शुरुआत के उपलक्ष्य में आयोजित एक औपचारिक 'प्री-आईपीएल' कार्यक्रम है। चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ कासी विश्वनाथन ने क्रिकबज को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह सीजन के लिए केवल एक 'प्री-लॉन्च' और प्रशंसकों से जुड़ने का एक प्रयास है। इसमें इससे ज्यादा कुछ भी नहीं है। उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि कई पूर्व खिलाड़ी जिनमें ज्यादातर भारतीय और वे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने पिछले 16 सीजन में फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व किया है। इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

# भारत की पुरुष और महिला टीमें ग्रुप ए में चीन के साथ

● **भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम को को चीन, कनाडा व ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप ए में रखा गया**

**कोपेनहेगन, वार्ता।** थॉमस और उबेर कप 2026 के लिए बुधवार को हुए ड्रॉ में भारतीय बैडमिंटन टीमों को मुश्किल ग्रुप ए में मौजूदा चैंपियन चीन के साथ रखा गया है।

आगामी थॉमस और उबेर कप 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के फोरम हॉर्सेंस एरिना में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2022 में थॉमस कप जीतने वाले भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम को टूर्नामेंट के आगामी संस्करण के लिए मौजूदा चैंपियन चीन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। वहीं पिछले संस्करण में उपविजेता इंडोनेशिया को फांस, थाईलैंड और अल्जीरिया के साथ ग्रुप डी में रखा गया है।

वह थॉमस कप के इतिहास में 14 खिताबों के साथ सबसे सफल टीम है। भारत की एकमात्र थॉमस कप जीत 2022 में तब मिली थी, जब उसने बैंकॉक में फाइनल में इंडोनेशिया को 3-0 से हराया था।

भारत ने बीडब्ल्यूएफ पुरुष टीम विश्व बैडमिटन रैंकिंग में अपनी स्थिति के आधार पर थॉमस कप 2026 के लिए क्वालिफाई किया है। यह रैंकिंग बैडमिटन एशिया टीम चैंपियनशिप के बाद फाइनल की गई थी। इस बीच, भारतीय महिला बैडमिटन टीम को उबेर कप 2026 के लिए ग्रुप ए में रखा गया है, जिसमें उनके साथ मौजूदा चैंपियन और रिकॉर्ड 16 बार की विजेता टीम चीन भी शामिल है।

भारत और चीन के साथ-साथ मेजबान डेनमार्क और यूक्रेन भी शामिल हैं। भारत ने अपनी टीम की विश्व रैंकिंग के आधार पर उबेर कप 2026 के लिए क्वालिफाई किया। उन्हें उन शीर्ष-रैंक वाली टीमों के लिए आरक्षित स्थानों में से एक मिला, जो पहले से ही कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप के जरिए क्वालिफाई नहीं कर पाई थीं।

# हेजलवुड-कमिंस के आईपीएल के शुरुआती मैचों में खेलने पर संशय

● **हेजलवुड को पहले हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी फिर ठीक होने के दौरान उन्हें एच्लीस टेंडन में भी तकलीफ हो गई थी**



**बेंगलुरु, वार्ता।** डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपने आईपीएल 2026 अभियान की शुरुआत तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड के बिना करने के लिए तैयार दिख रही है और इसमें ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस का नाम भी जुड़ने की संभावना है।

उम्मीद है कि कमिंस भी सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती कुछ मैचों में नहीं खेल पाएंगे। स्टार खिलाड़ी हेजलवुड अपनी फ्रेंचाइजी के लिए शुरुआती दो मैच नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि वह चोटों से भरे घरेलू सीजन से उबरने की प्रक्रिया में हैं, इस दौरान वह पूरी एशेज सीरीज से बाहर रहे थे। हेजलवुड को पहले हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी, और फिर ठीक होने के दौरान उन्हें एच्लीस टेंडन में भी तकलीफ हो गई थी। पिछले साल आरसीबी के आईपीएल खिताब का सूखा समाप्त करने में हेजलवुड की अहम भूमिका थी, उन्होंने 17-54 की औसत से 22 विकेट लिए थे। आईपीएल में देर से आने वाले खिलाड़ियों की सूची में हेजलवुड के साथ एक और ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस का नाम भी जुड़ने की संभावना है। उम्मीद है कि कमिंस भी सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती कुछ मैचों में नहीं खेल पाएंगे, इन मैचों में 28 मार्च को सीजन की पहली रात को हेजलवुड की आरसीबी के खिलाफ होने वाला मुकाबला भी शामिल है। एसआरएच के कप्तान ने एशेज के दौरान केवल एक ही टेस्ट मैच खेला था।

कि वह जुलाई में कैरिबियन में लगी पीठ की हल्की चोट से उबरने के लिए रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे थे। इसके बाद हेतलवुड और कमिंस दोनों ही टी-20 विश्व कप से बाहर हो गए थे, जहां ऑस्ट्रेलिया पहले ही दौर में टूर्नामेंट से बाहर हो गया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का चिकित्सा दल पिछले कुछ महीनों से इन दोनों प्रमुख खिलाड़ियों की सेहत पर बहुत बारीकी से नजर रखे हुए हैं। इस वजह से, इन दोनों खिलाघे अपनी-अपनी आईपीएल फेंच. इजियों के लिए ठीक-ठीक कब उपलब्ध हो पाएंगे, इसको लेकर अभी भी कुछ अनिश्चितता बनी हुई है।

# एसआरएच के पहले मैचों में कप्तानी करेंगे ईशान



● **पैट कमिंस अभी तक अपनी पीठ के चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं और उनके शुरुआती मैचों में खेलने को लेकर संशय बना हुआ है**

**हैदराबाद, वार्ता।** पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में ईशान किशन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के शुरुआती कुछ मैचों में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करेंगे। पैट कमिंस अभी तक अपनी पीठ की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं और उनके शुरुआती मैचों में खेलने को लेकर संशय बना हुआ है। इस दौरान अभिषेक शर्मा उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगे।

एसआरएच के करीबी सूत्रों ने क्रिकबज को बताया है कि यह व्यवस्था अस्थाई है। नियमित कप्तान कमिंस पूरी तरह फिट होने के बाद कप्तानी की जिम्मेदारी फिर से संभाल लेंगे। जल्द ही इस बारे में आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कमिंस कितने मैच नहीं खेल पाएंगे, लेकिन यह माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान 23 मार्च को एसआरएच शिविर में रिपोर्ट करेंगे। उम्मीद है कि वह भारत में फेंचाइजी के साथ रिहैबिलिटेशन करेंगे। कल की रिपोर्ट में बताया गया था, वह इस सीजन के पहले तीन मैच नहीं खेल पाएंगे।

एसआरएच अपने अभियान की शुरुआत 28 मार्च को बेंगलुरु के एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ करेगा। उनका दूसरा मैच दो अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ, उसके बाद वे पांच अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना करने के लिए अपने घरेलू मैदान पर लौटेंगे। 32 साल के कमिंस दिसम्बर से ही मैदान से बाहर हैं। दिसम्बर में उन्होंने एडिलेड में केवल एक एशेज टेस्ट मैच खेला था। उस मैच से पहले और बाद में भी पीठ की पुरानी चोट की वजह से वह टीम से बाहर रहे। उन्होंने हाल ही में हुए टी-20 विश्व कप में भी हिस्सा नहीं लिया था। लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के सूत्रों ने बताया है कि उन्हें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से अपने आईपीएल अनुबंध को पूरा करने की मंजूरी मिल गई है। हालांकि, मैच खेलने के लिए मैदान पर लौटने से पहले उन्हें कुछ और समय लगने की उम्मीद है। कमिंस ने एचआरएच के लिए 30 मैचों में कप्तानी की है।

इनमें से उन्होंने 15 मैच जीते हैं, 14 हारे हैं, और एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला। 2024 में उन्होंने टीम को फाइनल तक पहुंचाया था, जहां उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। पिछले सीजन में एसआरएच छठे स्थान पर रहा था। टीम ने छह मैच जीते थे और सात में उसे हार मिली थी। ईशान किशन ने अपनी कप्तानी में झारखंड को पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया है। कप्तानी के साथ-साथ ईशान ने बल्ले से भी बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने उस टूर्नामेंट में 197-33 की स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा 517 रन बनाए थे। उन्होंने हाल ही में सम्पन्न हुए टी-20 विश्वकप में भी शानदार प्रदर्शन किया है।

# बीसीबी के भविष्य पर आईसीसी के साथ चर्चा करेंगे बांग्लादेश के खेल मंत्री



● **बीसीबी एक दूसरी समिति बनाने की योजना भी बना रहे हैं, जो यह जांच करेगी कि इस साल भारत और श्रीलंका में हुए पुरुषों की टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश क्यों हिस्सा नहीं ले पाया**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के खेल मंत्री अमीनुल हक, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के भविष्य पर अंतिम फैसला लेने से पहले आईसीसी से सलाह करेंगे। साथ ही वह एक दूसरी समिति बनाने की योजना भी बना रहे हैं, जो यह जांच करेगी कि इस साल भारत और श्रीलंका में हुए पुरुषों के टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश क्यों हिस्सा नहीं ले पाया।

11 मार्च को खेल मंत्रालय ने पिछले साल हुए बीसीबी चुनावों में कथित अनियमितताओं, हेरफेर और सत्ता के दुरुपयोग के आरोपों की जांच के लिए एक जांच समिति बनाई थी। बीसीबी ने सोमवार को इसका जवाब देते हुए कहा कि इस समिति का गठन, बांग्लादेश सरकार की ओर से बोर्ड के मामलों में दखल के बराबर है। बांग्लादेश के पूर्व फुटबॉल कप्तान हक ने कहा कि पांच सदस्ईय समिति जब अपनी रिपोर्ट 15 कार्य दिवसों के भीतर सौंप देगी, तब वह इस मामले पर आईसीसी से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि पिछले साल बीसीबी चुनावों में हमारी पिछली सरकार का सीधा हस्तक्षेप था।

मैंने कई बार इस बारे में बात की है। ढाका के क्लबों और जिलों से मिले आरोपों के बाद हमने जांच समिति बनाई है। मैं उनकी रिपोर्ट पढ़ूंगा, लेकिन अगला कदम आईसीसी से बात करने के बाद ही उठाऊंगा। चुनाव के समय तमीम इकबाल और ढाका के कई क्लब अधिकारियों ने चुनाव में हेरफेर के आरोप लगाए थे। चुनाव से पहले ही बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम पर भी हस्तक्षेप के आरोप लगे थे। चुनाव से कुछ सप्ताह पहले भेजे गए एक हस्ताक्षरित पत्र में अमीनुल ने खेल मंत्रालय से कुछ जलिों के काउंसिलरों को बदलने का अनुरोध किया था। तमीम ने यह भी आरोप लगाया था कि बीसीबी ने नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख दो बार बढ़ाई थी। तमीम ने 1 अक्तूबर को अपना नाम वापस ले लिया, जबकि अमीनुल ने 5 अक्तूबर को इन आरोपों से इनकार किया, जो कि मतदान से एक दिन पहले था। हक ने कहा कि जांचकर्ता यह भी देखेंगे कि चुनाव से पहले जिला प्रशासकों ने अपने नामांकन कैसे बदले। उन्होंने कहा कि जांच समिति बीसीबी के चुनाव आयुक्तों, मौजूदा बोर्ड अध्यक्ष, बीसीबी निदेशकों और सीईओ से बात करेगी। यह उन जिला प्रशासकों से भी संपर्क करेगी जिन्होंने बीसीबी काउंसिलरों का नामांकन किया था। आरोप है कि कई जिला प्रशासकों ने एक काउंसिलर का नाम भेजने के बाद, एक पत्र मिलने पर नया नाम भेज दिया था। मेरा मानना है कि इन मामलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। टी-20 विश्व कप के मामले में बीसीबी ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत जाने से इनकार कर दिया था, तब आईसीसी ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को विश्व कप के लिए शामिल कर लिया था।

# न्यू साउथ वेल्स के कोच बने ब्रैड हैडिन



**सिडनी, वार्ता।** ब्रैड हैडिन को न्यू साउथ वेल्स पुरुषों की टीम का अगला मुख्य कोच बनाया गया है। उन्होंने अनुभवी कोच ग्रेग शिप्पर्ड की जगह ली है, जिनका कॉन्ट्रैक्ट एक साल पहले ही खत्म कर दिया गया था।

क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स ने हैडिन को शिप्पर्ड का उत्तराधिकारी घोषित करने में जरा भी देर नहीं की। यह घोषणा तब की गई जब 'ब्लूज' (न्यू साउथ वेल्स टीम) ने मंगलवार को वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक रोमांचक ड्रॉ के साथ अपना 2025-26 का सीजन खत्म किया। खबरों के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर और टेस्ट क्रिकेट के दिग्गज हैडिन ने 'क्रिकेट सेंट्रल' में मैच के दौरान ही क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स बोर्ड के सामने अपना प्रस्ताव पेश किया। शेफील्ड शील्ड सीजन के आखिरी दिन पुरुषों की टीम के सहायक कोच अली डी विटर और शॉन ब्रैडस्ट्रीट को भी बता दिया गया कि अब उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं होगी। न्यू साउथ वेल्स ने अपने आखिरी राउंड का मैच ड्रॉ कराया। मैच के आखिरी तीन गेंदों पर जब वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के नौ विकेट गिर चुके थे, तब निचले क्रम के बल्लेबाज कोरी रोर्ी. चचियोली और अल्बर्ट एस्टरहुसेन ने डटकर बल्लेबाजी की और टीम को हार से बचा लिया।

# अबरार को साइन करने पर सनराइजर्स पर बरसे गावस्कर





● **कहा : पाक क्रिकेटर पर लगाया गया पैसा परोक्ष रूप से भारतीय जवानों और आम नागरिकों की जान लेने में मदद करता है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने पुरूष हंड्रेड के आगामी सीजन के लिए सनराइजर्स लीड्स के एक फैसले नाराजगी जताई है।

सनराइजर्स ने पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद को अपनी टीम के साथ जोड़ा है, जिस पर गावस्कर ने कहा है कि पाकिस्तानी क्रिकेटर पर लगाया गया पैसा परोक्ष रूप से भारतीय जवानों और आम नागरिकों की जान लेने में मदद करता है। हेडिंग्ली की इस फ्रेंचाइजी का मालिकाना हक सन ग्रुप के पास है, जो आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम भी चलाता है। इस टीम को पहले नॉर्दन सुपरचार्जर्स के नाम से जाना जाता था। पिछले हफ्ते हुई नीलामी में अबरार अहमद को लगभग 2 करोड़ 34 लाख रूपए की भारी-भरकम रकम देकर साइन किया गया था। इस साइनिंग के साथ ही उन अटकलों पर भी विराम लग गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे कड़वे राजनीतिक रिश्तों की वजह से आईपीएल मालिकों की टीमें पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर अघोषित बैन लगा सकती हैं। हालांकि, इस फै़सले के खिलाफ सोशल मीडिया पर काफी विरोध देखने को मिला।

यह ऐसे समय में हुआ जब दोनों देशों के बीच संबंध लगातार बिगड़ रहे हैं, जिसमें मई 2025 में हुआ चार दिन का सैन्य संघर्ष भी शामिल है। पाकिस्तान के खिलाड़ियों को 2009 से आईपीएल से अनौपचारिक रूप से बाहर रखा गया है, और दोनों देशों के बीच 2012-13 के बाद से कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली गई है। टी-20 विश्व कप में उनकी हालिया भिड़ंत का पीसीबी द्वारा लगभग बहिष्कार किया गया था, हालांकि अंततः यह मैच श्रीलंका में न्यूट्रल वेन्यू पर खेला गया। दोनों कप्तानों ने टॉस के समय हाथ मिलाने की परंपरा को भी जारी नहीं रखा।

गावस्कर की यह टिप्पणी अखबार मिड डे में लिखे कॉलम में आई। 76 साल की उम्र में भी वह भारतीय क्रिकेट के सबसे प्रभावशाली चेहरों में से एक हैं, और उनका यह बयान इस बात का संकेत है कि यह मुद्दा इस साल के हंड्रेड टूर्नामेंट पर कितना असर डाल सकता है, जो जुलाई में शुरू होने वाला है। उन्होंने लिखा कि एक भारतीय मालिक द्वारा द हंड्रेड में पाकिस्तानी खिलाड़ी को खरी. दने पर जो विवाद हुआ है, वह हैरान करने वाला नहीं है। नवम्बर 2008 में मुंबई हमलों के बाद से भारतीय फ्रेंचाइजी मालिकों ने आईपीएल के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को पूरी तरह नजर. अंदाज किया है। हालांकि देर से सही, अब यह समझ बन रही है कि एक पाकिस्तानी खिलाड़ी को दी गई फीस, जो बाद में अपने देश को टैक्स के रूप में जाती है और जिससे हथियार खरीदे जाते हैं, वह अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय सैनिकों और नागरिकों की मौत में योगदान देती है। इसी कारण भारतीय संस्थाएं अब पाकिस्तानी कलाकारों और खिलाड़ियों को शामिल करने से भी बच रही हैं। सन ग्रुप एक मीडिया संगठन है जिसकी स्थापना कलानिधि मारन ने की थी।

उनकी बेटी काव्या ऑक्शन में मौजूद थीं। टीम के हेड कोच डैनियल विटोरी ने बाद में कहा कि उन्हें कुछ खास खिलाड़ियों के लिए बोली लगाने से रोकने का कोई निर्देश नहीं दिया गया था, लेकिन गावस्कर का मानना है कि मालिकों की ओर से और स्पष्ट निर्देश होने चाहिए थे। उन्होंने लिखा कि चाहे भुगतान किसी भारतीय संस्था द्वारा किया जा रहा हो या उसकी विदेशी शाखा द्वारा, अगर मालिक भारतीय है तो वह भारतीय हताहतों में योगदान दे रहा है। यह इतना ही सीधा है। अभी भी समय है।

### श्याम लाल कॉलेज ने सेंट स्टीफंस को 13-1 से रौंदा

**नई दिल्ली, वार्ता।** पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट के दूसरे दिन पुरुष वर्ग में श्याम लाल कॉलेज ने सेंट स्टीफंस कॉलेज को एकतरफा मुकाबले में 13-1 से करारी शिकस्त दी। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के मैदान पर श्याम लाल कॉलेज के अतुल चौधरी ने 5, प्रत्युष सिंह जग्गी ने 3, मनमोहन, अभिषेक, हर्ष, पंकज और आकाश ने एक-एक गोल किया। पराजित टीम के लिए एकमात्र गोल विशाल ने किया। श्याम लाल कॉलेज के अतुल चौधरी को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। सेंट स्टीफंस कॉलेज की यह लगातार दूसरी बड़ी हार है। हंसराज कॉलेज और इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान के बीच मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा। हंसराज कॉलेज के गुरशीष को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 19 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ताक पर मानवता

युद्ध के मौजूदा दौर में मानवीय मूल्यों को ताक पर रखा जा रहा है। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक एडिक्शन ट्रीटमेंट हॉस्पिटल पर पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक में 400 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों घायल हैं। हाल में यह इस तरह की अकेली घटना नहीं है। इस मामले में पाकिस्तान की दलील है कि उसने सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया था। हालांकि यह उसकी अपनी करतूतों पर पर्दा डालने की एक नाकाम कोशिश है। भारत ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे सैन्य कार्रवाई के नाम पर किया गया नरसंहार बताया है। पिछले साल भी जब पाकिस्तान- अफगानिस्तान में टकराव हुआ था, तो पाकिस्तानी सेना ने अफगानी क्रिकेटर्स को निशाना बनाया था। यूक्रेन युद्ध से लेकर ईरान तक, जैसे-जैसे संघर्ष का दायरा बढ़ रहा है, मानवता को आघात पहुंच रहा है। पिछले शुक्रवार को दक्षिण लेबनान में एक मेडिकल सेंटर पर इस्राइल ने हमला किया था, जिसमें 12 स्वास्थ्यकर्मियों की जान चली गई। लेबनान का दावा है कि मौजूदा संघर्ष शुरू होने के बाद से चिकित्सा सुविधाओं पर कम से कम 37 हमले हुए हैं और 31 हेल्थकेयर स्टाफ की मौतें हुई हैं। इसी तरह, ईरान पर हमले के पहले ही दिन अमेरिका-इस्राइल की मिसाइल एक स्कूल पर जा गिरी थी, जिसमें लगभग 170 लोगों की मौत हो गई और इसमें ज्यादातर बच्चे थे। अंतर्राष्ट्रीय कानून, खासकर जिनेवा कन्वेंशन कहता है कि जीवन के लिए जरूरी बुनियादी ढांचों पर हमला नहीं किया जा सकता। मेडिकल स्टाफ को हर हाल में सुरक्षित रखा जाना चाहिए। ऐसे हमले कानूनी ही नहीं, नैतिक रूप से भी गलत हैं। लेकिन, आंकड़े कहते हैं कि आज किसी को न नैतिकता की पड़ी है और न नियमों की। ॅभ्व के मुताबिक, केवल यूक्रेन में ही 2022 के बाद से अभी तक हेल्थ केयर फैसिलिटीज पर 2881 हमले हो चुके हैं। और हॉस्पिटल ही नहीं, पश्चिम एशिया संकट में तो पानी और तेल के ठिकाने भी निशाना बन रहे हैं। इस तरह की घटनाएं बार-बार इसलिए हो रही हैं, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की अब कोई वास्तविक ताकत नहीं बची। वर्ल्ड ऑर्डर में केवल एक चीज मायने रख रही है - कौन किस पर किस तरह से हावी हो सकता है। जरूरत निंदा और आलोचना से आगे ठोस कार्रवाई की है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को मिलकर यह तय करना होगा कि ऐसे हमलों की निष्पक्ष जांच की जाए और जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय हो।

## सियासी विवाद में किसानों को नुकसान



किसानों ने एमएसपी के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है और खुद मोदी सरकार ने किसानों से यह वादा किया था, इसलिए उन्हें एमएसपी गारंटी दी जानी चाहिए, किसानों ने एमएसपी मांग को लेकर दिल्ली की सीमा पर डेढ़ साल तक अभूतपूर्व आंदोलन किया था, जिसमें वह खुद भी शामिल हुए थे, लेकिन सरकार ने डेढ़ साल तक किसानों की समस्या को नहीं सुना था, इस आंदोलन में शामिल होकर मैंने देखा था कि किसान धूप, वर्षा, जाड़े में बैठकर अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करते रहे, इस आंदोलन में 750 किसान शहीद हुए थे और तब प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि तथा किसानों से संबंधित तीनों कानून वापस लेने की घोषणा की थी, पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार तथा केंद्र की भाजपा सरकार के बीच विवाद हो सकता है और राजनी. ति हो रही है, विवाद के कारण पंजाब के किसानों को नुकसान हो रहा है।

**-अमरिंदर सिंह, लोकसभा सांसद, कांग्रेस**

# नवरात्र : आंतरिक ऊर्जा व आध्यात्मिक उत्थान का पर्व



नवरात्रि महापर्व का भारतीय समाज में विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चौत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरुआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 19 मार्च से हो रही है, जिसका समापन 27 मार्च को होगा। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया। मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजडिघ्त मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजडिघ्त स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं। दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपा. सना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

**( योगेश कुमार गोयल )**

## 72 वर्ष बाद अमावस्या और प्रतिपदा एक ही दिन डोली पर सवार होकर नवरात्र में आएगी माता

इस बार 72 वर्ष बाद अमावस्या और प्रतिपदा नवरात्र में एक ही दिन पघ्रहे हैं और आता डोली पर सवार होकर आ रही हैंजो प्रकृति, धर्म ,आस्था और दान का समन्वय बनाएंगे। इस वर्ष 19 मार्च को सुबह 6:52 से 7:45 तक कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त है। नैमिषारण्य के चक्र तीर्थ के प्रधान पुजारी राजेंद्र प्रसाद पांडे ने बताया कि वर्ष 1954 में अमावस्या और प्रतिपदा एक ही दिन पड़ा था। इस बार भी पहला नवरात्रा पड़ रहा है। इसके बाद देश में आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता आ गई थी। उन्होंने बताया कि इस विक्रम संवत 2083 में सब शुभ होगा।मां की कृपा से आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। इस बार हिदू नव वर्ष गुरुवार को पघ्रहा है। इसलिए इस साल के राजा देव गुरु बृहस्पति यानी गुरु है। गुरु ज्ञान के दाता है और ज्ञान होने पर सब कुछ जीवन में आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि ग्रहों के सहयोग से डोली में सवार होकर मां आएंगे और भक्तों की मनोवृत्ति को अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि मां डोली पर सवार होकर जब भी नवरात्रि में आती है ,तो एक मां अपने बच्चों के साथ वात्सल्य भाव रखती है। इस तरह पूरा विश्व भी वात्सल्य भाव में रहता है। मां का वात्सल्य हमेशा बड़ा होता है। इससे विकास की गति को एक नई ऊंचाई और ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि सुबह 11:36 से अपरा]न 12:24 तक अभिजीत मुहूर्त रहेगा । इस वर्ष खरमास के दौरान नवरात्र पड़ रही है- लेकिन देवी पूजा के लिए यह समय दोष मुक्ति माना गया है। पहले खरमास 13 मार्च से लगा है, जो 14 अप्रैल तक चलेगा। भारत वर्ष इस बार विशेष तरक्की करेगा- ऐसी हम सभी की कामना एवं ईश्वर से मन से प्रार्थना है।

# गैस का संकट नहीं, तो ये लाइनें क्यों लगी हैं?



निर्मल रानी

अमेरिका, इस्राईल व ईरान के बीच छिड़े युद्ध के बीच पूरा विश्व कच्चे तेल व गैस की आपूर्ति को लेकर चिंतित है। युद्ध छिड़ते ही भारत में भी इसका प्रभाव साफ नजर आने लगा। अमेरिका, इस्राईल व ईरान युद्ध के कारण ईरान के नियंत्रण वाले स्ट्रेट ऑफ हारमूज में शिपिंग रुक गई है। गौरतलब है कि भारत मध्य पूर्व से अपनी 60 से लेकर 90 प्रतिशत तक एल पी जी गैस व कच्चे तेल का आयात इसी मार्ग से करता है। स्ट्रेट ऑफ हारमूज जल मार्ग बाधित होने के कारण ही सरकार ने घरेलू गैस उपयोगको प्राथमिकता देते हुए कामर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति लगभग बंद कर दी है। साथ ही घरेलू सिलेंडर के दाम में 60 रूपए जबकि कमर्शियल में 115 रूपये तक की बढ़ोतरी की भी की गई है। इस दौरान रसोई गैस के लिए जगह जगह लोगों की कतारें देखने को मिलीं। कहीं कहीं से तो ब्लैक मार्केटिंग की खबरें भी सुनाई दीं। लोगों में गैस की किल्लत की शंका से दहशत फैल गई। इससे विशेषकर व्यवसायिक क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ क्योंकि लगभग 90: होटल-रेस्तरां कमर्शियल एल पी जी सिलेंडर पर निर्भर हैं। राष्ट्रीय रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने इसे एक ऐसा संकट बताया जो 5।7 ट्रिलियन रूपए टर्नओवर और 80 लाख नौकरियों वाले वर्ग को



खतरे में डाल रहा है। देश के अनेक होटल्स व रेस्तरां में मेन्यू में कटौती करते हुए रोटी, डोसा, पूरी, फ्राई सामग्री, चाय-कॉफी , हॉट ड्रिंक्स आदि हटा दिए गए। इसके बजाए केवल राइस-दाल, सैंडविच या कोल्ड ड्रिंक्स आदि ही परोसे जा रहे हैं। उदाहरण स्वरूप बेंगलुरु व चेन्नई सहित तमिलनाडु में हजारों छोटे रेस्त्रां पूरी तरह या कहीं कहीं आंशिक रूप से बंद हो गए । बेंगलुरु होटल एसोसिएशन के अनुसार इस संकट से औसतन 25-30 प्रतिशत का राजस्व घाटा हुआ है। सबसे ज्यादा मार भोपाल में पड़ी जहां 40 प्रतिशत व्यापार प्रभावित हुए। कई लोगों ने तो अपनी दुकानें भी बंद कर दीं। कुछ होटल व रेस्त्रां इंडक्शन या इलेक्ट्रिक ओवन का प्रयोग करने लगे हैं। अचानक इंडक्शन की बढ़ती मांग के चलते कई जगहों से तो इंडक्शन व स्टोव के भी आउट ऑफ स्टॉक होने की खबरें आई हैं। इस संकट का सामना करने के लिए सरकार द्वारा रिफाइनरी उत्पादन 25प्रतिशत तक बढ़ने का समाचार है। जबकि कुछ राज्यों में केरोसिन व कोयला आपूर्ति करने की अस्थाई अनुमति भी दी गई है। यदि आगे भी यही स्थिति बानी रही तो रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर बंदी और बेरोजगारी का खतरा है। संकट की इस घड़ी में देश के अनेक नेता संसद से सड़कों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2018 में विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में दिए गए उस दिव्य ज्ञान को याद कर रहे हैं जिसमें उन्होंने एक ऐसे चायवाले की कहानी सुनाई थी जो नाले से निकलने वाली गैस से चाय बनाता था। इस कार्यक्रम में उन्होंने बायो ईंधन की संभावनाओं पर बात करते हुए एक चाय वाले की कहानी का जिक्र किया था जो गंदे नाले से निकलने वाली गैस का इस्तेमाल करके चाय बनाता था। उन्होंने बताया था कि एक छोटे शहर में नाले के पास चाय का ठेला लगाने वाला कोई व्यक्ति था। उस नाले से दुर्गंध और गैस निकलती थी, तो उसने सोचा कि इस गैस का इस्तेमाल क्यों न करें। उसने एक बर्तन को उल्टा करके उसमें छेद किया, पाइप डाला, और नाले की गैस को पाइप के जरिए अपने चूल्हे तक पहुंचाया। फिर उसी गैस से चाय बनाने लगा। मोदी जी ने इसे सिंपल सी टेक्नोलॉजी कहा और बायो ईंधन की क्षमता का उदाहरण दिया। बस मोदी के इसी बयान को देश के विपक्षी नेताओं व युवाओं द्वारा न केवल याद किया जा रहा है बल्कि देश में सैकड़ों जगहों से इसी फार्मुले से चाय बनाने की नाकाम कोशिश करते हुए अनेक लोगों की वीडियो भी वायरल हो रही हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने तो सुल्तानपुर में बाकायदा नाली में पाइप डालकर गैस चूल्हा जलाने का प्रयास भी किया, लेकिन चूल्हा नहीं जला। उन्होंने कहा, मोदी जी कहते हैं नाली की गैस से चाय बनाओ, लेकिन यह संकट मोदी सरकार ही लाई है। कुछ लोगों ने व्यंग्य किया कि प्रधानमंत्री के श्ज्ञान श से प्रभावित व प्रेरित तमाम ष्लोग नाले की गैस से चाय बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सोशल मीडिया मीम्स और रील्स में अनपढ़ राजा कहकर मोदी का मजाक उड़ाया गया, जहां नाली की गैस से चाय बनने का असफल प्रयास प्रदर्शित किया गया। मोदी के इसी दिव्य ज्ञान के पुराने वीडियो शेयर व रीशेयर करते हुए उन पर व्यंग्य कसे गए। विपक्ष ने तो इस संकट को सरकार की असफल विदेश नीति और तैयारी की नाकामी बताया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिका-ईरान युद्ध का भारत पर प्रभाव





विनीत नारायण

दुनिया एक नए युद्ध की चपेट में है जो न केवल मध्य पूर्व को हिला रहा है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और कूटनीति को भी प्रभावित कर रहा है। 28 फरवरी 2026 को शुरू हुए अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हवाई हमलों ने इस संघर्ष को एक पूर्ण युद्ध का रूप दे दिया है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम, बैलिस्टिक मिसाइलों और नौसेना को नष्ट करने का ऐलान किया है, जबकि ईरान ने जवाबी कार्रवाई में अमेरिकी ठिकानों और इजराइल पर मिसाइलें दागी हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने से तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई हैं, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा झटका है।

सवाल उठता है कि क्या यह युद्ध केवल अमेरिका की अहंकारपूर्ण कूटनीति का परिणाम है, जहां वह वैश्विक प्रभुत्व स्थापित करना चाहता है और तेल तथा खनिज बाजार पर कब्जा जमाना चाहता है? या यह एक आवश्यक रक्षात्मक कदम है जो ईरान के परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रोकने के लिए उठाया गया है? एक स्वतंत्र .ष्टिकोण से देखें तो यह युद्ध अमेरिकी कूटनीति की विफलता का प्रतीक है, जहां वार्ता के बजाय सैन्य शक्ति पर जोर दिया गया। ट्रंप प्रशासन ने ईरान पर अधिकतम दबाव की नीति अपनाई, लेकिन इससे ईरान और अधिक आक्रामक हो गया। रक्षा विशेषज्ञ जो कोस्टा का कहना है कि यह युद्ध अमेरिकी सैन्य तैयारियों को कमजोर कर रहा है, खासकर चीन के खिलाफ।आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार, यह तेल बाजार पर कब्जे की लड़ाई है, लेकिन इससे अमेरिका की वैश्विक स्थिति कमजोर हो सकती है।

भारत, जो अपनी 90 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल की जरूरत आयात से पूरी करता है, इस युद्ध से सबसे अधिक प्रभावित देशों में से एक है। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से तेल की आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे भारत का आयात बिल बढ़ गया है। टीएस लोम्बार्ड की अर्थशास्त्री शुमिता देवेश्वर कहती हैं कि लंबे समय तक चलने वाला युद्ध भारत की रसद लागत और प्रेषण को प्रभावित करेगा। ऐसे में भारत का व्यापार घाटा बढ़ सकता है, और मुद्रास्फीति बढ़ने से आम आदमी पर बोझ पड़ेगा। पेट्रोल और डीजल की कीमतें पहले ही बढ़ी हुई हैं, जिससे परिवहन और कृषि क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं। रणनीतिक रूप से यह युद्ध भारत की विदेश नीति को जटिल बना रहा है। भारत ने ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह परियोजना में निवेश किया है, जो अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच प्रदान करता है, लेकिन युद्ध से यह परियोजना खतरे में आ गई है। वहीं, भारत-अरब-इजराइल-यूरोप गलियारा (आईएमईसी) अब अधिक महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि ईरान की अस्थिरता से चाबहार का विकल्प सीमित हो गया है। रैंड के अर्थशास्त्री रफीक दोसानी कहते हैं कि अगर अमेरिका और इजराइल जीतते हैं, तो आईएमईसी इजराइल की प्राथमिकता बनेगा। इसके अलावा, मध्य पूर्व में रहने वाले लाखों प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। प्रेषण, जो भारत की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है, प्रभावित हो सकता है। हाल ही में 'द हिंदू' के एक संपादकीय में कहा गया है कि यह युद्ध भारत पर अपेक्षा से अधिक प्रभाव डालेगा और पड़ोसी क्षेत्र को और जटिल बनाएगा। भारत को अमेरिका के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखते हुए ईरान के साथ संतुलन बनाना होगा, जो एक कूटनीतिक चुनौती है।

यह युद्ध अमेरिका की वैश्विक स्थिति को दोधारी तलवार की तरह प्रभावित कर रहा है। एक ओर, अमे. रिका ने ईरान की नौसेना और मिसाइल क्षमताओं को काफी नुकसान पहुंचाया है, जो उसके सैन्य प्रभुत्व को दर्शाता है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि हमलों ने ईरान की नौसेना को 'लड़ाई अक्षम' बना दिया है। लेकिन लंबे समय में, यह युद्ध अमेरिकी संसाधनों को खींच सकता है। चौथम हाउस के विशेषज्ञों के अनुसार, लंबा युद्ध वैश्विक जीडीपी पर सीमित प्रभाव डालेगा, लेकिन उभरती अर्थव्यवस्थाओं को ऊर्जा कीमतों से नुकसान होगा। वैश्विक स्तर पर, यह युद्ध अमेरिका की कूटनीति की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। यूरोप और एशिया में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, जैसे एथेंस में हजारों लोगों का अमेरिकी दूतावास की ओर मार्च। चीन और रूस ईरान का समर्थन कर रहे हैं, जो बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को मजबूत कर रहा है। अटलांटिक काउंसिल के विशेषज्ञों का कहना है कि चीन इस संघर्ष से फायदा उठा रहा है, क्योंकि ईरान उसका रणनीतिक साझेदार है। आर्थिक रूप से, अमेरिका ऊर्जा निर्यातक होने से कम प्रभावित है, लेकिन वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान से मंदी का खतरा है। जेपी मॉर्गन के अर्थशास्त्री जोसेफ लुप्टन कहते हैं कि यह संघर्ष व्यापार युद्ध पर और दबाव डालेगा। अगर युद्ध क्षेत्रीय हो गया, तो तेल कीमतें 120 डॉलर तक पहुंच सकती हैं, जिससे अमेरिकी विकास दर नकारात्मक हो सकती है। दुनिया भर के अधिकतर जानकारों का यह मत है कि यह युद्ध मुख्य रूप से अमे. रिकी कूटनीति की विफलता है। ट्रंप ने ईरान को परमाणु समझौते से बाहर निकालकर दबाव बढ़ाया, लेकिन इससे ईरान की आक्रामकता बढ़ी। तेल और खनिज बाजार पर कब्जे की महत्वाकांक्षा साफ दिखती है, क्योंकि होर्मुज का नियंत्रण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को नियंत्रित करता है, लेकिन यह अहंकारपूर्ण दृष्टिकोण है, क्योंकि हवाई हमले सरकार नहीं गिरा सकते। रक्षा विशेषज्ञ रॉब जॉनसन कहते हैं कि अमेरिका ईरान की वायु रक्षा को नष्ट कर सकता है, लेकिन लंबी अवधि में वैश्विक ऊर्जा स्थिरता प्रभावित होगी। कूटनीतिक विशेषज्ञ जेफरी फेल्टमैन और माइकल ओश्हैनलॉन का मानना है कि इस युद्ध के प्रभाव ईरान, मध्य पूर्व और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पर पड़ेंगे। ईरान के नए सर्वोच्च नेता मुश्ताक हामी ने होर्मुज को बंद रखने की धमकी दी है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को हिला सकती है। यह युद्ध न केवल ईरान की संप्रभुता का मुद्दा है, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन का भी। भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करनी चाहिए, जैसे वैकल्पिक स्रोतों पर ध्यान देना। अमेरिका को वार्ता की ओर लौटना चाहिए, वरना यह संघर्ष विश्व युद्ध का रूप ले सकता है। स्वतंत्र रूप से देखा जय तो, यह युद्ध अनावश्यक है और इससे सभी पक्ष हारेंगे। वैश्विक नेताओं को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए ताकि शांति बहाल हो सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



प्रयागराज। एलपीजी खाना पकाने के गैस सिलेंडर को फिर से भरकर ले जाता व्यक्ति।

## इजरायल ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर किया हमला: IDF

**यरूशलम।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला किया। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि दक्षिणी लेबनान के टायर क्षेत्र में नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के बाद और इजरायल पर रॉकेट हमले के जवाब में आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों पर हमला शुरू किया।

# कांग्रेस के सामने पेश होंगे शीर्ष अमेरिकी अधिकारी

### ईरान युद्ध-घरेलू आतंकी खतरों पर हो सकते हैं कड़े सवाल, अमेरिका के भीतर बढ़ते आतंकी खतरों पर अपनी गवाही देंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष सुरक्षा और खुफिया अधिक.री बुधवार से संसद (कांग्रेस) की समितियों के सामने पेश होने जा रहे हैं। ट्रम्प प्रशासन के ये अधिक.री ईरान के साथ चल रहे युद्ध और अमेरिका के भीतर बढ़ते आतंकी खतरों पर अपनी गवाही देंगे। इस सुनवाई के दौरान अधिकारियों को कई संवेदनशील मुद्दों पर कड़े सवालों का सामना करना पड़ सकता है।

हाउस और सीनेट की खुफिया समितियों के सामने होने वाली यह गवाही मुख्य रूप से युद्ध पर केंद्रित रहने की उम्मीद है। इस सुनवाई का सबसे बड़ा मुद्दा ईरान के एक स्कूल पर हुआ मिसाइल हमला हो सकता है। इस हमले में 165 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी। शुरुआती रिपोर्टों से पता चला है कि डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी (डीआईए) की पुरानी और गलत जानकारी की वजह से यह

■ इस सुनवाई का सबसे बड़ा मुद्दा ईरान के एक स्कूल पर हुआ मिसाइल हमला हो सकता है



मिसाइल स्कूल पर जा गिरी। डीआईए के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल जेम्स एच. एडम्स से इस बड़ी चूक पर जवाब मांगा जा सरता है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि इस घटना की जांच अभी जारी है। ईरान युद्ध को लेकर अमेरिकी प्रशासन के अंदर भी खींचतान मची है। नेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर के डायरेक्टर जो केंट ने हाल ही में अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने साफ कहा कि वे इस युद्ध का समर्थन नहीं कर सकते। केंट के अनुसार, ईरान से अमेरिका को कोई ऐसा खतरा नहीं है जिसके लिए युद्ध किया जाए। नेशनल इंटेलिजेंस की डायरेक्टर तुलसी गबार्ड और सीआईए के निदेशक जान रैटक्लिफ से ईरान के बारे में हाल ही में मिले खुफिया आकलन (इंटेलिजेंस असेसमेंट) को लेकर भी सवाल पूछे जा सकते हैं। इनमें से एक आकलन में यह कहा गया था कि अमेरिकी हमलों से तेहरान में सत्ता परिवर्तन होने की संभावना कम ही है, जबकि दूसरे आकलन में इस दावे पर ही संदेह जताया गया था कि ईरान पहले हमला करने की तैयारी कर रहा था। संसद में अमेरिका के घरेलू हालातों पर भी चर्चा होगी। हाल के दिनों में मिशिगन के एक यहूदी प्रार्थना स्थल और वर्जीनिया की एक यूनिवर्सिटी में हमले हुए हैं। इसके अलावा, टेक्सास के एक बार में गोलीबारी हुई जहां हमलावर के कपड़ों पर ईरानी झंडा बना था। न्यूयॉर्क में मेयर के घर के बाहर विस्फोटक लाने के आरोप में दो लोगों को पकड़ा गया है। इन घटनाओं ने देश की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एफबीआई के मुखिया काश पटेल की कार्यशैली भी जांच के घेरे में है। उन्होंने पिछले एक साल में कई अनुभवी एजेंटों को नौकरी से निकाल दिया है।

## दक्षिण कोरिया को प्राथमिकता से कच्चा तेल देने पर यूएई सहमत: कांग हून-सिक

**सोल।** द. कोरिया ने होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी से उत्पन्न संकट के बीच संयुक्त अरब अमीरात के साथ 1.8 करोड़ बैरल तेल की प्राथमिक आपूर्ति पर सहमति व्यक्त की है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के प्रमुख सचिव और साम.रिक आर्थिक सहयोग के विशेष दूत कांग हून-सिक ने बुधवार को यह जानकारी दी। कांग ने यूएई यात्रा के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि दक्षिण कोरियाई प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम एशिया संकट के बीच व्यावहारिक सहयोग के उपायों के साथ-साथ दीर्घकालिक साझेदारों एवं सहयोगियों के बीच विश्वास को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान दूत ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग का एक व्यक्तिगत पत्र यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को सौंपा।

# ईरान ने अमेरिका-इजरायल को आगाह किया

### नेताओं की हत्या से ईरान की राजनीतिक व्यवस्था कमजोर नहीं होगी: अराघची



■ ईरान संघर्ष विराम के पक्ष में नहीं है, बल्कि शत्रुता के स्थाई अंत की मांग करता है
■ हम संघर्ष विराम नहीं चाहते क्योंकि हम नहीं चाहते कि कुछ समय बाद यही स्थिति फिर उत्पन्न हो: अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका और इजरायल इस बात को समझने में नाकाम रहे हैं कि इस्लामी गणराज्य ईरान की राजनीतिक व्यवस्था एक सुदृढ़ ढांचे पर आधारित है, जिसमें स्थापित राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संस्थान मौजूद हैं और किसी एक नेता की हत्या से इस व्यवस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के शक्तिशाली सचिव अली लारिजानी की इजरायल द्वारा की गई हत्या से ईरान के नेतृत्व को कोई निर्णायक क्षति नहीं पहुंचेगी। अराघची ने कहा कि व्यक्तियों की क्षति के बावजूद ईरान की शासन व्यवस्था लचीली और मजबूत बनी हुई है, जिसे उन्होंने 'बहुत सुदृढ़' प्रणाली बताया। उन्होंने अल जजीरा को दिए साक्षात्कार में कहा कि किसी एक व्यक्ति की मौजूदगी या अनुपस्थिति से इस ढांचे पर कोई असर नहीं पड़ता। निश्चित रूप से व्यक्तियों का प्रभाव होता है। लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि ईरान की राजनीतिक व्यवस्था एक बहुत मजबूत संरचना है। यह साक्षात्कार उस समय प्रसारित हुआ जब ईरान ने बुधवार को पहले लारिजानी की मृत्यु की पुष्टि की। अराघची ने यह भी स्पष्ट किया कि ईरान संघर्ष विराम के पक्ष में नहीं है, बल्कि शत्रुता के स्थाई अंत की मांग करता है। उन्होंने कहा कि हम संघर्ष विराम नहीं चाहते क्योंकि हम नहीं चाहते कि कुछ समय बाद यही स्थिति फिर उत्पन्न हो। हम चाहते हैं कि युद्ध पूरी तरह और हमेशा के लिए समाप्त हो। हम युद्धविराम में नहीं, बल्कि युद्ध के अंत में विश्वास करते हैं। उन्होंने दोहराया कि यह संघर्ष तेहरान द्वारा शुरू नहीं किया गया और इसके परिणामों के लिए अमेरिका जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध हमारा युद्ध नहीं है। हमने इसे शुरू नहीं किया। अमेरिका ने इसे शुरू किया और इसके सभी मानवीय और आर्थिक परिणामों के लिए वही जिम्मेदार है, चाहे वह ईरान, क्षेत्र या पूरे विश्व के लिए हों। अराघची ने कहा कि अमेरिका और इजरायल अब तक यह स्वीकार नहीं कर पाए हैं कि ईरान की राजनीतिक व्यवस्था किसी एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं है और शीर्ष नेतृत्व के नुकसान से शासन व्यवस्था प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल हमलों के पहले दिन ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की हत्या का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके बावजूद व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रही और नेतृत्व का तुरंत प्रतिस्थापन कर दिया गया। उन्होंने कहा कि नेता से अधिक महत्वपूर्ण हमारे पास कोई नहीं था, और जब नेता भी शहीद हो गए, तब भी व्यवस्था चलती रही और तुरंत नया नेतृत्व सामने आ गया।

## ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी की मौत की पुष्टि



**तेहरान।** ईरान ने बुधवार तड़के आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि उसके शीर्ष सुरक्षा अधिकारी और सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी की मौत हो गई है। परिषद सचिवालय ने स्थानीय समयानुसार बुधवार तड़के एक बयान जारी कर लारीजानी के मारे जाने की घोषणा की। इस बयान में उन्हें ताउम्र सार्वजनिक सेवा करने वाला बताते हुए 'शहीद' कहा गया है। इससे पहले मंगलवार को इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा था कि उसके हमले में लारीजानी मारे गए हैं लेकिन तब ईरान ने इस पर कोई प्रतिक्रिया या पुष्टि नहीं की थी। ईरान परिषद के अनुसार, लारीजानी के साथ उनके बेटे और सुरक्षाकर्मियों सहित कई अन्य लोग भी मारे गए हैं। वक्तव्य में लारीजानी के लंबे राजनीतिक करियर की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक ऐसी शख्सियत बताया गया जिसने जीवन के अंतिम क्षणों तक ईरान की प्रगति और बाहरी खतरों के खिलाफ एकजुटता के लिए काम किया। इससे पहले मंगलवार को ईरान ने अपने अर्धसैनिक बल 'बसिज' के प्रमुख गुलामरेजा सुलेमानी के मारे जाने की भी पुष्टि की थी। ईरान ने इसे 'अमेरिकी-जायोनी दुश्मन द्वारा किया गया एक आतंकवादी हमला' करार दिया है। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर के अनुसार, लारीजानी और सुलेमानी दोनों का अंतिम संस्कार बुधवार को किया जाएगा।

## जेलेंस्की ने ट्रम्प, स्टारमर से मुलाकात का किया आग्रह

**लंदन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर से मुलाकात करने और आम सहमति बनाने का आग्रह किया है। जेलेंस्की ने यह आह्वान अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की बार-बार आलोचना करने के बाद की है। स्टारमर के साथ बातचीत करने के बाद बीबीसी को मंगलवार को दिए एक विशेष साक्षात्कार में यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि हालांकि वह राष्ट्रपति ट्रम्प को यह नहीं बताएंगे कि उन्हें क्या करना चाहिए लेकिन दोनों नेताओं को संबंधों को फिर से मजबूत करने के लिए मुलाकात करनी चाहिए। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों से भड़की जंग, ट्रम्प द्वारा नाटो सहयोगियों की आलोचना और स्टारमर की कथित सैन्य कार्रवाई की कमी के बाद एक राजनयिक विवाद में तब्दील हो गई है। अपने नवीनतम हमले में, ट्रम्प ने स्टारमर के लिए कहा कि वह विस्टन चर्चिल नहीं हैं और उन्होंने कहा कि हालांकि वह ब्रिटेन के प्रधानमंत्री को एक नेक इंसान मानते हैं लेकिन वह उनसे बहुत निराश हैं। स्टारमर ने दृढ़ता से जवाब देते हुए इस बात पर बल दिया कि ब्रिटेन किसी व्यापक युद्ध में नहीं उलझेगा और उन्होंने अमेरिका-ब्रिटेन के स्थाई संबंधों को दोहराया।

## यूएई ने ईरान के हमलों की कड़ी निंदा की

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि नागरिक ठिकानों पर हमले संप्रभुता का 'घोर उल्लंघन' हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं। यूएई के उपप्रधानमंत्री ने बुधवार को कहा कि बिना उकसावे के किए गए ये हमले पिछले 18 दिनों से जारी हैं, जिनमें 2,000 से अधिक मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए देशभर में महत्वपूर्ण नागरिक अवसंरचना, हवाई अड्डों, रिहायशी इलाकों और अन्य नागरिक स्थलों को निशाना बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि यूएई देशभर में नागरिकों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर की जा रही इस निरंतर वृद्धि की कड़े शब्दों में निंदा करता है। उन्होंने जोड़ा कि इन हमलों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी कड़ी आलोचना हुई है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एक प्रस्ताव पारित कर ईरान से 'तत्काल और बिना शर्त' ऐसी गतिविधियां रोकने की मांग की है। अब्दुल्ला ने कहा कि यूएई अपनी संप्रभुता, राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए



■ उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला ने कहा: ये क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

अंतर्राष्ट्रीय कानून तथा आत्मरक्षा के अधिकार के अनुरूप ष्सभी आवश्यक कदम उठाने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। उन्होंने हमलों में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति 'गहरी संवेदना और शोक' व्यक्त किया, जिनमें फलस्तीन, पाकिस्तान, बंगलादेश और नेपाल के नागरिक भी शामिल हैं, तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने संबंधित देशों की सरकारों और नागरिकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए यूएई की सभी नागरिकों, निवासियों और आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि अधिकारी 'किसी भी खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार' हैं।

## देवी पार्वती का किरदार निभाना बेहद खास रहा: श्रेनु पारिख

**मुंबई।** अभिनेत्री श्रेनु पारिख का कहना है कि सोनी सब के शो 'गणेश कार्तिकेय' में देवी पार्वती का किरदार निभाना उनके लिए बेहद खास रहा है। सोनी सब के शो 'गणेश कार्तिकेय' के आने वाले एपिसोड्स में कहानी देवी पार्वती और भगवान शिव के दिव्य मिलन की ओर बढ़ती है। सती के बलिदान के बाद पुनर्जन्म लेकर पार्वती महादेव को जागृत करने के संकल्प के साथ तपस्या शुरू करती हैं। महादेव गहरे ध्यान और शोक में लीन रहते हैं, लेकिन पार्वती वर्षों तक कठिन तप और सेवा करती हैं। इस बीच, राक्षस तारकासुर (आमिर दलवी) का अत्याचार ब्रह्मांड को संकट में डाल देता है। कामद.व (करण चौधरी) प्रेमबाण से शिव का ध्यान भंग करने का प्रयास करते हैं, जिससे शिव प्रचंड क्रोध में कामदेव को भस्म कर देते हैं लेकिन पार्वती की अटूट भक्ति धीरे-धीरे शिव के दुख को पिघलाती है और उनके नियति-निर्धारित मिलन की राह बनाती है। यह एक ऐसा क्षण है, जो ब्रह्मांडीय संत.लन को पुन: स्थापित करता है और उस पुत्र के जन्म का मार्ग प्रशस्त करता है, जो तारकासुर का अंत करेगा।

## वेनेजुएला-ईरान के बाद क्यूबा पर हमला कर सकता है अमेरिका

**हवाना।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने ओवल आफिस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह 'क्यूबा को अपने कब्जे में लेने' का इरादा रखते हैं। उन्होंने कहा कि किसी न किसी रूप में क्यूबा को लूंगा, चाहे मैं उसे आजाद करूं या अपने नियंत्रण में ले लूं। मैं उसके साथ कुछ भी कर सकता हूं। न्यूयार्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प के इस बयान को काफी चौंकाने वाला माना जा रहा है।

अमेरिका के इतिहास में कई राष्ट्रपति क्यूबा के साथ तनावपूर्ण रिश्तों में रहे हैं, लेकिन किसी ने भी इस तरह खुलेतौर पर क्यूबा पर कब्जा करने की बात नहीं कही थी। इस साल ट्रम्प पहले ही वेनेजुएला और ईरान में सैन्य कार्रवाई कर चुके हैं। ऐसे में उनके बयान को सिर्फ मजाक या अचानक कही गई बात नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे एक संभावित अगला कदम समझा जा रहा है। अमेरिका और क्यूबा के संबंध 65 साल से खराब चल रहे हैं। ट्रम्प ने इससे पहले एयर फोर्स वन में भी कहा

■ ट्रम्प बोले: क्यूबा को हासिल करके रहूंगा 65 साल से दोनों देशों में विवाद



था कि मैं क्यूबा को संभाल रहा हूं जल्द ही हम कोई डील करेंगे या जो करना होगा करेंगे। उन्होंने यह भी साफ किया कि उनकी प्राथमिकता पहले ईरान है, उसके बाद क्यूबा। असल में, अमेरिका पहले से ही क्यूबा पर दबाव बना रहा है। जनवरी से अमेरिका ने क्यूबा को हो रही तेल सप्लाई को लगभग रोक दिया है। दूसरे देशों को भी चेतावनी दी जा रही है कि वे क्यूबा को तेल न दें। हाल ही में अमे.रिकी कोस्ट गार्ड ने कोलंबिया से क्यूबा जा रहे एक तेल टैंकर को भी रोक लिया।

## अमेरिकी सेना ने ईरानी मिसाइल ठिकानों पर की बमबारी

### होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट 5000 पाउंड के गहरे पैठ बनाने वाले कई बमों का किया उपयोग

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सैन्य बलों ने ईरान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट स्थित ईरानी मिसाइल ठिकानों पर हमला किया है। अमेरिकी केन्द्रीय कमान ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी दी।

कमान ने कहा कि कुछ घंटे पहले अमे.रिकी बलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के तटवर्ती क्षेत्र में स्थित सुदृढ़ (हार्डन) ईरानी मिसाइल ठिकानों पर 5000 पाउंड के गहरे पैठ बनाने वाले कई बमों का सफलतापूर्वक उपयोग किया। कमान के अनुसार कि इन ठिकानों पर मौजूद ईरानी एंटी-शिप क्रूज मिसाइलें जलडमरूमध्य से गुजरने वाले अंतर्राष्ट्रीय जहाजों के लिए खतरा मानी जा रही थीं। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संवाददाताओं से कहा कि वाशिंगटन ईरान के खिलाफ अपने हमले समाप्त करने के लिए 'अभी तैयार नहीं' है और यह अभियान अब तीसरे सप्ताह में प्रवेश कर



■ अमेरिका को 'किसी की मदद की आवश्यकता नहीं' है: ट्रम्प

चुका है। ट्रम्प ने यह भी स्वीकार किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवाजाही के लिए संयुक्त एस्कॉर्ट मिशन का उनका प्रस्ताव अधिकांश नाटो देशों और अमेरिकी सहयोगियों ने अस्वीकार कर दिया है। उन्होंने इस पर निराशा जताते हुए कहा कि अमेरिका को 'किसी की मदद की आवश्यकता नहीं' है। उन्होंने कहा कि जापान, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया ने भी इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद-बाकर गालिबाफ ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य 'युद्ध-पूर्व स्थिति में नहीं लौटेगा कि हालांकि उन्होंने इसके बारे में अधिक विवरण नहीं दिया। जेपी मॉर्गन की एक हालिया रिपोर्ट में विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह बंद हो जाता है तो पश्चिम एशिया के तेल उत्पादक देश अधिकतम 25 दिनों तक ही उत्पादन बनाए रख सकेंगे। सऊदी अरब, इराक, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और स्वयं ईरान अपने कच्चे तेल के निर्यात के लिए इस संकरे मार्ग पर निर्भर हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पिछले सप्ताह अमेरिकी मीडिया से कहा था कि अमेरिका, इजरायल और उनके सहयोगियों के सिवाय अन्य के लिए जलडमरूमध्य अंतर्राष्ट्रीय जहाजों के लिए खुला है।

# पाकिस्तान को सस्ता तेल देने को तैयार: रूस

### रूसी राजदूत अल्बर्ट खोरेव ने कहा: वो खुद बात करे, पाक के पास सिर्फ 11 दिन का ऑयल रिजर्व

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में रूसी राजदूत अल्बर्ट खोरेव ने कहा है कि रूस पाकिस्तान को सस्ता तेल देने के लिए तैयार है। लेकिन अभी तक पाकिस्तान की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक मांग नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान खुद पहल करता है, तो रूस उसे कम कीमत पर तेल सप्लाई कर सकता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूसी कच्चे तेल की कीमत करीब 70 से 76 डालर प्रति बैरण्ल है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में यही कीमत 95 से 105 डालर प्रति बैरल के बीच है। वहीं, पाकिस्तान के पेट्रोलियम सचिव ने संसद की एक समिति को बताया कि देश के पास फिलहाल सिर्फ 11 दिन का कच्चा तेल बचा है। वहीं, पेट्रोल 321 पीकेआर (पाकिस्तानी रुपये) और डीजल 335 पीकेआर प्रति लीटर





मिल रहा है। पाकिस्तान को रोजाना लगभग 5 से 6 लाख बैरल कच्चे तेल (क्रूड आयल) की जरूरत पड़ती है। पाकिस्तान सरकार ईरान से बात कर रही है ताकि होर्मुज स्ट्रेट से तेल लाने की इजाजत मिल सके। अगर मंजूरी मिलती है, तो पाकिस्तान के चार जहाज इस रास्ते से तेल ला सकते हैं। साथ ही अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि 14 अप्रैल के बाद देश में गैस की भारी कमी हो सकती है, क्योंकि एलएनजी की सप्लाई भी प्रभावित हुई है। पाकिस्तान का करीब 70 प्रतिशत तेल मिडिल ईस्ट से आता है, लेकिन जंग के कारण शिपिंग रूट और सप्लाई चेन पर असर पड़ा है। तेल की कीमतें भी तेजी से बढ़ी हैं। डीजल की कीमत 88 डालर से बढ़कर 187 डालर और पेट्रोल 74 डालर से बढ़कर 130 डालर तक पहुंच गया है। पहले जहां तेल 4-5 दिन में पहुंच जाता था, अब रेड सी के रास्ते आने में करीब 12 दिन लग रहे हैं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि कतर से आने वाली गैस सप्लाई लगभग बंद हो गई है। मार्च में आने वाले 8 एलएनजी कार्गो में से सिर्फ 2 ही पहुंचे, जबकि अप्रैल में भी आधे से ज्यादा कार्गो नहीं पहुंच सकते। ऐसे में गैस की सप्लाई घट सकती है और सरकार घरेलू इस्तेमाल के लिए गैस बचाने पर विचार कर रही है। हालात को संभालने के लिए पाकिस्तानी सरकार ने 23 अरब पाकिस्तानी रुपये की सब्सिडी देने का फैसला किया है, जो मोटरसाइकिल और रिक्शा चलाने वाले करीब 3 करोड़ लोगों को दी जाएगी। यह पैसा सरकार की बचत से दिया जाएगा, जो खर्च कम करने की पालिसी से आया है। सरकार रोजाना तेल के स्टाक पर नजर रख रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि देश में अभी तेल की सप्लाई ठीक है और लोगों को बेवजह पेट्रोल जमा करने की जरूरत नहीं है।





